शुक्रवार
19 अप्रैल 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी पर मुकदमा दर्ज

2



# एक देश, एक भाषा को थोपना चाहती है भाजपा: राहुल गांधी

**एजेंसी/कन्नूर**



लोकसभा चुनाव को लेकर देशभर में सरगर्मी बढ़ रही है। राजनीतिक दलों के नेता एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। इस बीच राहुल गांधी ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि सत्तारूढ़ दल देश के लोगों पर एक इतिहास एक, एक देश, एक भाषा थोपना चाहता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसी से देश के लोगों को बचाना चाहती है। केरल के कन्नूर में लोगों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने सवाल पूछा कि आखिर कैसे कोई केरल और तमिलनाडु में आकर यह कह सकता है कि यहां एक भाषा लागू होने वाली है? उन्होंने कहा कि भाजपा ईडी और सीबीआई को हथियार बनाकर देश के माहौल को बदलना चाहती है।

एक देश, एक इतिहास, एक भाषा थोपना चाहती है भाजपा

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस और यूडीएफ अनेकता में एकता की बात करते हैं। हम अलग अलग भाषाओं, अलग अलग संस्कृति और हमारे लोगों के अलग अलग इतिहास को स्वीकार करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा लोगों पर एक देश, एक इतिहास, एक भाषा को थोपना चाहती है। सबसे पहले यह समझने की जरूरत है कि भारत क्या है। उन्होंने सवाल पूछा कि आखिर कैसे कोई केरल, तमिल नाडु और पश्चिम बंगाल के लोगों के बीच जाकर यह कह सकता है कि यहां एक भाषा लागू होने वाली है? राहुल ने कहा कि मलयालम इतनी आसान भाषा नहीं हैं, बल्कि इसके अंदर केरल के लोगों का इतिहास, त्रासदी और खुशियां समाहित हैं। उन्होंने पूछा कि कल केरल की कोई मां कैसे अपने बच्चों को हिंदी या अंग्रेजी में इस महान धरती का इतिहास बताएगी? राहुल गांधी ने जोर दिया कि कांग्रेस इसी से देश के लोगों की रक्षा करना चाहती है। इस दौरान राहुल गांधी ने मेज पर रखे फूल उठाकर लोगों को दिखाते हुए कहा कि हमारा देश कुछ ऐसा ही है, जिसका हर रंग अलग है। अगर मैं कहूं कि इसमें सिर्फ सफेद फूल रहने चाहिए और पत्तियां बिल्कुल नहीं रहनी चाहिए, तो कैसा लगेगा? उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस देश के साथ कुछ ऐसा ही करना चाहते हैं और इसका मतलब यह है कि वे देश को नहीं जानते।

राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में तमिलनाडु आकर कहा कि उन्हें डोसा पसंद है। उन्होंने कहा कि डोसा मुझे भी पसंद है लेकिन राज्य के बारे में भी सोचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत कभी बदल नहीं सकता और इसमें प्रधानमंत्री समय बर्बाद कर रहे हैं। राहुल ने आरोप लगाया पीएम मोदी देश का माहौल बदलकर अशांति पैदा करना चाहते हैं और लोगों को दुख देना चाहते हैं।

### आदिवासियों से जमीन छीननेवालों पर जबरदस्त एक्शन होगा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला बोला है। राहुल ने कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी जी ने पहले थाली बजवाई, फिर टॉर्च जलवाया। एक तरफ 22 लोग हैं तो दूसरी तरफ 70 करोड़ लोग। देश में जितनी संपत्ती इन 22 लोगों के पास है उतना 70 करोड़ लोगों के पास है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि पीएम मोदी कभी हवाई जहाज में उड़ते हैं तो कभी समुद्र के नीचे जाते हैं। राम मंदिर के उद्घाटन में पीएम ने राष्ट्रपति को अयोध्या आने से मना कर दिया। पीएम ने हमारे देश की आदिवासी राष्ट्रपति का अपमान किया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी अरब पतियों के लिए काम करते हैं। राहुल गांधी ने लोगों से वादा किया कि अगर कांग्रेस पार्टी जीती तो जिन आदिवासियों से जमीन छीनी गई है, उसके खिलाफ जबरदस्त एक्शन लिया जाएगा।

# पिछले 20 साल में कांग्रेस ने न तो राहुलयान को लॉन्च किया, न ही इसकी लैंडिंग कराई: राजनाथ

**एजेंसी/तिरुवनंतपुरम**



भाजपा नेता और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि राहुल के पास अमेठी से चुनाव लड़ने का साहस नहीं है। दरअसल, 2019 लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की अमेठी और केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ा था। हालांकि, अमेठी से हार का सामना करने के बाद राहुल गांधी वायनाड का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

केरल के पथानामथिट्टा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अनिल के. एंटनी के समर्थन में एक बैठक को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, मैंने ऐसा सुना है कि वायनाड की जनता ने राहुल गांधी को अपना सांसद बनाने से इनकार कर दिया है। भाजपा नेता ने आगे कहा, देश में अंतरिक्ष की विभिन्न परियोजनाएं शुरू की गई हैं, लेकिन पिछले 20 साल में कांग्रेस के युवा नेता की लॉन्चिंग नहीं हो पाई। न तो कांग्रेस ने राहुलयान को लॉन्च किया और न ही इसकी लैंडिंग कराई। इस दौरान राजनाथ सिंह ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी की तारीफ की है। उन्होंने एंटनी को अनुशासित और सिद्धांतवादी नेता बताया है। राजनाथ ने कहा कि एके एंटनी की ईमानदारी पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है।

केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि वह एके एंटनी के बयान पर काफी ज्यादा आश्चर्यचकित हुए, जिसमें उन्होंने (एंटनी) कहा था कि उनका बेटा अनिल एंटनी लोकसभा चुनाव में हारना चाहिए। राजनाथ ने कहा, मैं जानता हूं कि वह (एके एंटनी) एक सिद्धांतवादी व्यक्ति हैं। मैं उनकी मजबूरियां समझता हूं। उनके लिए अनिल एंटनी का समर्थन करना मुश्किल है। हालांकि, मैं उनसे यह कहना चाहूंगा कि अनिल उनका बेटा है।

## लोकसभा चुनाव: पहले फेज में 1625 उम्मीदवार मैदान में

# 21 राज्यों की 102 सीटों पर आज कड़ी सुरक्षा के बीच पड़ेंगे वोट

- 2019 के चुनाव में यूपीए ने इन 102 सीटों में से 45 व एनडीए ने 41 सीटें जीती थीं
- पहले फेज में 8 केंद्रीय मंत्री, 2 पूर्व सीएम और एक पूर्व राज्यपाल चुनावी मैदान में आजमा रहे हैं अपनी किस्मत

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोकसभा चुनावों का आगाज शुक्रवार से शुरू होने जा रहा है। पहले फेज के तहत 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग होनी है। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के पहले फेज में कुल 1625 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें 1491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार हैं। पहले फेज में 8 केंद्रीय मंत्रियों, 2 पूर्व सीएम और एक पूर्व राज्यपाल चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पिछले चुनाव (2019) में यूपीए ने इन 102 सीटों में से 45 और एनडीए ने 41 सीटें जीती थीं। लोकसभा चुनाव के पहले फेज के साथ ही अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें) और सिक्किम (32 सीटें) में विधानसभा चुनाव भी होंगे। पहले फेज में तमिलनाडु की सभी 39 सीटों, राजस्थान की 25 में से 12 सीटों पर, यूपी की 80 में से 8 सीटों पर, मध्य प्रदेश की 6 सीटों पर वोटिंग होगी। महाराष्ट्र की 5, असम की 5, उत्तराखंड की 5, बिहार की 4, पश्चिम बंगाल की 3, मेघालय की 2, अरुणाचल प्रदेश की 2 और मणिपुर की 2 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इसके अलावा पुडुचेरी, मिजोरम, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप, सिक्किम, त्रिपुरा, नगालैंड और अंडमान-निकोबार की 1-1 सीट पर वोटिंग होनी है। नतीजे 4 जून को आएंगे। वोटिंग टाइम सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक है, लेकिन 5 बजे तक जो लोग लाइन में लगे हुए रहेंगे, उन्हें वोट डालने दिया जाएगा।

**1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से ज्यादा मतदान कर्मी तैनात:** चुनाव आयोग ने 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से ज्यादा मतदान कर्मियों को तैनात किया है। इन मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11,371 थर्ड जेंडर शामिल हैं। वहीं, 35.67 लाख लोग फर्स्ट टाइम वोटर्स हैं। इसके साथ ही 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं।

**252 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले:** पहले चरण में जिन 102 सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होगा उनमें से 42 सीट ऐसी हैं जहां पर तीन या इससे अधिक उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। द एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने अपने विश्लेषण के आधार पर यह जानकारी दी है।

**नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम:** पहले फेज में महाराष्ट्र के गढ़चिरौली और छत्तीसगढ़ के बस्तर जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी वोटिंग होनी है। सुरक्षित और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा कर्मियों की हेलीड्रॉपिंग कराई जा रही है। सुरक्षा कर्मियों की हेलीड्रॉपिंग में वायु सेना के हेलीकॉप्टर्स की मदद ली गई है। गढ़चिरौली में मतदान के लिए शुक्रवार को 15 हजार सुरक्षाबलों की तैनाती रहेगी।



### आज औरंगाबाद, नवादा, गया और जमुई में होगा मतदान

**पटना।** बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में औरंगाबाद, नवादा, गया और जमुई में मतदान होना है। पहले चरण की चार सीटों पर कुल 38 प्रत्याशियों की साख दांव पर लगी है। इस चुनाव में एनडीए पांच दल भाजपा, जदयू, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा, लोजपा (रामविलास) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के साथ चुनावी मैदान में उतरी है। वहीं, महागठबंधन राजद, कांग्रेस, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) और वामपंथी दलों के साथ चुनावी रण में है। नवादा में निर्दलीय प्रत्याशी संघर्ष को त्रिकोणात्मक बनाने में जुटे हैं। इन सभी चार सीटों पर महागठबंधन की ओर से राजद के प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं तो एनडीए की ओर से औरंगाबाद और नवादा में भाजपा के प्रत्याशी चुनावी समर में ताल ठोंक रहे हैं तो गया में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और जमुई से लोजपा (रामविलास) भाग्य आजमा रही हैं। गया क्षेत्र से हम के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी का मुकाबला बिहार के मंत्री रहे कुमार सर्वजीत से है तो जमुई में भी एनडीए की ओर से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अरुण भारती और महागठबंधन की राजद प्रत्याशी अर्चना रविदास आमने-सामने हैं। अरुण भारती पार्टी प्रमुख चिराग पासवान के बहनोई हैं। औरंगाबाद क्षेत्र में भाजपा के टिकट पर सुशील कुमार सिंह एक बार फिर से चुनावी रण में ताल ठोक रहे हैं। इनका सीधा मुकाबला राजद के अभय कुशवाहा से माना जा रहा है। नवादा क्षेत्र में भाजपा के विवेक ठाकुर और राजद के श्रवण कुमार आमने-सामने हैं। हालांकि, निर्दलीय विनोद यादव और गुंजन कुमार ने मैदान में उतरकर मुकाबले को रोचक बना दिया है। बिहार में लोकसभा की कुल 40 सीटें हैं और यहां सभी सात चरणों में चुनाव होने हैं।

# दुबई में जलप्रलय... एयरपोर्ट से लेकर, मेट्रो स्टेशन, मॉल और सड़कों तक, हर जगह बस पानी ही पानी

**एजेंसी/दुबई**





संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मंगलवार को हुई रिकॉर्डतोड़ बारिश के बाद देश के सभी हिस्सों को भारी बाढ़ का सामना करना पड़ा है। दुनियाभर में यूएई की पहचान बने दुबई शहर से आई तस्वीरों ने तो जलप्रलय जैसा दृश्य सामने दिखा दिया। भारी बारिश के बाद देश के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जाएद ने देश के बुनियादी ढांचे के अध्ययन का आदेश दिया है। जारी बयान में कहा गया कि देश के नागरिकों और निवासियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। शेख जाएद ने भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित सभी परिवारों को सहायता देने और प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने का भी आदेश दिया है।

यूएई और उसके आस-पास के रेगिस्तान में सोमवार रात में बारिश शुरू हुई थी, जो मंगलवार शाम तक होती रही। इस दौरान यूएई में बारिश ने 75 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कुछ ही घंटों में डेढ़ साल में होने वाली औसत बारिश के बराबर पानी बरस गया। अचानक हुई बारिश ने यूएई में अभूतपूर्व संकट ला दिया। देश का सबसे स्मार्ट शहर दुबई पूरी तरह पानी की चपेट में रहा। एयरपोर्ट से लेकर, मेट्रो स्टेशन, मॉल और सड़कों तक, हर जगह बस पानी ही पानी नजर आ रहा था। दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में एक दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बंद करना पड़ गया। बारिश के चलते रनवे तक पर पानी पहुंच गया जिसके चलते आने वाली कई उड़ानों को आखिरी समय में डायवर्ट करना पड़ा।

## प. बंगाल में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पथराव, चार घायल

**मिदनापुर।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मिदनापुर में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पथराव में चार लोग घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब रामनवमी शोभायात्रा बुधवार की रात 9:10 बजे इगरा के कॉलेज मोड़ से गुजर रही थी, तब कुछ लोगों ने इस पर पथराव किया। फिलहाल इस मामले में चार लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। इससे पहले मुर्शिदाबाद में भी रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पथराव को लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। उन्होंने कहा, इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

## पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी चाइनीज माल की तरह : तेजस्वी

**बेगूसराय।** बेगूसराय लोकसभा से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार अवधेश कुमार राय के नामांकन के अवसर पर जन आशीर्वाद महासभा का आयोजन किया गया। यहां सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर निशाना साधा। तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम मोदी के पास कोई मुद्दा नहीं है। ये लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री ने लोगों को ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा आज देश में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है, लेकिन देश के प्रधानमंत्री मुद्दे की बात ना करके परिवारवाद पर बात करते हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर मेरी सरकार बनेगी तो रोजगार की भरमार लगेगी। वहीं तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को चाइनीज माल करार दिया है।





## दिल्ली में आयोजित भारतीय रक्षा संगोष्ठी में बोले सीडीएस जनरल अनिल चौहान...

# वह दिन दूर नहीं जब भारत अन्य देशों को उपलब्ध कराएगा जानकारी

**एजेंसी/नई दिल्ली**



दिल्ली में गुरुवार को तीन दिवसीय भारतीय रक्षा संगोष्ठी 2024 को संबोधित करते हुए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि अंतरिक्ष को आखिरी पायदान कहा जा सकता है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा, 'भारत अंतरिक्ष से जुड़ी जानकारी दूसरों से लेता रहा है। हालांकि अब मेरा मानना है कि वह दिन दूर नहीं जब भारत अन्य देशों को जानकारी उपलब्ध कराएगा।' जनरल चौहान ने इस दौरान भविष्य में अंतरिक्ष के विकास की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'मैं बताऊंगा कि हम कहां हैं और हमें कहां जाना है।

उन्होंने कहा, 'अंतरिक्ष को आखिरी पायदान कहा जाता है। अंतरिक्ष को युद्ध के क्षेत्र से बचने के रूप में भी जाना जाता है। मेरा मानना है कि युद्ध का एक स्थापित क्षेत्र पहले से ही है। मेरा विश्वास इस विशेष डोमेन में होने वाले विकास पर आधारित है। युद्ध के इतिहास ने हमें सिखाया है कि किसी भी जंग में, प्रारंभिक प्रतियोगिता आम तौर पर एक नए डोमेन में होती है। नया डोमेन पुराने डोमेन में लड़ाइयों को भी प्रभावित करता है। अंतरिक्ष के रहस्य को जानने के लिए मानव जाति को एक लंबा रास्ता तय करना है। भारत उस यात्रा का हिस्सा बनना चाहता है।

उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष पहले से ही युद्ध का एक स्थापित क्षेत्र है और यह हवाई, समुद्री और भूमि क्षेत्र पर अपना प्रभाव डालेगा। इसके अलावा, सीडीएस ने कहा कि आज अंतरिक्ष में गतिविधियों को जमीन से नियंत्रित किया जाता है। इसकी वजह से यह एक दिलचस्प क्षेत्र है।

### अंतरिक्ष कूटनीति जल्द ही एक वास्तविकता बन जाएगी

अंतरिक्ष को 'वैश्विक साझेदारी' बताते हुए उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में संप्रभुता की कोई अवधारणा नहीं हो सकती है। सीडीएस ने यह भी कहा कि अंतरिक्ष कूटनीति जल्द ही एक वास्तविकता बन जाएगी। मित्र देशों को अंतरिक्ष में सहयोग बढ़ाने के लिए किसी को पड़ोसी होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि दूरियां और भू-राजनीतिक विभाजन रक्षा अंतरिक्ष सहयोग में लाभकारी हो सकते हैं। इस दौरान जनरल चौहान ने कहा कि कुछ साल पहले तक जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती थी, अब वो हो रहा है। देश में रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में आशाजनक स्टार्टअप हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे पास कई होनहार स्टार्टअप हैं जो रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में कुछ बेहतरीन काम कर रहे हैं, जिसकी कुछ साल पहले तक कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

## सार्थक पार्टी का दावा- चुनाव आयोग ने उन्हें किया है नाव छाप आवंटित

# मुकेश और तेजस्वी पर मुकदमा दर्ज, नाव छाप सिंबल का दुरुपयोग करने का आरोप

**केटी न्यूज/पटना**



मुजफ्फरपुर के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी, आरजेडी के संतोष निषाद और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव पर अपराधी मुकदमा दर्ज किया गया है। वादी अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने आपराधिक मुकदमा दर्ज कराते हुए उनकी पार्टी भारत सार्थक पार्टी का चुनाव चिन्ह नाव छाप का दुरुपयोग करने और चिन्ह को वापस करने के लिए प्रलोभन देने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही मुकेश सहनी की पार्टी के रजिस्ट्रेशन को रद्द करने की मांग की है। वहीं इस मामले में अब अगली सुनवाई 27 अप्रैल को होगी।

**'पार्टी को बदनाम करने का प्रयास':** अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने एक राजनीतिक पार्टी बनाई है, जिसका नाम है भारत सार्थक पार्टी। सुधीर कुमार ओझा का दावा है कि चुनाव आयोग ने उनकी पार्टी को नाव छाप चुनाव चिन्ह के रूप में आवंटित किया है। अधिवक्ता का आरोप है कि जमुई लोकसभा क्षेत्र के शेखपुरा में तेजस्वी यादव और मुकेश साहनी ने जो सभा की, उसमे मंच पर नाव चुनाव चिन्ह लगा हुआ था। यह जानबूझकर भारत सार्थक पार्टी को बदनाम करने का प्रयास है। सुधीर ओझा ने यह भी आरोप लगाया है कि जब उनकी पार्टी को नाव चुनाव चिन्ह आवंटित हुआ तब श्क्द्ध पार्टी के कई कार्यकताओं ने उनको फोन कर आर्थिक लालच देते हुए उन्हें पार्टी का चुनाव चिन्ह वापस करने का दबाव बनाया। अपने जन्मदिन के मौके पर भी मुकेश सहनी ने चुनाव चिन्ह का दुरुपयोग किया था।

## लालू की बेटी ने भाजपा के दिग्गज को कहा- बेवकूफ

**पटना।** बिहार में शुक्रवार को चार जिलों जमुई, नवादा, औरंगाबाद और गया में लोक सभा चुनाव का मतदान होना है। इस बीच चुनावी सभा के दौरान जुबानी जंग शुरू हो गई है। जमुई में तेजस्वी यादव के चुनावी सभा में चिराग पासवान को गाली गलौज करने का मामला तुल पकड़ लिया है, ऐसे में सारण से रोहिणी आचार्य का भी एक ऐसा बयान सामने आया है, जिसको लेकर भाजपा ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी और महागठबंधन की प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने राजीव प्रताप रूडी पर जोरदार हमला किया है। उन्होंने राजीव प्रताप रूडी को बेवकूफ नेता करार दिया है। रोहिणी ने कहा कि यह (राजीव प्रताप रूडी) बेवकूफ आदमी है, जो बार-बार भाग जाता है। मुझे क्या उसके जैसा समझा है। रोहिणी ने आगे कहा कि राजीव प्रताप रूडी पांच साल में बस एक बार चेहरा चमकाने के लिए आते हैं। ये आशीर्वाद प्यार छोड़कर कोई बेवकूफ आदमी ही न होगा जो भागता होगा। इस दौरान रोहिणी आचार्य ने कहा कि वह क्षेत्र की जनता के बीच रहते ही नहीं हैं, जबकि रोहिणी चुनाव जीतने के बाद छपरा की जनता के बीच रहकर सेवा करेंगीं। यहां जनता के सेवा के नाम पर केवल लोगों को ठगा जा रहा है। आखिर जनता कब तक इसे बात को बर्दास्स्त करते रहेगी। अब जनता सबकुछ जान चुकी है। रोहिणी आचार्य ने कहा कि हमें लोगों का अपार आशीर्वाद और प्यार मिल रहा है। इससे विरोधियों में भय व्याप्त हो गया है। उन्हें इस बात का एहसास हो गया है कि जनता का प्यार किसे मिल रहा है।

# नवादा में डिस्पैच सेंटर से ईवीएम गया वोटिंग बूथों पर, नक्सल प्रभावित इलाके में सुबह सात बजे से वोटिंग शुरू

**केटी न्यूज/नवादा**



नवादा में लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनाव को लेकर युवाओं व बूढ़े-बुजुर्ग मतदाताओं में काफी जोश देखने को मिल रहा है। सभी लोग अपना घर का सभी काम छोड़कर मतदान करने को लेकर उत्सुक हैं। सभी मतदाताओं, युवा मतदाताओं, बूढ़े-बुजुर्ग मतदाताओं को वोट देने का अपना संवैधानिक अधिकार है। इस बार लोकसभा चुनाव में सैकड़ों मतदाता ऐसे हैं जो पहली बार वोट देने जाएंगे।इसे लेकर लोगों में काफी जोश देखने को मिल रहा है। लोकसभा 2024 चुनाव को लेकर नवादा जिला प्रशासन के तरफ से पूरी तैयारी कर ली गई है। डिस्पैच सेंटर से ईवीएम का डिस्पैच का शुरू कर दिया गया है जहां चुनाव कर्मी एवं पुलिसकर्मी अपने-अपने बूथों पर ईवीएम मशीन लेकर निकल रहे हैं। नक्सल प्रभावित इलाके में मतदान का समय सुबह 7:00 बजे से शाम के 4:00 तक रहेगा। वहीं सामान्य बूथों पर मतदान का समय सुबह 7:00 बजे से लेकर शाम 6:00 बजे तक रहेगा। जिले में इस बार कल कल 1796 बूथ बनाए गए हैं जिसमें 230 नक्सली के श्रेणी में है, 967 संवेदनशील बूथ है।वहीं 599 सामान्य बूथ की श्रेणी में रखा गया है। जिले में इस बार कुल 3 डिस्पैच सेंटर बनाये गए हैं। नवादा के गांधी स्कूल एवं कन्हाई इंटर स्कूल से नवादा, हिसुआ और वारिसलीगंज का ईवीएम दिया जाएगा। जबकि रजौली से रजौली एवं गोविंदपुर विधानसभा का ईवीएम दिया जाएगा। ईवीएम लेकर चुनाव कर्मी एवं पुलिस कर्मी अपने अपने बूथों के लिए रवाना हो रहे हैं। सभी को निर्देश दिया गया है कि समय पर वोटिंग शुरू कर दें। यदि कहीं किसी भी ईवीएम में खराब आती है। इसके सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को सुचित करें। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। यह लोकतंत्र का महापर्व है।











## शिक्षक की पिटाई के बाद जख्म ने लिया कैंसर का रूप, जांच



**नालंदा।** नालंदा के राजकीयकृत मध्य विद्यालय साठोपुर के एक शिक्षक पर छात्रा की डंडे से पिटाई के बाद जख्म का कैंसर रूप लिए जाने के मामले की जांच करने गुरुवार को नगर आयुक्त आनंद शेखर स्कूल पहुंचे। जहां उन्होंने करीब 1 घंटे तक छात्रा एवं उसके परिजन और आरोपी शिक्षक व अन्य छात्राओं से पूछताछ की। बताया कि जिलाधिकारी को पूरी रिपोर्ट सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि डीएम के जनता दरबार में साठोपुर निवासी संतोष पासवान ने आवेदन देकर शिक्षक पर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। जिलाधिकारी के आदेश पर उनकी अध्यक्षता में 4 सदस्यीय जांच टीम का गठन किया गया है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि उनकी पुत्री संध्या कुमारी 9वीं क्लास की छात्रा है। पिछले 4 सितंबर 2023 को लैगिंज की जगह स्कर्ट पहनकर स्कूल आ गई थी। इसी बात पर नाराज शिक्षक सुजीत कुमार ने डंडे से इस कदर बेरहमी से घुटने पर मारा कि वह बेहोश हो गई थी। उनका आरोप है कि पिटाई के कारण घुटने के जख्म ने धीरे-धीरे कैंसर का रूप ले लिया है, जिसका इलाज पटना के एक निजी क्लीनिक में चल रहा है।

## राजद के बुलो मंडल ने जदयू में शामिल

**पटना।** टिकट नहीं मिलने से नाराज राष्ट्रीय जनता दल के नेता बुलो मंडल ने सीएम नीतीश कुमार की पार्टी ज्वाइन कर ली। गुरुवार को सीएम नीतीश ने ही उन्हें जदयू की सदस्यता दिलाई। लालू प्रसाद वाला राजद अब नहीं रहा। मेरी जरूरत अब राजद को नहीं रही। पार्टी के अंदर आंतरिक लोकतंत्र खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार 18 सालों से मुख्यमंत्री हैं। मैं विपक्ष में था और कटाव विरोधी कार्य के लिए मैंने मुख्यमंत्री से अपील की, जिसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 500 करोड़ की योजना दे दी।












केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण

# बक्सर

बक्सर, 19 अप्रैल 2024

website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# जर्जर सड़क पर वाहन चालकों को परेशानी, नहीं बना चुनावी मुद्दा

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रखंड में कई सड़कें बनी है, लेकिन वर्षों से उपेक्षित केसठ सोनवर्षा मुख्य सड़क की स्थिति दयनीय हो चुकी है। लोगों को इस पथ पर आवाजाही करने में काफी परेशानी होती है। जगह-जगह गड्ढे हो गए है। इसकी वजह से इस सड़क से गुजरनेवाले लोगों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र के लोगो ने सड़क निर्माण के लिए कई बार गुहार लगाई। आश्वासन तो मिला, लेकिन हुआ कुछ नहीं। ग्रामीणों के पास इंतजार करने के अलावा दूसरा विकल्प ही नहीं है। लोगों ने जनप्रतिनिधियों की अनदेखी को लेकर नाराजगी व्यक्त की है। इस सड़क से जमुआ टोला, दंगौली, पोखरा टोला, महादेवगंज, डिहरा, राजापुर, धेनुआडीह सहित अन्य







गांवों के लोग प्रत्येक दिन इस मार्ग से सोनवर्षा व राज्य के बिभिन्न हिस्सों में जाते है। यह मार्ग केसठ से सोनवर्षा एनएच 319 को जोड़ता है। वही वाहन चालक सड़क खराब होने की दुहाई दे मनमाने भाड़े वसूलते है। वही यात्री तबतक भगवान का नाम जपते है जबतक अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच जाते। काफी दिनों से जर्जर हालत में पड़ा यह मार्ग इस बार चुनावी मुद्दा बन सकता है। इसका खामियाजा चुनाव में आने वाले नेताओं को भुगतना पड़ सकता है।

**क्या कहते है लोग**

नेताओं को जनता की समस्या से कोई लेना-देना नहीं है। जर्जर सड़क को लेकर किसी भी प्रकार की दिलचस्पी नहीं दिखाई जाने की वजह से सड़क की हालत दिन प्रतिदिन जर्जर होती जा रही है। समस्या समाधान के लिए ठोस कदम उठाना चाहिए था। जर्जर सड़क के कारण लोगों को जान जोखिम में डालकर यात्रा करनी पड़ रही है। सड़क में काफी गढ़े निकल आए है। जिससे आएदिन दुर्घटना होती रहती है। जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए चुनाव के समय जनप्रतिनिधियों को इस सड़क की याद आती है। उसके बाद जनप्रतिनिधि इस सड़क की मरम्मत करने को लेकर किसी भी प्रकार का कदम नहीं उठाते। इसकी वजह से बरसात के मौसम में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।सड़क की स्थिति जर्जर है। जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार सड़क निर्माण कराने के लिए आवाज उठाई गई है।

## एक नजर

### खराब सड़क पर पलटा ई-रिक्शा, महिला घायल



**चौसा।** चौसा-कोचस मार्ग पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित अखौरीपुर गोला पर एक ई-रिक्सा सड़क पर पलट गया। जिसमें सवार एक 27 वर्षीय महिला घायल हो गई। निजी चिकित्सा केंद्र में कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त महिला का हाथ मे गम्भीर चोट लगी थी। ऊक्त महिला राजपुर की रहने वाली थी। जो अपने बच्चों के साथ चौसा जा रही थी। तभी उभरे गढ्ढे में ई-रिक्सा पलट गया। जिसमे सवार महिला जख्मी हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि चौसा- कोचस मार्ग की सड़क बहुत दिनों से खराब स्थिति में है। जहां 35 किलोमीटर की दूरी में सैकड़ों बड़े-बड़े गढ्ढे उभर आये है। जिसपर वाहन चलना मुश्किल हो गया। इस बड़े गढ्ढों में आये दिन छोटे वाहन दुर्घटना के शिकार हो जा रहे है। जिससे आम लोग परेशान ही नही दुर्घटना के भी शिकार हो रहे है।

### मतदान के लिए किया गया जागरूक

**केसठ।** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने को ले प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। लोगो में मतदान के प्रति जागरूकता को ले स्वीप कार्यक्रम के तहत गुरुवार को मतदाता जागरूकता सह हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय पर लगे पट्ट पर बीडीओ ने हस्ताक्षर कर इस अभियान की शुरूआत की। मौके पर लोगों को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान प्रखंड कर्मी, अंचल कर्मी के साथ ही प्रखंड के विभिन्न गांवों से उपस्थित लोगो ने हस्ताक्षर कर इस अभियान में भाग लिया। साथ ही लोगो ने कहा वे लोकतंत्र के इस महापर्व मे अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिया।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार जख्मी

**कृष्णाब्रह्म।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पटना बक्सर एन एच 922 के चौकियां गांव के समीप बाइक सवार को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया जख्मी युवक का प्राथमिक उपचार कृष्णाब्रह्म स्थित एक निजी अस्पताल में कराया गया उसके बाद घटना की सूचना पर पहुचे स्वजन बेहतर इलाज के लिए पटना ले गए। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर बाद चक्की ओपी थाना क्षेत्र के प्रसियां गांव निवासी मुखलाल शर्मा के 38 वर्षीय पुत्र संतोष शर्मा अपनी बाइक पर सवार होकर पटना बक्सर एन एच 922 के रास्ते अपने रिश्तेदार के यहां नया भोजपुर जा रहा था कि चौकियां गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया ग्रामीणों के सहयोग से कृष्णाब्रह्म बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया उसके स्वजन बेहतर इलाज के लिए पटना ले गए घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया वाहन की टक्कर युवक की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई थी जिसको पुलिस ने जप्त कर लिया है कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि घटना के सम्बंध में अब तक आवेदन नहीं मिला है आवेदन मिलने के बाद विधि सम्मत करवाई की जाएगी।

### देसी शराब के साथ तस्कर धराया

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी पुलिस ने नावाडेरा गांव स्थित निषाद टोली में छापेमारी कर देसी शराब बेचते एक तस्कर को धर दबोचा। गिरफ्तार तस्कर की पहचान निषाद टोली निवासी बब्लू कुमार के रूप में हुई हैं। ओपी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी देसी शराब की तस्करी में जुटा हुआ हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के ठिकाने से आठ लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया। तस्कर अभी अवैध शराब बनाने की तैयारी में था। इससे पहले ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

## खबरें फटाफट

### ट्रांसफार्मर पर गिरा पेड़, घंटों ठप रही विद्युत आपूर्ति

**बक्सर।** शहर के पीएचईडी कार्यालय के पास गुरुवार की दिन 2:30 बजे पेड़ गिरने से घंटे ठप रही आपूर्ति पेड़ गिरने की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के कर्मी पीएचईडी कार्यालय पहुंचकर देखा तो बड़ा सा पेड़ गिर गया। जिससे ट्रांसफॉर्मर में जुड़े बिजली तार टूट गय। तार टूटने से घंटे बिजली गायब रहा। पेड़ को स्थानीय लोगों के द्वारा हटाने का कोशिश किया गया लेकिन नहीं हटा पाया। दोपहर के गर्मी के मार झेलना पड़ा। ट्रांसफॉर्मर का तार टुटने से बिजली नदारद रहने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों ने बिजली विभाग से भी संपर्क किया। तो विभाग के द्वारा विभागीय मिस्त्रियों द्वारा पेड़ काटकर हटाया गया। उसके बाद लाईन सुचारू रूप से चालू किया गया। वहीं पेड़ गिरने से दोपहर के बाद से ही बिजली की समस्या बनी हुई थी। कई बार चंद मिनटों के लिए बिजली आती थी फिर गुल हो जाती थी।

### कोरानसराय में आगलगी से दस एकड़ की फसल राख

**डुमरांव।** डुमरांव अनुमंडल के कोरानसराय थाना क्षेत्र के मुंगाव गांव स्थित उत्तर टोला में लगें गेंहू के खेतों में गुरुवार को अचानक आग लग गयी। आगलगी की घटना में करीब दस एकड़ में लगे गेंहू की फसल धूं-धूं कर जल गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग बिजली की चिंगारी की बात बतायी जाती है। पीड़ित किसान मुंगाव उत्तर टोला के रहने वाले ललित पांडेय, लक्ष्मण पांडेय व मुकेश कुमार पांडेय ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर उचित मुआवजा देने की मांग की हैं। पीड़ितों के अनुसार सुबह करीब आठ बजे बिजली के तार से चिंगारी निकल कर गेंहू की फसल पर गिर पड़ी। तेज पछुआ हवा के कारण आग ने फौरन विकराल रूप अख्तियार कर लिया। इसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीणों के बीच अफरा-तफरी मच गयी। ग्रामीणों ने तत्काल दमकल विभाग के कर्मियों को इसकी जानकारी दी। जानकारी मिलते ही वे घटनास्थल पर पहुंच घंटों मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया। इस दौरान वहां लगे एक कटहल व जामुन के पेड़ भी जल गये। अंचल कार्यालय ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर कर्मी नुकसान के आकलन में जुटे हैं।

## राशि के अभाव में वैज्ञानिकों ने शोध को कर दिया था बंद

# नीलगाय पर शोध का कार्यक्रम कृषि कॉलेज में जल्द होगा शुरू

- तेरह लाख पचासी हजार की राशि शोध के लिए कॉलेज को मिली



**केटी न्यूज/डुमरांव**

वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज में नीलगाय पर शोध का कार्यक्रम बहुत पहले शुरू किया गया था। कुछ नीलगाय को पकड़ हरियाणा पशु प्रजनन प्रक्षेत्र में कॉलेज के लिए जो एक सौ एकड़ जमीन मिली है, उसी में रखा गया था। कुछ वैज्ञानिक नीलगाय के नाम को ही गलत साबित करने में लगे हुए हैं। इनका कहना है कि गाय के चार थन होते हैंए लेकिन नीलगाय का दो थन होता है तो फिर कैसे इसे गाय की श्रेणी में रखा जा सकता है। वैज्ञानिकों ने इसी पर दो साल पहले शोध शुरू किया था। शोध तो शुरू कर दिया गया, लेकिन राशि के अभाव में शोध का कार्यक्रम जहां था वहीं पर रूक गया। इसको लेकर कृषि विश्वविद्यालय पूसा को वैज्ञानिकों के आग्रह पर प्राचार्य मुकेश कुमार सिन्हा ने राशि आवंटित करने के लिए लिखा। राष्ट्रीय कषि विकास योजना अंतर्गत नीलगाय शोध केन्द्र के बाह्य संरचाना, नीलगाय के व्यवहार और उनकी विशेषतओं का सूक्ष्म पर्यवेक्षण के लिए पहली किस्त के रूप में 13 लाख 85 हजार रूपया वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज को भेज दी गई है। राशि मिलने पर कॉलेज के वैज्ञानिकों से लेकर स्टाफ तक में बेहद खुशी है। कॉलेज के प्राचार्य मुकेश कुमार सिन्हा ने बताया की शोध केन्द्र के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत केन्द्र और राज्य सरकार को मिलाकर 1 करोड़ 14 लाख 85 हजार की राशि की मंजूरी प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय की निकासी व खर्च करने की स्वीकृति प्रदान की गई थी। विश्वविद्यालय के कुलपति शिक्षा एवं शोध प्रसार विभाग द्वारा पहली किस्त के रूप में इस राशि को प्रदान किया गया है। प्राचार्य ने बताया की राशि के अभाव में देश का प्रथम नीलगाय शोध केन्द्र का विस्तार अवरूद्ध था। राश आवंटित होते ही शोध केन्द्र के विस्तार व नीलगाय को पालतू बनाए जाने की कड़ी में वैज्ञानिकों को उसकी सूक्ष्म पर्यवेक्षण कार्यों को बल मिलेगा। बतादें की वैज्ञानिक जिले के दियारांचल क्षेत्रों में घुम-घुम नीलगायों की खोजबीन करते हुए काफी जाकारी को जुटाते हुए शोध का कार्य शुरू किया है।

### बरसात से पहले सेंट्रल नाला होगा क्लीन, नप के मजदूर जुटे सफाई में

**डुमरांव।** नगर परिषद बरसात से पहले सेंट्रल नाला को क्लीन कर देगा। इसकी तैयारी अभी से शुरू कर दिया गया है। नप कार्यालय के पीछे से सफाई अभियान चल रहा है। सफाई करने में सबसे परेशानी मजदूरों को सफाखाना रोड से ट्रेनिंग स्कूल तक भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। मालूम हो कि डुमरांव का सेंट्रल नाला दो भागों में विभक्त है। पहला नाला शक्ति द्वारा से शुरू होकर लाला टोली रोड होते हुए चूड़ी बाजार से निकल शहर के दक्षिण टोला में तक जाकर वहीं से निकता है और काव नदी में जाकर गिरता है। वर्तमान में सेंट्रल नाला का भीतरी भाग में मिट्टी जमा हो गया है। मिट्टी जमा हो जाने से पानी का निकास काफी धीमे गती से होता हैए जिससे ओवरफ्लो का बराबर डर बना रहता है। कभी-कभी ओवरफ्लो होकर पानी रोड पर बहने लगता है। नगरवासियों का कहना है कि सेंट्रल नाला को केवल उपरी भाग की सफाई से बरसात के दिनों में पानी नहीं निकल पाएगा। स्टेशन रोड में कई नालियां जाम हो चुकी हैए इसे भी साफ कराया जाना बहुत ही आवश्यक है। इस संबंध में जब चेयरमैन सुनीता गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने बताया की बरसात में जाम की स्थिति नहीं आने दिया जाएगा। दोनों सेंट्रल नाम और संपर्क नालियों की सफाई शुरू करा दिया गया है। समय रहते काम पूरा कर लिया जाएगा।

### स्पीडी ट्रायल के धीमी गति को लेकर डीएम ने जताया खेद

**बक्सर।** जिला पदाधिकारी बक्सर अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में अभियोजन की समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में गुरुवार को की गई। जिला में स्पीडी ट्रायल के तहत कुल 326 मामलें लंबित है। मार्च में निष्पादित वादों की समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि विभिन्न वाद यथा- पॉक्सों, एनडीपीएस, शस्त्र वाद में बहुत कम वादों का निष्पादन किया गया है। जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा खेद व्यक्त करते हुए सभी सहायक सरकारी वकील, सहायक लोक अभियोजक को प्रत्येक मामलों में से कम से कम 3 वादों का निष्पादन प्रत्येक माह में करने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा के क्रम में यह ज्ञात हुआ कि बहुत से मामलें सरकारी गवाहों की गवाही नहीं होने पर उनको वापस लौटना पड़ता है। जिसके कारण वाद के निष्पादन में विलंब होता है। यह अंत्यत ही गंभीर मामला प्रतीत हो रहा है। अथक प्रयास के बाद इस जिले से हस्तांतरित या सेवानिवृत सरकारी गवाहों को गवाही हेतु उपस्थिति कराया जाता है, तो सभी सरकारी वकील व लोक अभियोजक हर संभव प्रयास करते हुए उनकी गवाही को सुनिश्चित करावें। सभी वादों के निष्पादन में आपस में समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देश दिया गया। इसमें त्वरीत गति से कार्य करने का निर्देश दिया। ताकि जनता को सहूलियता मिले। बैठक में पुलिस अधीक्षक बक्सर, प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा बक्सर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, लोक अभियोजक, सभी अपर लोक अभियोजक, विशेष लोक अभियोजक एवं संबंधित थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

# ट्रासंफार्मर से निकली चिंगारी ने जला डाला बेटी की शादी के लिए खरीदा गया सामान

**केटी न्यूज/बक्सर**

शहर के सिविल लाइन मोहल्ला में मृत नहर किनारे बसे दलित बस्ती में बीती रात ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी ने बस्ती में रहनेवाले लगभग एक दर्जन झोपड़िया जलकर खाक हो गयी। जिसमे विराजन राम की पुत्री सीता का अरमान भी पूरी तरह जलकर राख हो गया। जिसकी शादी 22 अप्रैल को होनेवाली थी। इस सम्बन्ध में बस्ती में रहने वाले शिवजी राम ने बताया की हम लोग रात में सोये हुए थे तभी ट्रांसफार्मर से आवाज आयी और उससे निकली चिंगारी से आग लग गयी। जैसे ही आग लगने का शोर हुआ हम लोग अपने झोपड़ी से बाहर निकले तबतक आग पूरी बस्ती को अपनी चपेट में ले लिया था। वही उन्होंने बताया की विरजन राम की बेटी की शादी 22 अप्रैल को होने वाली थी। जो की शादी के लिए पूरा सामान खरीदकर रखे हुए थे। कपडा, राशन फर्नीचर के अलावा गहना व घर में रखा कोई भी सामान नहीं बच पाया है। इस घटना में कन्हैया राम, प्रमोद



बांसफोर, अक्षय बांसफोर, विकास धर्मेंद्र, बीरेंद्र, जहांगीर अली समेत अन्य कई लोगों की झोपड़ियां पूरी तरह जलकर आग में स्वाहा हो गयी है। इस घटना को लेकर सुबह लगभग साढ़े सात बजे बस्ती के लोगों ने सेंडिगेट नहर पर मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम किया गया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे अंचलाधिकारी प्रशांत शांडिल्य ने समझा बुझाकर जाम को हटवाया।

### चापाकल की मरम्मति में जुटा पीएचईडी, नंबर जारी

बक्सर। जिले के लोगों को पेयजल संकट नहीं झेलनी पड़े, इसके लिए पीएचईडी विभाग की ओर से हेल्प लाइन नंबर जारी किया गया है। 06183-295053 पर खराब सरकारी चंपाकल का सूचना और शिकायत दर्ज कराने पर तुरंत चलंत टीम के द्वारा रिपेयर किया जा रहा है। जारी नंबरों पर कॉल करके जिले के सभी प्रखंडों के ग्रामीण स्तर के चापाकलों की मरम्मत कराई जा सकेगी। जारी नंबरों पर सुबह 10 बजे से संध्या 5 बजे तक कॉल कर सूचना दी जा सकेगी। सूचना के बाद शीघ्र ही निर्धारित टीम पहुंचकर चापाकलों की मरम्मत करेगी। नंबरों पर फोन करने के बाद चलंत रिपेयरिंग टीम मौके पर पहुंचकर चापाकल को ठीक करती है। एक ओर पारा चढ़ते ही जलस्तर भी गिरने लगा है।

# वरदराज आश्रम अहिरौली मठिया में ग्यारह शिष्यों का हुआ सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार

**केटी न्यूज/बक्सर**

वरदराज आश्रम अहिरौली मठिया परिसर में महंथ श्री-श्री 1008 स्वामी मधुसूदन प्रपन्नाचार्य जी महाराज की देख रेख में 11 शिष्यों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार आचार्य डॉ. अम्बरीश कुमार मिश्र एवं सहायक आचार्य मनीष पाण्डेय द्वारा सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात स्वामी जी महाराज द्वारा शिष्यों को दीक्षा (गुरुमुख) भी दिया गया। सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कारे के मौके पर दूर- दूर से शिष्यगण अपने परिवार सहित बच्चों का उपनयन संस्कार एवं गुरुमुख कराने हेतु पधारे थे। आश्रम पर काफी चहल- पहल देखने को मिली। बच्चों ने दीक्षा लेने



के बाद अपने गुरु जी को विश्वास दिलाई -हम अपने जीवनकाल में कभी भी कोई गलत कार्य नहीं करेंगे, हम सदा सात्विक भोजन ग्रहण करेंगे, सूर्योदय के पूर्व स्नान ध्यान करेंगे, कभी भी तीखा भोजन ग्रहण नहीं करेंगे, ब्रह्मचर्य धर्म का पालन पूर्णतः करेंगे, गृहस्थ धर्म में प्रवेश के पूर्व गुरु जी की अनुमति लेंगे, अध्ययन-अध्यापन में पूर्ण निष्ठा रखेंगे आदि। स्वामी मधुसूदन प्रपन्नाचार्य जी ने बताया कि -मठ में निःशुल्क पठन-पाठन, आवास एवं भोजन की व्यवस्था है। शिष्यगण अपने बच्चों को आश्रम में सनातन धर्म के प्रति आकृष्ट करता है।

## अनुमंडलीय अस्पताल में मनाया गया विश्व हीमोफिलिया दिवस

# हीमोफिलिया रोग की स्वास्थ्य कर्मियों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडलीय अस्पताल में मनाया गया विश्व हीमोफिलिया दिवस। इस जानलेवा रोग को चिकित्सक से लेकर स्वास्थ्य कर्मी तक को पूरी जानकारी दी गई। यह एक वंशानुगत रोग है। इस रोग का फैलाव ब्लड के ससर्ग में आने से होता है। इस बीमारी में जब शरीर से खून निकलना शुरू होगा तो रूकेगा नहीं। ब्लड निकला जमेगा भी नहीं। पानी की तरह बहता जाएगा। शरीर से खून निकलने के



बाद उसे कमजोर कर देता है। अस्पताल के डीएस डा. गिरीश कुमार सिंह ने मरीजों व स्वास्थ्य कर्मियों को बताया कि इससे ग्रसित मरीज को सरकार की तरफ से काफी सहूलयत मिलती है। मरीज का कार्ड बनता हैए जिससे देश के किसी अस्पताल में फ्री में इलाज किया जा सकता है। शरीर से निकले खून को पुनरू लाने के लिए मरीज को फ्री में खून दी जाती है। उसे डोनर की जरूरत भी नहीं पड़ती। सारी व्यवस्था अस्पताल की तरफ से निरूशुल्क की जाती है। निजी अस्पताल और क्लीनिकों में इसका मंहगा इलाज होता है। इसके लिए एक सूई आती हैए जो काफी मंहगा होती है। इस बीमारी से खून निकलने पर पूरे बदन के जोड़ो व हड्डी में दर्द शुरू हो जाता है। इसके लिए फीजियोथेरेपिस्ट की मदद लिया जा सकता है। महिला के जीन से आता है और इसके संपर्क में आने वाला भी इस रोग की चपेट में आ जाता है। इस बीमारी के विषय में जानकर मरीज और उसके अभिभावकों काफी आश्चर्य चकित रहे। फिर बीमारी के बचाव के उपाय के संबंध में पूरी जानकारी को गौर से सूना और समझा।

### आगलगी की घटनाओं में किसानों को हुआ भारी नुकसान

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के दो जगहों पर आगलगी की घटना घटी। पहली घटना नावाडेरा गांव में आग लगने से एक झोपड़ी सहित पास के दालान में रखे गये 30 बोझा गेंहू की फसल जलकर राख हो गयी। सूचना पाकर पहुंची दमकल विभाग के कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना को लेकर बताया जाता है कि नावाडेरा गांव निवासी दीना यादव के झोपड़ीनुमा घर में अचानक आग लग गयी।

# आगलगी की घटना में मां के बाद पुत्र की भी मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**केटी न्यूज/बक्सर**

बगही गांव में बुधवार को हुई आग की घटना में झुलसे चार लोगों में एक महिला की मौत हो गई थी। दूसरे दिन गुरुवार को पटना में इलाज के दौरान एक युवक की और मौत हो गई है। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। बता दे कि बुधवार को पराली जलाने में भीषण आग लग गई। जिसमें जहा दो सौ बीघे की फसल जलकर स्वाहा हो गई, वही आग खलिहान में पहुंच गई। जिसमें एक परिवार के चार सदस्य आग में घिर कर बचने के क्रम में बुरी तरह झुलस गए। जहाँ सदर अस्पताल में इलाज के दौरान 55 वर्षीय महिला रामवती देवी की मौत हो गई। बाकी पिता ददन राम पुत्र लालू व दूसरा पुत्र लालजी कुमार गंभीर रूप झुलसने के कारण पटना रेफर कर दिया गया था। जिसमे गुरुवार इलाज के दौरान लालजी कुमार की मौत हो गई। वहीं पिता व दूसरा पुत्र जीवन की जंग से जूझ रहे है। इटाढी थानाध्यक्ष रविकांत कुमार ने बताया कि शव को बक्सर पुराना सदर अस्पताल में पोस्ट मार्टम के लिए भेज पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# यूपीएससी में डीएवी जहानाबाद की दोहरी सफलता, अनुभव के साथ रंजन ने लहराया परचम

- सीनियर डिप्टी कलेक्टर के पद पर कार्यरत हैं रंजन कुमार बीपीएससी में थी 20वीं रैंक



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

डीएवी पब्लिक स्कूल जहानाबाद के दो पूर्व छात्रों अनुभव कुमार एवं रंजन कुमार ने यूपीएसी सिविल सर्विसेज परीक्षा 2023 में सफलता का परचम लहरा कर विद्यालय एवं अपने माता पिता का मान बढ़ाया है। अनुभव कुमार ने यूपीएसी में 309 वां रैंक हासिल किया है वही रंजन कुमार ने ने 783वीं रैंक प्राप्त की है।अपने पूर्व छात्रों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुये प्राचार्य डॉ० केके पांडेय ने कहा कि देश की सर्वोच्च प्रतियोगिता परीक्षा में स्थान प्राप्त कर डीएवी के इन पूर्व छात्रों ने मेहनत और लगन से सफलता की इबारत तो लिखी ही, अपने मां-पिता और विद्यालय का सिर भी फख्र से ऊंचा कर दिया।

डीएवी विद्यालय अपने उत्कृष्ट एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण के लिये जाने जाते हैं। पहले भी डीएवी के छात्र- छात्रा मेडिकल, इंजीनियरिंग सहित सिविल सर्विसेज में सफलता प्राप्त करते रहे हैं। बीपीएसी में लगातार दो वर्ष से सेकंड टॉपर डीएवी जहानाबाद से ही है। प्राचार्य ने रंजन कुमार के माता-पिता को दूरभाष पर बधाई दी और बताया कि रंजन कुमार ने दसवीं तक डीएवी जहानाबाद से शिक्षा ग्रहण की है। उन्होंने एनआइटी दुगार्पुर से कम्प्यूटर साइंस मे बीटेक करने के बाद 67वीं बीपीएससी में सफलता प्राप्त की और वर्तमान में प्रशिक्षण अवधि में अरवल में सीनियर डिप्टी कलेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। रंजन कुमार के पिता देवेन्द्र कुमार पटना के सरस्वती शिशु मंदिर में प्रधानाचार्य एवम माता सुनैना कुमारी राजकीय लाला बीघा मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापिका हैं। रंजन कुमार की इस शानदार सफलता पर विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं पूर्व एवं वर्तमान छात्र-छात्राओं ने बधाई देते हुये हर्ष व्यक्त किया है।

## यूपीएससी में संस्कृति सिंह ने बढ़ाया परिवार का मान

**शेखपुरा।** यूपीएससी परीक्षा का रिजल्ट घोषित हो चुका है जिसमें बिहार के 32 छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की है। जिनमें पांच छात्र-छात्राओं ने टॉप-100 में जगह बनाई। समस्तीपुर के शिवम कुमार 19वीं रैंक लाकर पूरे बिहार में टॉपर किया है। वहीं, बरबीघा प्रखंड अंतर्गत तोयगढ़ गांव में रहने वाले राकेश सिंह की बेटी संस्कृति की 366वां रैंक आई है। संस्कृति सिंह को आईआरएस सर्विस मिली है। संस्कृति के यूपीएससी में पास होने पर गांव से लेकर बरबीघा क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

## एक नजर

### उपेंद्र कुशवाहा ने क्षेत्र भ्रमण कर किया जनसंवाद



**संझौली (रोहतास)।** काराकाट लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार, राष्ट्रीय लोक मोर्चा सुप्रीमों सह पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने संझौली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों का भ्रमण कर जनसंवाद किया। कार्यक्रम दौरान उपेंद्र कुशवाहा सहित एनडीए घटक दलों के वरीय नेताओं व कार्यकताओं ने चरपुरवा टोला, चवरिया टोला, बाजितपुर, चैता, इंग्लिश, उदयपुर, संझौली, सोनी टोला, गंगाजल मठ, करमैनी, जिगनी, मिश्रा बलिया व राजनडीह सहित अन्य गांवों का भ्रमण किया। उपेंद्र कुशवाहा ने जनसंवाद के क्रम में भारत सरकार तथा बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ उठाने का आग्रह किया। साथ ही साथ एनडीए के पक्ष में मत देने का भी निवेदन किया । उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है आप भी अपने मतदान उनके पक्ष में करके उनके संकल्प में शामिल होइए । मौके पर काराकाट लोकसभा संयोजक नवीन चंद्र साह ,राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष कपिल सिंह, वरिष्ठ नेता अखिलेश्वर सिंह , भाजपा महामंत्री विजय सिंह ,उपाध्यक्ष विवेक सिंह, मधु देवी, अंकित गुप्ता ,बादशाह पासवान,रिंकू सोनी ,मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र पाठक ,लालजी मिश्र ,ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष बिहार प्रदेश रमेश चौहान ,इंद्रदेव चौधरी ,राकेश शर्मा , डॉ सुरेश सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे ।

### लुधियाना से डेहरी के लिए ट्रेन में चढ़े पति पत्नी, डेहरी स्टेशन से पत्नी हुई लापता



**काराकाट (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के दनवार निवासी संजय राम लुधियाना से कोलकता एक्सप्रेस में अपनी पत्नी के साथ घर आ रहे थे कि उक्त क्रम में डेहरी स्टेशन से अचानक उनकी पत्नी गयाब हो गई । जिसकी घंटो तलाश करने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका । अंततः पति संजय राम ने डेहरी जीआरपी में गुमसूदगी की रिपोर्ट दर्ज कराया । संजय राम ने बताया कि लुधियाना से घर दनवार आ रहे थे तभी डेहरी स्टेशन पर हम दोनों अपने घर जाने के लिए उतरे तो भीड़ में अचानक मेरी पत्नी 41 वर्षीय लक्ष्मीना देवी गायब हो गई । मैं स्टेशन पर घंटों खोजबीन किया लेकिन कहि पता नहीं चला। मै आपकी पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट डेहरी स्टेशन पर जीआरपी में दर्ज कराया हूं।

### पुलिस ने एक शराबी को किया गिरफ्तार

**दवाथ(रोहतास)।** सूर्यपुरा पुलिस ने शराब के नशे में धुत एक शराबी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया । प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने बताया कि सूर्यपुरा बाजार से शराब के नशे में धुत बारुण निवासी रंग बहादुर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार शराबी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।

## खबरें फटाफट

### नाबालिग साली को जीजा लेकर हुआ फरार

**जहानाबाद।** मखदुमपुर प्रखंड क्षेत्र के एक गांव में एक जीजा को अपनी नाबालिक साली पर दिल आ गया और अपनी साली को लेकर जीजा फरार हो गया, इसके बाद नाबालिक बच्ची की मां ने थाने में आवेदन देकर अपनी नाबालिक बच्ची के अपहरण का मामला दर्ज करवाया था जिसके बाद पुलिस नाबालिक बच्ची की तलाश में जुट गई, वही 15 दिनों के बाद गया जिले से पुलिस ने बच्ची को बरामद कर उसके जीजा को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार युवक औरंगाबाद जिले का रहने वाला है। जो अपनी नाबालिक साली को लेकर फरार हो गया था, वहीं पुलिस ने गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया है। और बच्ची को उसके परिवार को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि युवक व नाबालिग रिश्ते में जीजा-साली है। पुलिस का कहना है कि पॉक्सों एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।

### लोहगर एवं महादेव बीघा के बीच वाणावर पहाड़ के जंगलों में लगी आग

**जहानाबाद।** मखदुमपुर प्रखंड के वाणावर पहाड़ के जंगलों में लोहगढ़ एवं महादेव बीघा के बीच भीषण आग लग गई, आग की लपटे उठती देख ग्रामीणों द्वारा स्थानीय थाना एवं अग्नि विभाग की टीम को सूचना दिया गया, जीसके बाद अग्नि विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर कड़ी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी देते हुए भेक पंचायत के पूर्व मुखिया एवं महादेव बीघा गांव निवासी सियाराम यादव ने बताया के सामाजिक तत्व के लोगों द्वारा जंगल में जलनशील पदार्थ फेंक दिया गया होगा, जिससे आग लग गया वही इस घटना में दर्जनों जंगली पेड़ जलकर खाक हो गए। ग्रामीण ने बताया के गनीमत रही के समय पर अग्नि विभाग की टीम आकर आग पर काबू पा लिया नहीं तो तेज हवा के कारण आग बेकाबू हो जाता और पूरा जंगल एवं आसपास के गांव के खेत खलियान भी इसके जद में आ सकते थे जिससे बड़ा नुकसान हो सकता था। विदित हो कि तेज गर्मी के कारण खेतों में आगलगी की घटना की लगातार घटना हो रही है।

## जिला प्रशासन की निगरानी में नोखा हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा

# जय श्रीराम के उद्घोष के साथ निकली मर्यादा पुरुषोत्तम की भव्य शोभायात्रा

- एसडीपीओ के नेतृत्व में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ जुलूस
- स्थानीय प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था में दिखा सख्त



**केटी न्यूज/नोखा (रोहतास)**

नोखा प्रखंड क्षेत्र के सभी प्रखंडों के शहरी व गांवों में गुरुवार को शांतिपूर्ण माहौल में जिला प्रशासन की निगरानी में पुरोषोत्तम मयार्दा श्रीराम शोभायात्रा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

रामनवमी पर्व के मौके पर एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम, जय श्रीराम एवं जय मां काली के उद्घोष से पूरा नोखा शहर गूंजमय हो उठा। शहर के नोखा पूजा समिति के तत्वावधान में दोपहर को शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर परिषद के हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर काली मंदिर होते पूरे शहर में भ्रमण किया। जिस यात्रा में हजारों की संख्या में भगवाधारी महिला,पुरुष, बुजुर्ग व बच्चें उत्साहित होकर गाजे-बाजे के साथ भगवा श्रीराम का ध्वज लिए राम भक्तों ने जय श्री राम के जयघोष लगा मग्न थे। साथ ही रथ पर सवार भगवान श्री राम, माता सीता व लक्ष्मण महाराज सहित पवन पुत्र हनुमान जी महाराज की भव्य झांकी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा में दर्जनों



हाथी,घोड़े,ऊट भी आकर्षण का केंद्र बना रहा। अवसर नगर परिषद क्षेत्र में जगह-जगह पर सामाजिक लोगों के द्वारा शर्बत, शीतल पेयजल का व्यवस्था की गई थी। जहां भक्तों की काफी भीड़ उमड़ पड़ी थी। शोभायात्रा के दौरान असमाजिक तत्वों के गतिविधि पर नजर रखने के लिए जिला प्रशासन सासाराम एसडीपीओ दिलीप कुमार व एसडीपीओ-2 कुमार वैभव के नेतृत्व में नगर सहित पूरे प्रखंड क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था काफी सख्त दिखा। जिसको लेकर चप्पे- चप्पे पर दंडाधिकारी पुलिस अफसर एवं जवान ड्यूटी में तैनात थें। दूसरी तरफ शोभायात्रा में स्वयं दोनों सासाराम एसडीपीओ रुट क्षेत्र में घूमकर विधि-व्यवस्था का निरीक्षण करते रहें। साथ ही ड्रोन कैमरा से भी नजर रखी जा रही थी। जबकि शोभायात्रा को देखने के लिए सड़कों पर राम भक्तों का जन सैलाब देखने को मिला। जिसे देखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों सहित शहरी इलाकों से हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य रविशंकर सिंह, सभापति राधेश्याम सिंह, उपसभापति धनजी सिंह, बीड़ीओ अतुल गुप्ता, सीओ मकसूदन चौरसिया सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश कुमार दास, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार, बिहारी प्रसाद गुप्ता, राजेंद्र सिंह विजय पटेल, वीर बहादुर सिंह मुन्ना कुमार,मनोज गुप्ता, अनील हिंदू ,अनील कुमार बिदेलाल कुशवाहा, भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल, लक्ष्मण प्रसाद सहित हजारों भक्त शोभायात्रा में शामिल हुए।

# पुलिस को देख तस्कर फरार, 81 पीस शराब व बाइक जब्त



**केटी न्यूज/चेनारी।**

थाना अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के दौरान तेलारी बाजार शिव मंदिर से पुलिस ने 81 पीस 180 अंग्रेजी शराब के साथ मोटरसाइकिल को जब्त किया। पुलिस को देखते ही शराब तस्कर मोटरसाइकिल छोड़ फरार हो गए। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टीम गठित कर वाहन चेकिंग लगाया गया जो की तेलारी बाजार स्थित शिव मंदिर के समीप पल्सर बाइक पर सवार होकर दो लोग कुदरा के तरफ से आ रहे थे तभी पुलिस को देखते हैं बाइक को खड़ा कर फरार हो गया जांच करने के बाद 81पीस 180 एमएल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया और जांच करने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## बालू कारोबारी के घर ईडी की रेड

**कोचस।** थाना क्षेत्र के श्रीपालपुर मे बालू कारोबार से जुड़े मामले में ईडी ने मोर मुकुट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निर्देशक के घर छापेमारी की है। आपको बताते चले की कोचस थाना क्षेत्र के श्रीपालपुर गांव मे मोर मुकुट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक जितेंद्र कुमार सिंह के घर ईडी के द्वारा छापेमारी की गई है। प्रवर्तन निदेशालय के निर्देश पर लालू यादव के करीबी सुभाष यादव के मोर मुकुट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से जुड़े बालू कारोबार मामले में कंपनी के निर्देशक जितेंद्र कुमार सिंह लंबे समय से फरार चल रहे हैं, जिसमें ईडी की टीम ने उनके घर लगभग 5 घंटे तक छापेमारी की है। हालांकि ईडी टीम के हाथ क्या लगी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं ईडी टीम ने जितेंद्र कुमार के परिजनों को नोटिस दे कहा कि 19 अप्रैल तक किसी भी हाल में ईडी के समक्ष सरेंडर कर दे नहीं तो ईडी टीम कठोर कार्रवाई करेगी।

# संविधान बचाना आज का सबसे बड़ा एजेंडा: दीपंकर



**केटी न्यूज/पटना**

आइलाज के बैनर से आज पटना उच्च न्यायालय परिसर में डॉ. अंबेडकर निर्मित संविधान पर बढ़ते हमले विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में मुख्य वक्ता के बतौर माले महासचिव का। दीपंकर भट्टाचार्य शामिल हुए। अन्य वक्ताओं में अधिवक्ता अरूण कुशवाहा, रामजीवन सिंह, राजाराम आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता उदय प्रताप सिंह ने तो संचालन आइलाज की मंजू शर्मा ने किया।

माले महासचिव ने कहा कि भाजपा के कई नेता अब खुलकर संविधान बदलने की बात कह रहे हैं। मोदी अपनी पार्टी के वैसे नेताओं पर कार्रवाई नहीं करते बल्कि कहते हैं कि अंबेदकर भी आ जाएं तो संविधान नहीं बदल सकता। यह चोर की दाढ़ी में तिनका है। उन्हें कहना चाहिए था कि गोलवरकर भी आज जाएं तो संविधान नहीं बदलेगा। फैजाबाद से उनके निवर्तमान सांसद व लोकसभा 2024 के चुनाव के उम्मीदवार लल्लू सिंह कह रहे थे कि चूंकि भाजपा को संविधान बलदना है और नया संविधान बनाना है इसलिए 400 सीटें चाहिए। सामान्य बहुमत से यह नहीं हो सकता। इसके पहले भाजपा सांसद अनंत हेगड़े भी ऐसा वक्तव्य दे चुके हैं। जाहिर सी बात है कि भाजपा का संकल्प पत्र भारत के संविधान को बदल देने की गहरी साजिश है। उन्होंने कहा कि अच्छा से अच्छा संविधान भी किन लोगों के हाथों में है, यह महत्वपूर्ण है। भाजपा के शासन में लगातार बढ़ती तानाशाही कोई एक घटना तक सीमित नहीं है बल्कि यह लंबे दौर से गुजरते हुए यहां तक पहुंची। जहां संविधान की मूल भावन का उल्लंघन करते हुए नागरिकता को धार्मिक आधार पर विभाजित किया।

# डिब्बा खोलते ही डॉक्टरों के उड़े होश, मची अफरा-तफरी

- खेत में सांप ने काटा, व्यक्ति सांप को पकड़कर पहुंचा अस्पताल

**केटी न्यूज/कटिहार**

बिहार में एक व्यक्ति हाथ में गंदा सा डिब्बा लिए अस्पताल में दाखिल हुआ। वहां माजूद लोगों ने उसकी हालत देखकर उसे नजर अंदाज कर दिया कोई समझा नहीं पा रहा था वैसे धीरे धीरे डाक्टर के रुम की तरफ बढ़ रहा था। वह डॉक्टर के पास पहुंचा और कहा उसे कांप ने काट लिया है और वह इलाज कराने यहां आया है उसके बाद उसने जैसे ही डिब्बा खोल कर दिखाया तो वहां मौजूद डॉक्टरों और नर्सों के होश उड़ गए। सभी दूर भागने लगे। उस व्यक्ति ने बताया कि वह काटने वाले सांप को ही पकड़ लाया है वह इसलिए कि डॉक्टरों को जहर को लेकर कोई कंफ्यूजन नहीं हो। घटना कटिहार जिले के गोवा गाछी गांव की बताई जा रही है। जहां मो. शकूर नाम का यह व्यक्ति अपने गेहूं के खेत में काम कर रहा था तभी सांप ने उसे डस लिया। वह घबरा गया और उसके पैर में सूजन आ गई। उसके बाद शकूर ने तुरंत ही अपने पास रखे कपड़े की मदद से सांप को पकड़ लिया। उसे एक डिब्बे में बंद करके अस्पताल पहुंच गया। पहले शकूर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचा। उसके बाद वहां से सदर अस्पताल भेज दिया गया। करैत सांप डिब्बे में रखा हुआ था सदर अस्पताल में शकूर को देखने वालों का तांता लग गया। डॉक्टरों ने शकूर का इलाज शुरू किया। अब शकूर खतरे से बाहर बताया जा रहा था। परिजनों ने उसकी सलामती के लिए दुआ भी मांगी। उधर, स्थानीय लोगों ने बताया कि शकूर के हिम्मत की दाद देनी होगी। उसने काटने वाले सांप को ही पकड़ लिया और उसे डिब्बे में बंद कर दिया। इस तरह की घटना बहुत कम देखने को मिलती है। फिलहाल, मो. शकूर पूरे इलाके में चर्चा का विषय बने हुए हैं।







# रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता के जरिए मतदाताओं को किया जागरूक

♦ प्राथमिक व महिला महाविद्यालय में आयोजित किए गए कार्यक्रम

**केटी न्यूज/ गाजीपुर।**

घर से बाहर निकलकर सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चाहे वह 80 साल से उपर के व्यक्ति हों या दिव्यांग हों या 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवा। सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करें और जनपद के मत प्रतिशत को बढ़ाने में अपना योगदान दे।

इसी क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देशन में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों व महाविद्यालयों के तहत जिला स्वीप को-आर्डिनेटर के नेतृत्व में चुनावी पाठशाला लगाकर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नित्य कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला एवं कलश के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित कर लगातार जागरूक किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय लहना, महिला महाविद्यालय में न्याय पंचायत धरवां एवं विकास खण्ड देवकली में रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता कार्यक्रम, महिला ग्राम पंचायत सचिवालय लहना विकास खंड भदौरा, भॉवरकोल ब्लाक एवं बिरनो ब्लाक में विभागीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर के रूम में, कंपोजिट विद्यालय कुंडेश्वर मोहम्मदाबाद एवं मार्डन प्राइमरी स्कूल कुसम्हीं खुर्द देवकली में मतदाता को जागरूकता करने के लिए चित्रकला एवं वाल पेन्टिग तथा हाथों पर मेहंदी, वोट डालना अपना अधिकार आदि का सुंदर-सुंदर चित्र बनाकर लोगों तक एक संदेश के रूप में एक जून 2024 को अपना मतदान करने को कहा। साथ ही उपस्थित छात्र/छात्राओं के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्यो द्वारा शपथ भी दिलाई गयी। जिसमें निर्वाचन की गरीमा को अच्छूर्ण रखते हुए निर्भिक होकर, धर्म, वर्ग, न्याय, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें लोगों को आगामी एक जून 2024 को पूरे जोर-शोर से मतदान करने के लिए जागरूक किया। सभी को बढ़- चढ़कर मतदान करने तथा जनपद का प्रथम नंबर पर वोट प्रतिशत लाने के लिए जागरूक किया गया। इसी क्रम में राजकीय बालिका इंटर कालेज जमानियॉ के प्रधानाचार्य सरिता जायसवाल एवं विद्यालय के छात्रों द्वारा झाकियॉ निकालकर जन-जन की है यही पुकार, वोट देना है अधिकार' का नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया गया।



## एक नजर

### एसपी कार्यालय के सामने विधायक प्रतिनिधि की कार के ऊपर गिरा पेड़, बाल-बाल बचे

**बलिया।** सिविल लाइन स्थित एसपी कार्यालय के सामने गुरुवार की दोपहर सिकंदरपुर के विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी के प्रतिनिधि डॉ. मदन राय की कार के उपर विशालकाय पेड़ गिर गया। जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि प्रतिनिधि डॉ. मदन राय व चालक मनोहर मिश्रा बाल-बाल बच गए। पेड़ गिरने के बाद मौके पर भगदड़ की स्थिति हो गई, चूंकि पेड़ के साथ बिजली का हाईवोल्टेज तार भी टूटकर गिर गया, लिहाजा पूरे इलाके की बिजली गुल हो गई। वहीं एसपी कार्यालय के सामने पेड़ गिरने से पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंचकर पेड़ को कटवाकर हटाने में जुट गई है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि विधायक प्रतिनिधि किसी काम से बलिया आए हुए थे, सिविल लाइन स्थित एसपी कार्यालय के रास्ते कहीं जा रहे थे, तभी एसपी कार्यालय के पास थोड़ी देर रूककर बाहर कहीं गए हुए थे, तभी पेड़ गिरा।



### एनडीए पूंजिपतियों का कर्जा माफ करती है, हम गरीबों का माफ करेंगे: संग्राम सिंह



**बांसडीह।** लोकसभा 2024 चुनाव का आगाज हो चुका है। सभी राजनीतिक दल चुनावी कसरत शुरू कर दिए हैं। एक तरफ एनडीए सत्ताधारी है तो दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन ने पूरी तरह से ताकत झोंक दिया है। इंडिया गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की संयुक्त बैठक बांसडीह के आदित्य मैरिज हॉल में आयोजित हुई। जिसके मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष व फेफना से विधायक सग्राम सिंह यादव रहे। जहां विधायक ने जमकर हुंकार भरी। बता दें कि बलिया में दो संसदीय क्षेत्र है। जिसमें सलेमपुर लोकसभा से इंडिया गठबन्धन की तरफ से सपा ने रमाशंकर राजभर ( विद्यार्थी ) को प्रत्याशी घोषित किया। जबकि बलिया संसदीय सीट से इंडिया गठबन्धन ने उम्मीदवार अभी तक नहीं दिया है। लोकसभा बलिया में फेफना विधानसभा पड़ता हैं, जहां से विधायक संग्राम सिंह यादव हैं। जिन्हें सपा ने जिलाध्यक्ष की भी जिम्मेदारी दी है। सलेमपुर संसदीय क्षेत्र के बांसडीह में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रमाशंकर राजभर को जिताने के लिए कार्यकताओं के अंदर जोश भरा। कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व राहुल गांधी ने यह घोषणा किया है कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही अग्नि वीर योजना को समाप्त कर दिया जाएगा। हिंदुस्तान के प्रत्येक गरीब महिलाओं के खाते में 8500 महीना उनके बैंक के अकाउंट में डाल दिया जाएगा ।यह सरकार भ्रष्टाचार की जननी है। यह सरकार उद्योगपतियों का तो पैसा माफ करती है। लेकिन गरीबों का पैसा माफ नहीं करती। आज लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे है। किसानों के लिए हम एमएसपी लाएंगे। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुशांत राज भारत ने कहा की सरकार फिर दोबारा सत्ता में आ गई तो संविधान को बदल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सलेमपुर से बर्तमान सांसद के पिता चार बार और दो बार ये पर कही भी सलेमपुर संसदीय क्षेत्र में कोई बिकास कार्य नही। भाजपा के दो सांसद संविधान बदलने की बात कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि रूस और चीन के तर्ज पर यहां पर भी चुनाव होने लगेगा। इलेक्टरल बॉन्ड के नाम पर या सरकार दुनिया की सबसे घोटालेबाज सरकार साबित होगी। कांग्रेस के प्रदेश सचिव अभिजीत तिवारी सत्यम ने कहा इंडिया गठबंधन 2024 में सरकार बनाएगी । यह सरकार केवल जुमलेबाजी में व्यस्त है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्याम बहादुर सिंह, यशपाल सिंह, आशीष सिंह, अनिल राय, बीरबल राम, रंजीत चौधरी, छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ,उमेश मिश्र,उपेन्द्र सिंह,रमेश वर्मा,अनिल यादव,फागु यादव, छोटक राजभर, अरविंद यादव, आदि रहे। अध्यक्षता उदय बहादुर सिंह तथा संचालन चन्द्रशेखर यादव ने किया।

## खबरें फटाफट

### अब वर्कबुक से पढ़ेंगे दिव्यांग बच्चे

**बलिया।** नगर के रामलीला मैदान स्थित कार्यालय में गुरुवार की दोपहर बीएसए मनीष कुमार सिंह ने बताया कि परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों के लिए वर्कबुक तैयार की गई है। इसका फायदा खासतौर पर श्रवण बाधित बच्चों को मिलेगा। इसकी मदद से ये विद्यार्थी गणित और भाषा का अभ्यास आसानी से कर सकेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से यह पुस्तक जिला मुख्यालय पर उपलब्ध करा दी गई है। दिव्यांग बच्चों के लिए वैसे तो पठन-पाठन की व्यवस्था पहले से हैं। उनके लिए अलग से रोचक पूर्ण पाठ्यक्रम न होने की स्थिति में अब सुगम वर्कशीट तैयार कराई गई है। इन्हीं के जरिए दिव्यांग बच्चों को भी सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। समेकित शिक्षा के तहत वर्कशीट से मूक बधिर मानसिक तौर पर अक्षम के अलावा अधिगम अक्षमता वाले बच्चे आसानी से पढ़ाई कर सकेंगे। शिक्षकों के अनुसार, श्रवण बाधित विद्यार्थियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होती है कि वह शिक्षक के दिए निदेर्शों को कक्षा में सुन नहीं पाते हैं। इस कारण उन्हें विषय का अभ्यास करने में परेशानी होती है। विभाग ने समस्या का समाधान करते हुए वर्कबुक तैयार की है। जिलास्तर पर इसको उपलब्ध करा दिया गया है। इस सप्ताह वर्कबुक का वितरण स्कूलों में कराया जाएगा ताकि शिक्षक इसका उपयोग करा सकें।

## 17 मई को नॉमिनेशन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पोस्टल बैलेट से संबंधित होगा कार्य

# निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता अक्षम्य: निर्वाचन अधिकारी

♦ पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया के संबंध में एआरओ एवं समस्त टीम के साथ कलेक्ट्रेट में की बैठक

**केटी न्यूज/ बलिया**



जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार ने पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया, ईडीसी इत्यादि के संबंध में समस्त एआरओ और समस्त टीम एवं बैलेट पेपर मुद्रण के प्रभारी अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट में गुरूवार की दोपहर बैठक की। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एआरओ, ईआरओ और बैलेट पेपर प्रभारी अधिकारियों को सर्विस मतदाताओं एवं अन्य श्रेणियों के मतदाताओं के लिए डाक पत्र की छपाई एवं मुद्रण, सर्विस मतदाताओं द्वारा भेजे गए डाक मतपत्रों को प्राप्त कराना, मतदान कार्मिकों हेतु डाकपत्र,पोस्टल बैलट की गणना और मतगणना के पश्चात सूचनाओं को समयबद्ध रूप से तैयार किए जाने का कार्य संबंधी बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी.बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त अधिकारियों से कहा कि 1 से 4 मई तक मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण एवं 20 से 26 में तक द्वितीय प्रशिक्षण संपन्न होगा 17 मई को नॉमिनेशन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पोस्टल बैलेट से संबंधित कार्य होता है। उन्होंने एआरओ प्रिंटिंग और प्रभारी पोस्टल बैलेट को 'कितने पोस्टल बैलेट छपवाना पड़ेगा इसकी संख्या का अनुमान लगाने संबंधी सूचना को 18 मई तक संग्रहित और प्राप्त करने का निर्देश दिया। कहा कि पोस्टल बैलेट की व्यवस्थाओं को लेकर निर्वाचन आयोग बहुत गंभीर है। इसलिए सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुरूप ही अपने से संबंधित प्रकोष्ठ के कार्यों की कार्य योजना निर्धारित समय के अनुसार तैयार करते हुए उसे अंतिम रूप प्रदान करेंगे।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा। कोई भी त्रुटि मान्य नहीं होगी। जिसको जो उत्तरदायित्व दिया गया है उससे संबंधित आयोग की गाइडलाइंस एवं हैंडबुक का गहनता से अध्ययन कर लें। कहा कि सभी नोडल अधिकारियों पर अपनी पूरी टीम का मार्गदर्शन करने, नियंत्रित करने और आयोग के दिशा निदेर्शों के अनुसार कार्यों को संपन्न कराने का उत्तरदायित्व होगा।सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का सकुशलतापूर्वक निर्वहन करेंगे, ताकि जनपद में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र निष्पक्ष शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से संपन्न कराया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि समस्त अधिकारी चुनाव के दौरान प्राप्त होने वाले निदेर्शों का शत शत प्रतिशत अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, एडीएम डीपी सिंह,प्रभारी जिला निर्वाचन अधिकारी अखिलेश यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 12 अन्य वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों की सहायता से मतदान कर सकते हैं मतदाता : जिला निर्वाचन अधिकारी



**चंदौली।** जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टी. फुंडे ने बताया कि जनपद चंदौली में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान एक जून को मतदान होगा। मतदान के समय ऐसे मतदाता जिनके पास अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र न हो, वे 12 अन्य वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में से किसी एक को प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं। जिलाधिकारी/ निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्ड मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं की पहचान के लिए अनुमन्य होंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बीएलओ द्वारा वितरित मतदाता सूचना पर्ची को पहचान दस्तावेज के रूप में मान्य नहीं किया जाएगा। मतदाताओं को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए उपर्युक्त में से कोई एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, प्रवासी निर्वाचकों को केवल उनके मूल पासपोर्ट के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

## गाजीपुर व चंदौली जनपद के विभिन्न तहसीलों में अगलगी की घटना ने मचाई तबाही

# गेहूं के खेत में लगी भीषण आग, सैकड़ों बीघा फसल जलकर राख

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के विभिन्न तहसीलों में भीषण अग्निकांड के कारण सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस दौरान जमानियां तहसील क्षेत्र के ग्राम नईबजार स्थित खरगसीपुर मौजा में अज्ञात कारणों से लगी आग से करीब 100 बीघा खड़ी गेहूँ की फसल जल कर राख हो गई। गांव के पश्चिमी सिवान में खड़ी गेहूँ की फसल में अचानक आग की उठती लपटों को देख ग्रामीण लाठी-डंडा लेकर खेतों की तरफ दौड पड़े, लेकिन तेज हवा का साथ पाकर आग विकराल रूप धारण कर तेजी से अन्य खेतों में पकी खड़ी गेहूं की फसल को अपने आगोश में कर गांव की तरफ बढ़ने लगा।

**दमकल के दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू**

ग्रामीण लाठी व डंडा की सहायता से आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे तथा दमकल विभाग को सूचित किया गया। ग्रामीण व फायर कर्मियों की कड़ी मशक्कत से करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। गाजीपुर से सटे पड़ोसी जनपद चंदौली के ग्राम असना के सिवान से गेहूँ की खड़ी फसल में लगी आग पछुवा हवा का साथ पाकर तीव्र गति से खरगसीपुर मौजा के करीब एक सौ बीघा गेहूँ की खड़ी फसल को जलाकर राख कर दिया। असना से लेकर खरगसीपुर तक करीब 800 बीघा गेहूँ की फसल जलकर हो गया है। फायर बिग्रेड व ग्रामवासियों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया। थोड़ी भी लापरवाही होती तो आग गॉव को तबाह कर देता। आगलगी में नईबजार गॉव के जहागीर खाँ का 8 बीघा, असलम खॉ का सात बीघा, अलीशेर खां का तीन बीघा, गनपत यादव का तीन बीघा व अफजल खाँ, जल्लू खाँ, मकसूद खाँ, लियाकत खॉ, मुहाइददीन खाँ, तैफीक खॉ सहित कई किसानों का गेहूँ की खड़ी फसल जलकर राख हो गया। बताते चलें कि विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित किसानों को सांत्वना दिया तथा जल्द ही क्षतिपूर्ती दिलाने का भरोसा दिलाया। मौका मुआयना कर रहे लेखपाल विजय कुमार, मंतोष सिंह ने बताया कि आगलगी के कारण फसल के क्षति का आंकलन किया जा रहा है। जल्द ही रिपोर्ट उच्चाधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा।




### जसौली गांव की पांच बीघा जली गेहूं की फसल



**चंदौली।** कोतवाली क्षेत्र के जसौली गांव में बृहस्पतिवार को अचानक आग लग गई। अगलगी की जानकारी के बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। जानकारी के बाद मौके पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने ग्रामीणों की सहायता से किसी प्रकार आग पर काबू पाया लेकिन तब तक पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। बताते हैं कि सदर ब्लाक स्थित नरसिंहपुर ग्राम सभा के जसौली में शनिवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसे करीब पांच बीघा फसल जलकर राख हो गई। मौके पर सूचना पाकर नवीन मंडी चौकी प्रभारी राघवेंद्र सिंह एवं फायर ब्रिगेड एवं ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। अगलगी में तरुण श्रीवास्तव ,आशु श्रीवास्तव ,उमेश श्रीवास्तव ,महेश श्रीवास्तव ,सुजीत श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव,अन्नपूर्णा सिंह की गेहूं की फसल जल गई है। इसकी सूचना तहसील प्रशासन को दे दी गई ताकि आगे कार्रवाई की जा सके।

### दो गांवों में लगी भीषण आग, कई बीघा गेहूं जलकर राख



**गाजीपुर।** सुहवल थाने के दो अलग-अलग गांव सुहवल व बवाड़ा मुस्तकहम के सिवान में आज दोपहर हाइटेंशन विद्युत तार के शार्ट-सर्किट से छिटकी चिंगारी के कारण चार किसानों के कुल सात बीघे खेत में गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख में तब्दील हो गई। इस कारण किसानों को बड़े पैमाने पर नुकसान उठाना पड़ा। अग्नि पीड़ित किसानों की मानें तो इस अलगली में करीब 70 कुंतल गेहूं के नुकसान का अनुमान है। इसकी कीमत करीब दो लाख है।आग लगने की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठी हो गई। इसकी सूचना लोगों ने फायर ब्रिगेड को देने के साथ अपने निजी संसाधनों से आग पर काबू पाने में जुट गए। कड़ी मशक्कत के घंटों बाद ग्रामीणों ने खुद आग पर काबू पा लिया, लेकिन आग बुझाने तक दमकल की गाड़ी नहीं पहुंच सकी। इस कारण आक्रोशित लोगों ने इसकी सूचना 1076 पर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे लेखपाल विकास सिंह ने हुए अगलगी की सर्वे रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दिया।

वहीं ग्रामीणों ने मांग किया कि सीवानों लगे जर्जर पोल व तार को जल्द बदला जाए, ताकि निकट भविष्य में दोबारा इस तरह की अगलगी की घटना होने से बचा जा सके। ऐसे में किसानों को होने वाला आर्थिक नुकसान न उठाना पडे। किसानों ने बताया कि यह संयोग रहा कि घटना के समय पछुंआ हवा का दबाव कुछ कम हो गया।अन्यथा नुकसान कितना बड़ा हो सकता था इसका शायद ही अनुमान लगाया जा सकता। लोगों ने बताया पहली अगलगी की घटना सुहवल गांव के दक्षिण तरफ नहर के समीप हुई। जिसमें केशव राय व गजेंद्र राय की तीन बीघे गेहूं की खडी फसल जलकर राख हो गई। जबकि दूसरी अगलगी की घटना बवाडा मुस्तकहम में हुई जिसमें श्रीप्रकाश सिंह व बचानी देवी के खेतों में खड़ी गेहूं की चार बीघे खड़ी फसलकर आग की भेंट चढ़ गई। लोगों ने मांग किया कि किसानों की फसलों का हुए नुकसान को देखते हुए उन्हें जल्द आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया जाए। ताकि उनकी आर्थिक स्थिति पटरी पर आ सके।तहसीलदार देवेन्द्र यादव ने बताया कि आग लगने की सूचना है, लेखपाल के सर्वे रिपोर्ट के आधार पर किसानों को सहायता दी जाएगी ।



# गाजीपुर सीट पर अफजाल, पारसनाथ व डॉ. उमेश के मध्य होगी सियासी जंग

## लोकसभा चुनाव

**अखिलानंद तिवारी/गाजीपुर**

उत्तर भारत की सबसे अहम और पूर्वांचल की चर्चित लोकसभा सीटों में से एक गाजीपुर संसदीय सीट पर एक बार फिर भाजपा, सपा और बसपा के बीच घमासान होना तय है। देखा जाए तो वर्ष 2019 में सपा, बसपा और रालोद गठबंधन में अफजाल अंसारी को 5, 56, 082 वोट मिले थे। इस चुनाव में करीब सवा लाख वोटों से जम्मू कश्मीर के वर्तमान उपराज्यपाल मनोज सिन्हा चुनाव में पीछे रह गए थे। गाजीपुर लोकसभा से वर्ष 2019 के चुनाव में कुल 4, 46,690 मत मनोज सिन्हा को मिले थे। इस बार कांग्रेस व सपा गठबंधन के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी को प्रत्याशी बनाया है। जबकि भाजपा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पुराने कार्यकर्ता पारसनाथ राय एवं बसपा सुप्रीमो मायावती ने डा. उमेश सिंह को चुनाव मैदान में उतरा है। हालांकि अभी तक सपा चुनाव मैदान में पूरी तरह पकड़ बनाए हुए हैं। जबकि भाजपा एवं बसपा के नये प्रत्याशियों के लिए 2024 का लोस चुनाव चुनौती बना हुआ है। भाजपा व बसपा उम्मीदवार गाजीपुर की सियासी जमीन पर अब राजनीतिक पंडितों के साथ मिलकर नयी रणनीति तैयार करने में जुटे हैं।

### लोकसभा चुनाव -2019

लोकसभा चुनाव -2019 में इस सीट पर कुल 1881077 मतदाता थे। पिछले चुनाव में बसपा उम्मीदवार अफजल अंसारी ने बड़ी जीत हासिल की थी। उन्हें 5, 66, 082 वोट हासिल हुए थे। तब अफजल अंसारी को लोकसभा सीट में मौजूद कुल मतदाताओं में से 30.09 प्रतिशत वोटरों का समर्थन प्राप्त हुआ था। उन्हें कुल डाले गए वोटों में से 51.11 प्रतिशत वोट मिला था। लोकसभा चुनाव -2019 के दौरान इस सीट पर बीजेपी प्रत्याशी मनोज सिन्हा दूसरे स्थान पर रहे। जिन्हें 4, 46, 690 वोट मिले थे, जो संसदीय सीट के कुल मतदाताओं में से 23.75 प्रतिशत का समर्थन मिला था। उन्हें कुल डाले गए वोटों में से 40.33 प्रतिशत वोट मिले थे। इस सीट पर आम चुनाव 2019 में जीत का अंतर 1,19,392 था।

### लोकसभा चुनाव -2014

गाजीपुर लोकसभा सीट पर वर्ष 2014 में हुए आम चुनाव के दौरान 18, 01, 519 मतदाता दर्ज थे। उस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मनोज सिन्हा ने कुल 3, 06, 929 वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी। उन्हें लोकसभा क्षेत्र के कुल मतदाताओं में से 17.04 प्रतिशत ने समर्थन दिया था और उन्हें उस चुनाव में डाले गए वोटों में से 31.11 प्रतिशत वोट मिले थे। उधर दूसरे स्थान पर रहे थे सपा के उम्मीदवार शिवकन्या कुशवाहा को 2, 74, 477 मतदाताओं का समर्थन हासिल हो सका था, जो लोकसभा सीट के कुल वोटरों का 15.24 प्रतिशत था और कुल वोटों का 27.82 प्रतिशत था। लोकसभा चुनाव -2014 में इस संसदीय सीट पर जीत का अंतर 32, 452 था।

### लोकसभा चुनाव -2009

गाजीपुर संसदीय सीट पर वर्ष- 2009 में हुए लोकसभा चुनाव पर एक नजर डालें तो 15, 27, 723 मतदाता मौजूद थे। जिनमें से सपा उम्मीदवार राधेमोहन सिंह ने 3, 79, 233 वोट पाकर जीत हासिल की थी। राधेमोहन सिंह को लोकसभा क्षेत्र के कुल मतदाताओं में से 24.82 प्रतिशत वोटरों का समर्थन हासिल हुआ था। जबकि चुनाव में डाले गए वोटों में से 49.22 प्रतिशत वोट उन्हें मिले थे। दूसरी तरफ उस चुनाव में दूसरे स्थान पर बसपा के उम्मीदवार अफजल अंसारी थे। जिन्हें 3,09,924 मतदाताओं का साथ मिला था। यह लोकसभा सीट के कुल वोटरों का 20.29 प्रतिशत था और कुल वोटों का 40.23 प्रतिशत था। इस संसदीय सीट पर जीत का अंतर 69, 309 रहा था।

## एक नजर

### जीतेंगे तो सबसे पहले भाजपा प्रत्याशी के घर के पास पानी टंकी चालू करवाएंगे: रमाशंकर



**बिल्थरारोड।** सलेमपुर लोकसभा से सपा से पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर को प्रत्याशी बनाये जाने के बाद पहली बार गुरुवार को बेल्थरारोड रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर सपा व इंडिया गठबन्धन के कार्यकताओं ने फूल मालाओं के साथ गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद रमाशंकर कहा कि रवींद्र कुशवाहा संसद में अपने ही सरकार में घर के पास स्थित पानी टंकी के चालू नही होने की रोना रोये थे। इस बार जब हम जीतेंगे तो सबसे पहली प्राथमिकता वर्तमान सांसद व भाजपा प्रत्याशी रविन्द्र कुशवाहा के घर के पास स्थित पानी टंकी के पेयजल आपूर्ति को चालू कराएंगे। घाघरा नदी पर बने पुल पर जीवन रक्षक जाली लगाएंगे। बकुलहा तक रेलवे लाइन बनवाने का पहल करेंगे। कहा कि भाजपा जो चार सौ पार का नारा दे रही है। उसको जनता जान चुकी है। भाजपा जाति और मंदिर के नाम पर वोट लेकर जनता को छलने का काम किया है। सपा और इंडिया गठबंधन का आशा बहु, रोजगार सेवक, मनरेगा मजदूरों, समूह में काम करने वाली महिलाओं का नारा चार सौ रोज का नारा है। यहां सपा प्रचंड मतों से जीत का परचम लहरायेगी। सपा प्रत्याशी रमाशंकर राजभर बेल्थरारोड रेलवे स्टेशन से नगर भ्रमण करते हुए खुले वाहन पर सवार होकर लंबे काफिले के रूप में चौकियां, मालीपुर, नगरा, भीमपुरा, उधरन आदि चट्टी चौराहे पर पहुँचकर लोगो से आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आद्याशंकर यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनय प्रकाश अंचल, विधानसभा अध्यक्ष समशाद बासपारी, बब्बन यादव, राजनाथ यादव, इरफान अहमद, पार्टी के प्रदेश सचिव रुद्रप्रताप यादव, गोपाल यादव, जयप्रकाश यादव, रामाश्रय यादव, संजय यादव, पिंटू यादव,कांग्रेसी नेता अशोक सिंह, कोकिल राम, अहमद कमाल लड्डन, वीरेन्द्र रामपुरी, रामकृपाल यादव सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्व. भगवंती देवी की दूरदर्शिता ने महिलाओं को शिक्षित कर आगे बढ़ाने का कार्य किया: दर्शना सिंह

**चंदौली।** चहनियां स्थित मां खंडवारी महिला महाविद्यालय में सेवड़ी ग्राम सभा की पूर्व प्रधान व व महिला महाविद्यालय की प्रबंधक भगवंती देवी की तृतीय पुण्यतिथि गुरुवार को मनाया गया। मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद दर्शना सिंह, विशिष्ट



अतिथि लोकनाथ महाविद्यालय के संस्थापक प्रबंधक धनंजय सिंह ने भगवंती देवी के मूर्ति व तैल चित्र पर माल्यार्पण व धूप दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। महाविद्यालय व इंटर कालेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि राज्य सभा सदस्य को मां खंडवारी ग्रुप आफ कालेज के संस्थापक प्रबंधक डॉ. राजेन्द्र प्रताप सिंह व प्रबंध निदेशक डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि एक घर की साधारण महिला स्व० भगवंती देवी की सोच ने बच्चियों के शिक्षा के लिए महिला महाविद्यालय का स्थापना करवा कर महिलाओं को शिक्षित कर आगे बढ़ाने का कार्य किया। उनकी सोच व दिखाए गये रास्ते और संस्कारों को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए। मां की ममता और मार्गदर्शन बहुत ही संस्कारवान होता है। इसको ध्यान में रखते हुए इन महान विभूतियों के आचरण का अनुसरण करना चाहिए। प्रथम शिक्षक व गुरु मां होती है। उनसे हमें बहुत कुछ सिखने का प्रेरणा मिलती है।

## खबरें फटाफट

### अंतराज्यीय साइबर गिरोह का भंडाफोड़ छह गिरफ्तार

**मऊ।** जनपद की सरायलखनसी पुलिस ने अंतराज्यीय साइबर गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि पुलिस बुधवार देर शाम चेकिंग कर रही थी इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर चांदमारी इमिलिया में पैसे का लेन-देन और लैपटॉप की अदला-बदली कर रहे 06 शातिरों को संदेह होने पर पकड़ा। पकड़े गए दुर्गेश गिरी पुत्र राजेश गिरी निवासी सेमरी जमालपुर थाना घोसी, दीपक कुमार वर्मा पुत्रचन्देश्वर प्रसाद निवासी तेज पुरवा सरन बिहार, पी रोहन कुमार पुत्र पी प्रभु कुमार, हिमांशु साहू पुत्र दानेश्वर निवासीगण जामुल दुर्ग छतीसगढ़, रोशन कुमार पुत्र अनिल कुमार निवासी चकजोहरा, धनरूवा पटना बिहार एवं विजय मुंडा पुत्र स्व. कृष्णा मुण्डा निवासी बरकाकाना रामगढ़ झारखंड के रूप में हुई। गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री वनगर क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार पांडेय ने बताया कि पकड़े गए सभी छह के कब्जे से 16 मोबाईल, 4 लैपटॉप, 30 एटीएम कार्ड, 15 चेकबुक, 48 सिम किट, 3 पासबुक के साथ 2 बाइक बरामद कर गिरफ्तार किया गया। आगे बताया कि पूछताछ के दौरान सभी ने बताया कि वह लोगों से मोबाइल व लैपटॉप के माध्यम से छलपूर्वक पैसा बैंक के माध्यम से लेते थे। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रवीण सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना सरायलखंसी, उनि प्रभात चन्द्र पाठक मनमोहन सिंह, सुनील यादव, लव कुमार, सुरजीत कुमार व पंकज कुमार शामिल थे।

### विकास भवन परिसर में लगी आग

**मऊ।** विकास भवन परिसर में गुरुवार की दोपहर को आग लग जाने से अफरा तफरी मच गई। जब तक आग लगने की घटना को विकास भवन के कर्मचारी समझ पाते तक विकराल रूप से ले लिया। यह संयोग रहा कि पछुआ हवाओं के कारण आग की लपटे चहारदिवारी के बाहर नहीं जा सकीं। आग लगने के बाद कर्मचारी बाहर भाग निकले। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम पानी डालने में जुट गई। कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। कुछ देर बाद ही आग पर काबू पा लिया गया।

## सीएम योगी ने मेरठ में जनसभा कर अरुण गोविल के लिए मांगा वोट

# पाकिस्तान भूखों मर रहा, भारत 80 करोड़ लोगों को दे रहा राशन: योगी

**केटी न्यूज/मेरठ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान एक साथ ब्रिटिश हुकूमत से आजाद हुए मगर आज पाकिस्तान भूखों मर रहा है और भारत में 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दिया जा रहा है। पाकिस्तान की आबादी 22 करोड़ है, बंटवारे के समय उनके हिस्से उर्वरा भूमि गई, बावजूद इसके आज पाकिस्तान की जनता भूखों मर रही है। वहीं पाकिस्तान की आबादी से भी अधिक लोग भारत में पिछले 10 साल में गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं। सीएम योगी मेरठ के किठौर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार अरुण गोविल के पक्ष में मतदान की अपील की।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि रामनवमी के अगले दिन ही मेरा यहां आना हुआ है। जब अरुण गोविल रामायण सीरियल में भगवान राम का रोल अदा कर रहे थे और उसके माध्यम से कलियुग में भगवान राम के जीवन को चित्रित कर रहे थे, उस समय उन्हें भी नहीं पता कि एक दिन भगवान श्रीराम अपनी जन्मभूमि पर अपना जन्मदिन मनाएंगे। जिस साल मेरठ से अरुण गोविल प्रत्याशी बने, उसी साल 500 वर्षों के इंतजार के बाद श्रीराम अपना जन्मोत्सव मना रहे हैं। आपने देखा होगा कि सूर्यवंशी राम का तिलक सूर्य की किरणों से हुआ। ये देख पूरी दुनिया अभिभूत हुई है। सीएम योगी ने सवाल भी पूछा कि श्रीरामलला के मंदिर के शिलान्यास से लेकर उनकी प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा और भव्य रामनवमी का आयोजन क्या कांग्रेस, सपा, बसपा के लोग



कर पाते? उन्होंने बताया कि रामनवमी के दिन 15 लाख लोग अयोध्या पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि हम सब मेरठ आए हैं और अरुण गोविल को लेकर आए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1857 में धन सिंह कोतवाल ने अपनी नौकरी को ठुकराकर व देश के अमर बलिदानियों की श्रेणी में खड़ा होकर स्वतंत्रता का उद्घोष किया था। उनका सपना एक ही था कि "तेरा वैभव अमर रहे मां हम दिन चार रहें न रहें"। वे अपने और अपने परिवार के लिए न होकर देश की स्वाधीनता और आने वाली पीढ़ि के उज्ज्वल भविष्य के लिए लड़े। ये हमारा सौभाग्य है कि हम सब उस सपने को साकार होता देख रहे हैं। आज मेरठ से दिल्ली 12 लेन हाईवे, रैपिड रेल की सुविधा, स्पोर्ट्स युनिवर्सिटी के साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के तमाम कार्य हुए हैं। 2014 से पहले ये सब कल्पना की बात थी। आने वाले समय में हम मेरठ को मेट्रो रेल की भी सुविधा देने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने गरीब कल्याण की तमाम योजनाओं की उपलब्धियां भी गिनाईं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के सम्मान और सुरक्षा में वृद्धि के कार्य पीएम मोदी के नेतृत्व में हुए हैं। क्या कांग्रेस के लोग कभी कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा पाते, आतंकवाद समाप्त करा पाते, तीन तलाक की कुप्रथा को समाप्त कर पाते। उन्होंने कहा कि नारी सशक्तिकरण की दिशा में सबसे ज्यादा काम भाजपा और मोदी जी ने किया है। आज प्रदेश कर्फ्यू मुक्त हुआ है, अब धूमधाम से कांवड़ यात्राएं निकाली जा रही हैं। बेटियां और व्यापारी सुरक्षित हुए हैं। आस्था का सम्मान और युवाओं के आजीविका के साधान बढ़े हैं, इसलिए क्योंकि भाजपा की सरकार और मोदी जी प्रधानमंत्री हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां की खिलाड़ी बेटी पारुल चौधरी ने जब चाइना में वहां की खिलाड़ी को हराया तो हमने उसे डिप्टी एसपी के पद पर नौकरी दी। यहां स्पोर्ट्स युनिवर्सिटी बन रही है। यहां के खेलकूद के सामान पूरी दुनिया में छा रहे हैं। अरुण गोविल को आप अपना सांसद चुनेंगे तो यहां के खेलकूद के सामानों का फ्री विज्ञापन करके आपके व्यापार को और गति देंगे। उन्होंने कहा कि जिनके लिए परिवार महत्वपूर्ण है वो इस चुनाव में सपा, बसपा और कांग्रेस की बात करेंगे, मगर जिनके लिए राष्ट्र प्रथम है वो भाजपा के प्रत्याशी का समर्थन करते हुए मजबूती से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी मोदी जी प्रतिनिधि और अरुण गोविल बनकर गांव-गांव जाएं और लोगों से कमल पर वोट देने की अपील करें।

### सपा-बसपा व कांग्रेस के लोग दंगा पॉलिसी चलाते थे: सीएम

**बुलंदशहर।** आस्था, सुरक्षा व समृद्धि के लिए भाजपा आवश्यक है। सपा-बसपा व कांग्रेस के लोग कर्फ्यू वाले हैं। इनके राज में महीनों कर्फ्यू लगा रहता था पर आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं है। दंगा कराकर यह लोग प्रदेश को अस्त-व्यस्त करते थे। यह दंगा पॉलिसी चलाते थे, हम विकास की पॉलिसी चलाते हैं। हमारी सरकार में सामान्य प्रदेशवासियों को 'राम-राम' और माफिया-अपराधियों के लिए 'राम नाम सत्य' की यात्रा के रास्ते खुले रहेंगे। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने गुरुवार को बुलंदशहर के सिकंदराबाद में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। सीएम योगी ने यहां गौतमबुद्ध नगर के सांसद व भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के लिए जनसभा कर वोट की अपील की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।
सीएम योगी ने कहा कि आज हम सभी नए भारत में हैं। 2014 के चुनाव के साक्षी लोग जानते हैं कि उस समय कैसा भारत था। वे वर्तमान पीढ़ी और नवोदित मतदाताओं को बताएं कि उसके पहले लोगों में आक्रोश, अविश्वास था। देश में आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद सिर चढ़कर बोल रहा था। देश की सभी संस्थाओं में भ्रष्टाचार चरम पर था। युवा निराश व किसान आत्महत्या कर रहा था।

## कनेक्शन देने के नाम पर मनमाना पैसा वसूल रहा बिजली विभाग

- बैरिया विद्युत उपखंड से संचालित गांवों में कनेक्शन के नाम पर हो रही धांधली
- जन मानस में आक्रोश

**केटी न्यूज/दयाछपरा**

बैरिया विद्युत उपखंड से संचालित गांवों में कनेक्शन के नाम पर घोर धांधली चल रही है,जिससे सरकार की छवि तो खराब हो ही रही है। जन मानस में भी आक्रोश व्याप्त है। बताते चले कि देहात क्षेत्र में एक किलोवाट के कनेक्शन लेने में विभाग द्वारा लगभग 1305 रुपए निश्चित किया गया है। वहीं पॉवर हाउस बैरिया से एक किलोवाट के कनेक्शन में अलग अलग रेट की पर्ची कटी है तथा उपभोक्ता जमा भी किए हैं।





आवेदन संख्या 1015092077 का कनेक्शन 1305 रुपए 96 पैसे में हुआ है,आवेदन संख्या 1014212881 के कनेक्शन में 1798 रूपए 60 पैसे लगे हैं तथा आवेदन संख्या 1015023759 के कनेक्शन में 2486 रुपए लिए गए हैं। इसको लेकर उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश व्याप्त है इस संबंध में पूछने के लिए अवर अभियंता मनोज कुमार वर्मा को फोन किया गया लेकिन वो फोन रिसीव करना मुनासिफ नहीं समझे। वहीं जब एसडीओ अंबुज तिवारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि देहात में कोनेक्शन का एक ही रेट 1305 रुपए है, लेकिन नगर क्षेत्र में पोल की दूरी के हिसाब से बढ़ जाता है। अगर पोल से 40 मीटर की दूरी है तो उसका चार्ज बढ़ जाता है। उपभोक्ताओं ने बताया कि देहात के कोनेक्शन का भी यहां कोई सही चार्ज नहीं है। इन तीनों में एक देहात का है। जिसका 1798 रुपए 96 पैसे लगे है। शेष दो कोनेक्शन नगर पंचायत बैरिया के हैं। इन दोनों की दूरी पोल से 40 मीटर के अंदर ही है। उपभोक्ताओं के अनुसार यहां जिससे जितना वसूल कर लिया जाय वही चार्ज हो जाता है तथा उतने की रसीद भी दे दी जाती हैं। उपभोक्ताओं ने संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है ताकि दोहन होने से बच सकें।

## गायत्री शक्तिपीठ गोंडा देहाती में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गायत्री यज्ञ में समर्पित की आहुतियां

# सद्ज्ञान की उपासना का ज्ञान ही गायत्री साधना है: अमरदेव

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गुरुवार को गायत्री शक्तिपीठ गोंडा देहाती पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपने व्रत का समापन करते हुए यज्ञ में आहुतियां समर्पित कीं। गायत्री मंदिर में प्रातः 8:00 बजे से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। देखते-देखते गायत्री मंदिर कैंपस खचाखच भर गया। पूजा, पाठ व अर्चना के बाद महिला श्रद्धालुओं के घंटों मंगल गीतों के गायन से वातावरण आध्यात्मिक रहा। इसके बाद अपने व्रत के समापन के लिए गायत्री परिजनों एवं व्रती लोगों ने अपने मनोकामना की पूर्ति के लिए यज्ञ में आहुतियां समर्पित की। भारी भीड़ होने के चलते यज्ञ कई पालियों में कराना पड़ा।

यज्ञ की महिमा पर प्रकाश डालते हुए गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंधक ट्रस्ट्री सुरेंद्र



सिंह ने कहा कि 'अग्नि में हवन करने से देवताओं की तृप्ति होती है। वह देवता तृप्त होकर उस मनुष्य को इच्छित समृद्धि के द्वारा संतुष्ट करते हैं। यज्ञ करने से आत्मा का मल दूर होता है। यज्ञ करने से स्वर्ग की प्राप्ति होती है। यज्ञ से लोक के समस्त दुष्कर्म का नाश होते हैं, इसमें कुछ भी संदेश नहीं। यज्ञ से ही देवताओं ने स्वर्ग का अधिकार प्राप्त किया और असुरों को हराया। यज्ञ से ही शत्रु भी मित्र बन जाते हैं।

**सद्ज्ञान की उपासना का ज्ञान ही गायत्री साधना है:** गायत्री महिमा पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ साधक कार्यकर्ता अमरदेव पांडेय ने कहा कि 'मानसिक कष्ट में गायत्री साधना से तत्काल शांति मिलती है। साधक को ऐसा आत्म बल मिलता है, ऐसी आंतरिक दृढ़ता एवं आत्मनिर्भरता प्राप्त होती है, जिसके कारण अपनी कठिनाई उसे तुच्छ दिखाई पड़ने लगती है और विश्वास हो जाता है कि वर्तमान का जो बुरे से बुरा परिणाम हो सकता है, उसके कारण भी मेरा कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता। सद्ज्ञान की उपासना का ज्ञान ही गायत्री साधना है'।

यज्ञ की पूणार्हुति के बाद सभी श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद देकर विदाई की गई। कार्यक्रम में सहयोग के रूप में समस्त गायत्री परिजनों का योगदान रहा। यह जानकारी गायत्री परिवार के जिला मीडिया प्रभारी विद्यासागर उपाध्याय ने दी।



केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



## सुभाषितम्

बुद्धि के सिवाय विचार प्रचार का कोई दूसरा शस्त्र नहीं है, क्योंकि ज्ञान ही अन्याय को मिटा सकता है। - शंकराचार्य

# लोकतंत्र के यज्ञ की प्रथम आहुति से पहले...

-राकेश अचल




अठारहवीं लोकसभा के लिए 19 अप्रैल 2024 को मतदान का पहला चरण है । आप इसे डूबते, मरते, सिसकते लोकतंत्र के पुनर्जीवन के लिए होने जा रहे महामृत्युंजय यज्ञ की प्रथम आहुति भी कह सकते हैं। दरअसल ये शब्द इसलिए इस्तेमाल कर रहा हूँ ताकि घोर सनातनियों की समझ में भी ये बात आ जाये कि यज्ञ में आहुति आँखें बंद कर नहीं दी जाती,इसके लिए आँखें खोलकर रखना पड़तीं हैं। आँखें बंद कर किया जाने वाला कोई भी काम मनोरथ को पूरा नहीं करता। पिछले 77 साल में ये दूसरा मौका है जब लोकसभा के चुनाव बेहद विषम परिस्थितियों में हो रहे हैं। 1977 में भी कमोवेश ऐसी ही स्थितियां थीं ,लेकिन आज जैसी गंभीर स्थितयां नहीं थीं। तब सत्ताधीशों के मन में तानाशाही का बीज अंकुरित हुआ था । 2024 में ये वटवृक्ष बन गया है। अंकुरित बीज को जनता ने एक झटके में उखाड़ फेंका था लेकिन तानाशाही के वटवृक्ष को उखाड़ने में उसकी दो कोशिशें नाकाम हो चुकी हैं। ये तीसरा और शायद आखरी अवसर है जब जनता तानाशाही को निर्मूल कर लोकतंत्र को निर्जीव होने से बचा सकती है। देश में जिन जगहों पर 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है, वहां चुनाव प्रचार बुधवार थम चुका है किन्तु भीतर ही भीतर मतदाता का अनमोल मत हड़पने की साजिशें जारी हैं। प्रथम चरण में देश के 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर जनता तय करेगी की उसे तानाशाही चाहिए या लोकतंत्र। आजकल चुनाव में प्रचार थमता नहीं ह। प्रचार थमने की औपचारिकता होती ह। नेता देश कि किसी भी कोने में खड़े होकर भाषण दे सकते हैं और उसका असर उन क्षेत्रों में भी होता है जहाँ औपचारिक रूप से चुनाव प्रचार रोक दिया जाता है। केंचुआ अभी इस बीमारी का तोड़ नहीं खोज पाया है। आप मानें या न मानें किन्तु अठारहवीं लोकसभा का चुनाव किसी समुद्र मंथन से कम नहीं है । सत्ता सुंदरी को हासिल करने के लिए एक तरफ तानाशाही और प्रतिक्रियावादी शक्तियां हैं और दूसरी और लोकतान्त्रिक और समतावादी शक्तियां। सत्ता हासिल करने के लिए सत्तारूढ़ दल की नजर इस बार उत्तर के मुकाबले दक्षिण पर ज्यादा है। दक्षिण भारत के तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 19 अप्रैल को मैदान है। भाजपा इस लोकसभा चुनाव में एनडीए के लिए 400 सीट और पार्टी के लिए 350 सीट जीतने के लिए संघर्षरत है ।इसीलिए भाजपा ने दक्षिण के राज्यों में विशेषकर तमिलनाडु में एड़ी- चोटी का जोर लगा दिया है। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई खुद कोयंबटूर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। अन्नामलाई भाजपा के लिए कितनी मलाई ला पाएंगे ये ४ जून को पता चलेगा। पहले चरण के लिए होने वाले मतदान में केंद्रीय मंत्री एल मुरगन ,कांग्रेस के पूर्व वित्तमंत्री पी चिदंबरम के बेटे कीर्ति चिदंबरम, एआईएमआईएम के जेवियर दास, तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल टी सौंदर्यराजन और यूपीए सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे ए राजा का भविष्य तय होना है। देश को सबसे ज्यादा संसद देने वाले उत्तर प्रदेश में केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान जीत के लिए मैदान में हैं इस सीट पर समाजवादी पार्टी ने हरेंद्र मलिक तो बसपा ने दारा प्रजापति को चुनावी मैदान में उतारा है। नगीना सीट से भीम आर्मी चीफ और आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद भी चुनावी मैदान में है। पूर्व के सबसे महत्वपूर्ण राज्य असम के डिब्रूगढ़ सीट से केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल चुनावी मैदान में है। इससे पहले इस सीट से केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री रामेश्वर तेली सांसद थे। उनका टिकट काटकर सोनोवाल को दिया गया है. पांच साल पहले खंड-खंड किये गए जम्मू और कश्मीर की उधमपुर सीट से दो बार चुनाव जीतकर मोदी मंत्रिमंडल में जगह बनाने वाले सांसद जितेंद्र सिंह तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। राजस्थान की अलवर सीट से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव।, बीकानेर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल के सामने कांग्रेस के पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल चुनावी मैदान में हैं। मन मारकर राजनीति कर रहे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी महाराष्ट्र की नागपुर सीट से हैट्रिक लगाने के चुनावी मैदान में है। 2014 और 2019 में उन्होंने दो लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज की थी साल 2019 में उन्होंने मौजूदा महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले को 2.16 लाख वोटों से हराया था। गडकरी भाजपा का उदार चेहरा हैं और प्रधानमंत्री मोदी जी के बाद सबसे जयादा लोग उन्हें पसंद करते हैं। वे पार्टी के राष्ट्रिय अध्यक्ष भी रह चुके हैं। देश के सुप्रीम कोर्ट को लगातार धमकाने वाले केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू अरुणाचल प्रदेश की अरुणाचल पश्चिमी सीट से मैदान में हैं। 2004 से सांसद बन रहे किरेन रिजिजू तीन बार इस सीट से चुनाव जीत चुके है। उनका मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नवाब तुकी से है। यानि आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व सीएम और एक पूर्व राज्यपाल सहित 1625 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला पहले चरण के मतदान से होना है । यूपी की 8 और उत्तराखंड की सभी 5 सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में तमिलनाडु की सभी 39, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, उत्तराखंड की सभी पांच, अरुणाचल प्रदेश की दो, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की एक, असम की चार, मध्य प्रदेश की 6, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की दो, मिजोरम और त्रिपुरा की एक-एक और पश्चिम बंगाल की तीन सीटों पर मतदान होगा। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर, अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक सीट पर भी मतदान होगा। पहले चरण के लिए मतदान से पहले तमाम सत्ताप्रतिष्ठान के पिट्ठू चैनल्स भांति-भाँतिके सर्वेक्षणों के जरिये मतदाताओं का ध्यान भंग करने का प्रयास करेंगे, इसलिए जरूरी है कि मतदाता इन सबसे अपने निर्णय को प्रभावित न होने दे। मतदाता को तय करना होगा कि उसे पांच क्या दस साल में केंद्र की सत्ता से क्या मिला और क्या नहीं? उसने क्या खोया और क्या पाया? मतदाता को लोकतंत्र बचाना है या एक चेहरा? देश का मतदाता प्रबुद्ध है। उसने तानाशाही की पहली कोशिश को भी नाकाम किया था। भविष्य में भी देश और दुनिया उससे यही उम्मीद करती है। मतदाता के मन में कौन है ये ब्रम्हा भी नहीं जान सकते। इति मित्थम।

## ईडी ने 10 साल में डाले 7264 छापे, 755 गिरफ्तारियां

मनी लॉन्ड्रिंग कानून देश में आतंकवादी गतिविधियों,ड्रग्स और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहमति से बनाया हुआ कानून है। भारत में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय को मनी लॉड्रिंग कानून के तहत कार्रवाई करने के अधिकार प्रवर्तन निदेशालय ईडी को दिए गए। 2005 से 2014 के 10 वर्षों में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ने 1797 मामलों की जांच शुरू की थी। इसमें 84 छापे डाले गए 29 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। 102 मामलों की जांच की गई थी। 2005 से 2014 के बीच में 5086 करोड रुपए की संपत्ति अटैच की गई थी। 43 लाख रुपए की जपती बनाई गई थी। पीएमएलए कानून 2002 में बनाया गया था। जब अटल जी की सरकार केन्द्र में थी। अंतर्राष्ट्रीय अपराधों को रोकने के लिए यह कानून बनाया गया था, जो भारत में 2005 से लागू किया गया। 2014 के बाद से इस कानून का उपयोग लगभग बदल गया है, जो कानून अंतरराष्ट्रीय सहमति से आतंकवादी गतिविधियों और ड्रग्स के कारोबार तथा मनी लॉड्रिंग के गंभीर अपराधों को रोकने के लिए बनाया गया था। उस कानून का उपयोग पिछले 10 वर्षों में भ्रष्टाचार के आरोप मैं शिकायतों की जांच के लिए किया जाने लगा। अप्रैल 2014 से लेकर मार्च 2024 के बीच में ईडी ने 5155 मामलों को जांच के दायरे में लिया। 7264 स्थानो पर छापेमारी की 755 लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें अधिकांश राजनीतिक दलों के नेता, कारोबारी और कुछ सरकारी अधिकारी शामिल हैं। जिनके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, उनकी जांच ईडी के अधिकारी कर रहे हैं। पिछले 20 सालों में अभी तक 36 मामलों में ही न्यायालय से 63 लोगों को सजा मिली है। ईडी ने पिछले 10 वर्षों में 24 मामलों में रेड कॉर्नर नोटिस जारी किए हैं। छापे में 1,21,618 करोड रुपए की संपत्ति को अटैच किया है। 2310 करोड रुपए की नगदी को जप्त किया है। यूपीए सरकार के कार्यकाल में पीएमएलए कानून के तहत 1797 मामलों की जांच में 102 चार्ज सीट न्यायालय में दाखिल की गई वहीं एनडीए के 10 सालों के कार्यकाल में 5155 मामलों में मनी लेडिंग की जांच शुरू हुई। एनडीए के कार्यकाल में 1281 मामलों में जांच शुरू की। अभी तक मात्र 6 फीसदी मामलों की ही चार्ज शीट न्यायालय में पेश हो पाई है। 2014 के बाद से विपक्षी दलों के नेताओं और उनसे जुड़े मामलों को लेकर ईडी द्वारा जांच की जा रही है। नेताओं को जेल में इस कानून के तहत बंद किया जा रहा है। इस कानून में जमानत देने के अधिकार न्यायालयों के सीमित है। यूपीए के कार्यकाल में जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उन में अधिकांश मामलों में चार्ज शीट न्यायालय में पेश नहीं हो पाई है। वर्षों से आरोपी न्यायिक हिरासत में जेलों में बंद है। जिन मामलों में अभी तक सजा हुई है, वह सभी मामले यूपीए के कार्यकाल में शुरू की गई जांच के मामलों में हुई है। 2005 से 2014 की तुलना में 2014 से 2024 के बीच में 84 फीसदी तलाशी और छापे की कार्रवाई बढ़ गई है। गिरफ्तार लोगों की संख्या भी 29 से बढ़कर 755 पर पहुंच गई है। पिछले 10 सालों में भ्रष्टाचार के आरोप में जो जांच शुरू की गई थी, उस पर ईडी ने पीएमएलए कानून के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तारियां की हैं। जबकि भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने के लिए भारत में केंद्रीय स्तर पर और राज्य स्तर पर अलग एजेंसियां और अलग कानून हैं। आरोपियों को पीएमएलए कानून के तहत गिरफ्तार करने से न्यायालयों से जमानत नहीं मिल रही है। ईड़ी के अधिकारी दिल्ली के शराब घोटाले के आरोप की जांच 2 साल में भी पूरी नहीं कर पाए। मनी लॉन्ड्रिंग का कोई सबूत अभी तक जांच एजेंसी नहीं जुटा पाई है।

## चिंतन-मनन

## अहंकार से ज्ञान का नाश

अहंकार से मनुष्य की बुद्धि नष्ट हो जाती है। अहंकार से ज्ञान का नाश हो जाता है। अहंकार होने से मनुष्य के सब काम बिगड़ जाते हैं। भगवान कण-कण में व्याप्त है। जहाँ उसे प्रेम से पुकारो वहीं प्रकट हो जाते हैं। भगवान को पाने का उपाय केवल प्रेम ही है। भगवान किसी को सुख-दुख नहीं देता। जो जीव जैसा कर्म करेगा, वैसा उसे फल मिलता है। मनुष्य को हमेशा शुभ कार्य करते रहना चाहिए। कभी किसी को नहीं सताओ : धर्मशास्त्र के श्रवण, अध्ययन एवं मनन करने से मानव मात्र के मन में एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सद्भावना एवं मयार्दा का उदय होता है। हमारे धर्मग्रंथों में जीवमात्र के प्रति दुर्विचारों को पाप कहा है और जो दूसरे का हित करता है, वही सबसे बड़ा धर्म है। हमें कभी किसी को नहीं सताना चाहिए। और सर्व सुख के लिए कार्य करते रहना चाहिए। गुप्तदान महादान : मनुष्य को दान देने के लिए प्रचार नहीं करना चाहिए, क्योंकि दान में जो भी वस्तु दी जाए, उसको गुप्त रूप से देना चाहिए। हर मनुष्य को भक्त प्रहलाद जैसी भक्ति करना चाहिए। जीवन में किसी से कुछ भी माँगो तो छोटा बनकर ही माँगो। जब तक मनुष्य जीवन में शुभ कर्म नहीं करेगा, भगवान का स्मरण नहीं करेगा, तब तक उसे सद्बुद्धि नहीं मिलेगी। मृत्यु से कोई नहीं बच पाया : धन, मित्र, स्त्रि तथा पृथ्वी के समस्त भोग आदि तो बार-बार मिलते हैं, किन्तु मनुष्य शरीर बार-बार जीव को नहीं मिलता। अतः मनुष्य को कुछ न कुछ सत्कर्म करते रहना चाहिए। मनुष्य वही है, जिसमें विवेक, संयम, दान-शीलता, शील, दया और धर्म में प्रीति हो। संसार में सर्वमान्य यदि कोई है तो वह है मृत्यु। दुनिया में जो जन्मा है, वह एक न एक दिन अवश्य मरेगा। सृष्टि के आदिकाल से लेकर आज तक मृत्यु से कोई भी नहीं बच पाया।

# मोदी जी का आत्म विश्वास, विपक्ष का आत्मघात

- विनोद तकियावाला

लोकतंत्र के चुनावी मेले में, चुनावी बान्ड का खेल तो हो गया है लैकिन लोक सभा के चुनाव में खिलाड़ी कौन जीतेगा कौन हारेगा यह अभी अतीत के गर्भ है। इसके 4 जुन का इंतजार हमे व आपको करना होगा।* विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत भारत की राजधानी में दिल्ली, दिलवालों की शहर दिल्ली इन दिनों सम्पूर्ण विश्व के लिए चर्चा व चिन्तन-मनन का केन्द्र बना हुआ। राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय राजनीतिक मनीषियों के मंथन-मैराथन में व्यस्त है। हो भी क्यूँ नही,दुनिया के सबसे बड़े प्रजातंत्र में आम चुनाव 2024 का महापर्व आ चुका है।भारतीय राजनीति के बदलते परिपेक्ष में घटती घटना क्रम में कई बाते छन-छन कर बाहर निकल कर आ रही है। चुनावी मौसम के मेले में चुनावी बान्ड का खेल क्या है।लोकतंत्र के इस महापर्व मे राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव में हिस्सा लेने व चुनावी खर्च के लिए अपने अपने श्रोतो से चंदा लेने की पुरानी प्रथा थी।जिसको लेकर समय के साथ नियम व तौर तरीके में बदलाव किये जाते रहे है।भारतीय राजनीति में परिवर्तन का दौर आया,केन्द्र में भाजपा व एन डी ए की सरकार बनी,भाजपा व उसकी सहयोगी दलों की बनी केन्द्र सरकार पर भरोसा जताया पुनः सन 2019 में भाजपा व एन डी ए की सरकार केन्द्र की सता पर प्रचंड बहुमत के साथआसीन हुई। इस बार कई परिवर्तन की ऐसी आँघीआई जिसमे कई संविधान संशोधन व कानून में आमूल चूल परिवर्तन किया गया।इसमें राजनीतिक दलों द्वारा चंदा लेने की प्रक्रिया में परिवर्तन किया।ताकि राजनीतिक दान देने वाले-चंदा लेने वाले राजनीतिक दलों के मध्य पारदर्शिता हो।लैकिन यर्थाथ की घरातल पर कुछ अलग ही देखने को मिला।जिसका लाभ राष्ट्रीय चुनावी चंदा लेने में भाजपा ने मारी बाजी, जिसने दिया चंदा उसको भरपूर धंधा मिला। मेघा इंजीनियरिंग एंड इनफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड को दिया गया था कश्मीर से लद्दाख तक की सुरंग बनाने का ठेका। विपक्षी दलों के द्वारा इस संदर्भ में समय-समय पर आरोप लगाया। सन 2024 के लोकसभा का चुनावी वर्ष आ गया। चुनाव आयोग द्वारा लोक सभा चुनावों की घोषणा हो गई।उधर विपक्ष द्वारा चुनावी चंदे-चुनाव बाण्ड का मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंची।देश की सर्वोच्य न्यायलय द्वारा देश के सबसे बैक एस बी आई से वस्तुस्थिति जाननी चाही तो भारतीय स्टेट बैक द्वारा गोल मटोल जबाब दिया गया।इस पर सर्वोच्च न्यायलय द्वारा शक्त रुख अपनाते हुए आदेश दिया कि एस बी आई चुनाव आयोग को सारी जानकारी तय सीमा के अन्दर उपलब्ध करायें ताकि चुनाव आयोग इसेअपने आधिकारिक वेबसाइट पर चुनावी वाँन्ड का ब्योरा डाले,अन्तोगत्वा ऐसा हुआ - सारी जानकारी सार्वजिक कर द दी गई।इसके बाद ये अब साबित हो चुका है कि लोकतंत्र के चुनावी मेले में चुनावी बान्ड के खेल मे भाजपा को सबसे बडा दूसरे नम्बर पर चंदा देने वाली कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इनफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड है।जिसे उसका इनाम उसे भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा भारत सरकार में सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट जोजिला टनल को बनाने के रूप में मिला है।चुनावआयोग ने जैसे ही चुनावी बॉन्ड से जुड़ा डेटा शेयर किया हर कोई इसके विश्लेषण में जुट गया है।विपक्षी खेमा के कान खड़े हो गए। आपको बता दें कि चुनावी चंदा पाने वालों में बीजेपी को सबसे ज्यादा 6,060 करोड़ रुपये मिले।इसके बाद तृणमूल कांग्रेस को 1,609.50 करोड़ और तीसरे नंबर कांग्रेस को1,421.9 करोड़ रुपये मिले। भारतीय निर्वाचन आयोग ने इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा डेटा जारी कर दिया है।वस्तु स्थिति स्पष्ट करने के लिए पिछले घटनाक्रम पर नजर डालते है । सर्व विदित रहे कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने12 मार्च को चुनाव आयोग से इलेक्टोरल बॉन्ड संबंधी डेटा उपलब्ध कराया था।चुनाव आयोग की ओर से डेटा जारी करने के बाद हर कोई ये जानना चाहता है कि किस पार्टी को सबसे ज्यादा चुनावी चंदा मिला,वहीं दूसरे और तीसरे नंबर पर कौन है। इस डेटा के मुताबिक, बीजेपी सबसे ज्यादा चुनावी चंदा हासिल करने वाली पार्टी बनी है।बीजेपी को 60 अरब से ज्यादा का चंदा मिला। हालांकि,दूसरे नंबर देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस नहीं है। अब आप ये जानना चाहते होंगे कि दूसरे नंबर पर कौन सी पार्टी है।बीजेपी चुनावी बॉन्ड पाने वाली सबसे बड़ी पार्टी है।उसे12अप्रैल, 2019 से 24 जनवरी,2024 तक 6,060 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।ये भुनाए गए कुल बॉन्ड का 47.5 फीसदी है। दूसरे नंबर पर ममता बनर्जी की पार्टी ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस रही। टीएमसी ने चुनावी चंदे के तहत1,609 करोड़ रुपये प्राप्त किए।उसके बाद कांग्रेस का नंबर रहा,जिसे1,421करोड़ रुपये मिले। इस लिस्ट में अगला नंबर भारत राष्ट्र समिति है। उन्हें 1214 करोड़ रुपये चुनावी बॉन्ड के तौर पर मिले।इसके बीजू जनता दल है, जिन्हें 775 करोड़ रुपये मिले। बीजेडी के बाद द्रविड़ मुनेत्र कड़गम(डीएमके) है,जिसे 639 करोड़ रुपये चुनावी चंदे में मिला। भारतीय निर्वाचन आयोग(एउक) की ओर से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से साझा की गई डिटेल्स के बाद चुनावी बॉन्ड को लेकर यह डेटा जारी किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 15 मार्च तक भारतीय निवार्चन आयोग की वेबसाइट पर इसे सार्वजनिक करने का आदेश दिया था।एस बी आई ने अपने रिपोर्ट में बताया कि अप्रैल 2019 से फरवरी 2024 के बीच अलग-अलग राजनीतिक दलों की ओर से 22,217चुनावी बॉन्ड की खरीद और इस्तेमाल पर पूरा डेटा जारी किया है। इस जानकारी को दो हिस्सों में जारी किया गया है।पहले हिस्से में 336 पन्नों में उन कंपनियों के नाम हैं जिन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदा है और उसकी राशि की जानकारी भी दी गई है।जबकि दूसरे हिस्से में 426 पन्नों में राजनीतिक दलों के नाम हैं और उन्होंने कब कितनी राशि के इलेक्टोरल बॉन्ड कैश कराए उसकी विस्तृत जानकारी है। यह जानकारी 12 अप्रैल,2019 से11 जनवरी, 2024 के बीच की है। सर्व विदित रहे सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को 12 मार्च तक इलेक्टोरल बॉन्ड की खरीद से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था।अदालत ने चुनाव आयोग से इस जानकारी को15मार्च की शाम पांच बजे तक अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक करने का भी निर्देश दिया था। जिसके अनुसार बीजेपी ने इस अवधि में कुल 60 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को भुनाया है। वहीं इस मामले में दूसरे नंबर पर तृणमूल कांग्रेस है, जिसने16 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को इनकैश किया है।

# पूरी दुनिया में तेजी से फैल रहा है सनातन हिंदू धर्म

- प्रहलाद सबनानी

पूरे विश्व में आज विभिन्न देशों के नागरिकों में शांति का अभाव दिखाई दे रहा है एवं परिवार के सदस्यों के बीच भी भाईचारे की कमी दिखाई दे रही है। शादी के तुरंत बाद तलाक लेना तो जैसे आम बात हो गई है, आज कई विकसित देशों में तलाक की दर 60 प्रतिशत से भी अधिक है। बुजुर्ग माता पिता की देखभाल करने वाला उनका अपना कोई साथ नहीं है। अमेरिका में तो लगभग 10 लाख बुजुर्ग नागरिक खुले में रहते हुए अपना जीवन यापन करने को मजबूर हैं। इन देशों में तो जैसे सामाजिक तानाबाना ही छिन्न भिन्न हो गया है। इसी प्रकार के अन्य कई कारणों के चलते आज सनातन हिंदू धर्म के प्रति विदेशी लोग आकर्षित हो रहे हैं, क्योंकि सनातन हिंदू धर्म का अपना एक अलग ही महत्व है। सनातन हिंदू धर्म में कुटुंब के प्रति वफादारी बचपन से ही सिखाई जाती है। भारत में आज भी संयुक्त परिवार की प्रथा प्रचलन में हैं, जिससे बच्चे अपने बचपन में ही अपने माता पिता की सेवा करने के संस्कार सीखते हैं और उन्हें पूरे जीवन भर अपने साथ रखने का संकल्प लेते हैं। विश्व में कुछ अन्य धर्मों में बच्चों को बचपन में ही कट्टरता सिखाई जाती है एवं केवल अपने धर्म को ही सर्वश्रेष्ठ धर्म के रूप में पेश किया जाता है। इससे इन बच्चों में अन्य धर्मों के प्रति सद्भावना विकसित नहीं हो पाती है। कई बार तो अन्य धर्म को मानने वाले नागरिकों का धर्म परिवर्तन कर उन्हें अपना धर्म मानने को मजबूर भी किया जाता है। इसके ठीक विपरीत सनातन हिंदू धर्म किसी अन्य मजहब को मानने वाले व्यक्ति पर कभी भी कोई दबाव नहीं डालता है। सनातन हिंदू संस्कृति अन्य धर्मों के नागरिकों को किसी प्रकार का धर्म मानने की खुली स्वतंत्रता प्रदान करती है। ऐसा कहा जाता है कि जब इस दुनिया में कोई भी धर्म नहीं था तब इस धरा पर निवास करने वाले लोग केवल सनातन हिंदू धर्म का ही पालन करते थे। सनातन हिंदू धर्म बहुत ही ज्यादा संयमित धर्म है जो किसी अन्य धर्म की ना तो उपेक्षा करता है और न ही वह अपने धर्म के वर्चस्व को सबके सामने रखने का प्रयास करता है। इसी कारण से कट्टरता के इस माहौल में आज पूरे विश्व में सनातन हिंदू धर्म के प्रति लोगों की आस्था एवं रुचि बढ़ रही है। सनातन हिंदू धर्म आज विश्व में तीसरा सबसे बड़ा धर्म है और भारत में अधिकतर लोग इस धर्म को मानते हैं। एक अनुमान के अनुसार सनातन हिंदू धर्म इस पृथ्वी पर 10,000 वर्षों से हैं। लेकिन यदि वेदों और उपनिषदों में लिखी बातों को माने तो सनातन हिंदू धर्म की उत्पति लाखों वर्ष पहिले हुई थी उस समय ये सनातन धर्म के नाम से जाना जाता था। हिंदू धर्म को मानने वाले लोग भारत में रहते थे। इस धर्म को बहुत प्रभावशाली माना गया है। अन्य कुछ धर्मों के संस्थापक रहे हैं, जैसे ईसाई धर्म के संस्थापक के रूप में प्रभु यीशू को माना जाता है तथा इस्लाम धर्म के लिए मोहम्मद साहिब को संस्थापक माना जाता है और बौद्ध धर्म के लिए गौतम बुद्ध को संस्थापक जाना जाता है। परंतु, हिंदू धर्म के बारे में कहा जाता है कि कुछ संतों एवं महापुरूषों ने एक होकर जीवन को सही तरीके से व्यतीत करने का तरीका विकसित किया था। सनातन हिंदू संस्कृति को, धर्म नहीं बल्कि यह, जीवन जीने का एक तरीका भी माना जाता था। सनातन हिंदू धर्म का यह मानना है कि प्रभु परमात्मा ने इस धरा पर सबको खुलकर हंसने, उत्सव मनाने और मनोरंजन करने की योग्यता दी है।

## आज का राशिफल

**मेष** दिन शानदार होगा। आपको आज धन के लेनदेन में थोड़ा सा सावधान रहने की जरूरत है।

**तुला** आज सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी।

**वृषभ** आज का दिन सुख शांति का है और आपको हर कार्य में किस्मत का साथ मिलेगा।

**वृश्चिक** आज आपको धन समृद्धि के मामले में लाभ होगा और आज रुकी योजनाएं पूर्ण होंगी।

**मिथुन** समस्या वाला रहेगा और आज किसी वस्तु के खोने या फिर चोरी होने की आशंका है।

**धनु** लाभ होगा और आपको प्रशंसा प्राप्त होगी। शासन सत्ता पक्ष से आपको लाभ मिलेगा।

**कर्क** आपकी उत्तम संपत्ति में वृद्धि होगी। आपकी आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

**मकर** सफलता मिलेगा। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे।

**सिंह** आज ग्रहों की दशा आपके लिए शुभ है। आज आपके लिए आमदनी के नए स्रोत बनेंगे।

**कुंभ** भाग्य में वृद्धि के योग बन रहे हैं। आज साथ के लोगों के किसी प्रकार का विवाद हो सकता है।

**कन्या** सफलता प्राप्त होगी। व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी।

**मीन** चिंता में आज दिन बीतेगा। दाम्पत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा।

## विशेष

### महाराष्ट्र के भाजपा गठबंधन में जूतम-पेजार

महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी ने एनडीए गठबंधन बना लिया है। इस गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर अभी भी सहमति नहीं बन पा रही है। चुनाव आयोग के आदेश से एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना और अजीत पवार की एनसीपी असली पार्टी है। नकली शिवसेना और नकली एनसीपी इंडिया गठबंधन मैं शामिल हैं। इनमें सीटों का बंटवारा हो गया है। एनसीपी के सभी गुटों के बीच अभी तक सीटों का बंटवारा फाइनल नहीं हुआ है। सतारा, नासिक, सिंधुदुर्ग, रत्नागिरी की सीटों पर जूतम पेजार हो रही है। छगन भुजबल भाजपा की टिकट पर लड़ने के लिए तैयार नहीं है।

### पवन बंसलऔर किरण खेर को जबरिया संन्यास

कांग्रेस पार्टी ने चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर पवन बंसल को टिकट नहीं दी है। चंडीगढ़ सीट से वह कई बार सांसद रह चुके हैं। अब चंडीगढ़ सीट को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में बंटवारा हुआ है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ही चंडीगढ़ की सीट पर दावा कर रहे हैं। कांग्रेस ने हाल ही में पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी को कांग्रेस का टिकट दे दिया है। भाजपा ने संजय टंडन को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1975: भारत का पहला उपग्रह आर्यभट्ट को प्रक्षेपित किया गया. 1552: फ्रांस नरेश हेनरी द्वितीय और पोप जूलियस तृतीय में दो वर्षीय शांति संधि हुई. 1775: अमेरिकी स्वतंत्रता की लड़ाई के पहले दिन ही अंग्रेजों को कई स्थानों पर हार का सामना करना पड़ा. 1783: अमेरिकी कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई समाप्त होने की घोषणा की. 1859: आस्ट्रिया ने सर्डीनिया को हथियार डालने की चेतावनी दी, लेकिन उसे ठुकरा दिया गया. 1964: लाओस में मिली जुली सरकार को सेना ने हटा दिया. 1975: भारतीय उपग्रह आर्यभट्ट का कॉस्मोड़ोम से सफल परीक्षण. 1988: डयूसेलफोर्ड की अदालत ने जर्मन नागरिक के अपहरण के लिए अब्बास हम्मादी को दोषी करार दिया. 1989: जार्डन में मूल्य वृद्धि के खिलाफ दंगे भड़के.

## दैनिक पंचांग

19 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति





**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 110 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** एकादशी 20.05 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा 10.57 बजे को समाप्त।
**योग** वृद्धि 01.45 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** वणिज 06.48 बजे तदनन्तर विष्टि 20.05 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 10.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 11° 16'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871954
**जूलियन दिन** 2460419.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 09
**विशेष** कामदा एकादशी।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.19 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | वृष | 07.03 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 09.01 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.15 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 13.31 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 15.43 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 17.53 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.08 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.24 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 00.29 बजे से |
| 10.30 से | | कुंभ | 02.16 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | मीन | 03.49 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore




लोकसभा चुनाव 2024

# कांग्रेस के 'न्यायपत्र' में क्या-क्या

● कांग्रेस ने दस न्याय और 25 गारंटी को दी मेनिफेस्टो में जगह ● युवाओं के रोजगार और महिलाओं के मुद्दों पर भी फोकस

## 10 न्याय, 25 गारंटी, खत्म होंगे एमएसपी कानून और अग्निपथ स्कीम,

**रोजगार को लेकर मोदी सरकार की कड़ी आलोचक कांग्रेस ने बेरोजगारी दूर करने और रोजगार मुहैया कराने को लेकर एक विस्तृत खाका रखा। वहीं, कांग्रेस ने सामाजिक न्याय के साथ आर्थिक न्याय की बात भी कही। कांग्रेस ने मोदी सरकार की विदेश और रक्षा नीति को लेकर आड़े हाथों लिया और जिन मुद्दों पर वह सरकार की आलोचना करती रही है, उस मुद्दे वह आलोचना के साथ एक विकल्प के साथ सामने आई। फिर चाहे अग्निवीर योजना हो या फिर किसानों की एमएसपी और कर्जमाफी को लेकर की जा रही मांगें- पार्टी के दस्तावेज में इन सभी पर एक विकल्प देने की कोशिश नजर आई। दरअसल, कांग्रेस इस न्यायपत्र के जरिए समाज के अलग-अलग वर्गों तक पहुंचने की कोशिश में है।**

कांग्रेस ने शुक्रवार को दस न्याय और 25 गारंटी वाला 'न्यायपत्र' नाम से अपना मेनिफेस्टो जारी किया। इसमें कांग्रेस मुख्य रूप से दो बिंदुओं पर बात करती नजर आई। एक तरफ कांग्रेस ने अपने भारतीय संविधान के उन बुनियादी मुद्दों पर बात की, जिन्हें लेकर वह लगातार अपने सरोकार और चिंताएं जाहिर करती रही है। तो वहीं दूसरी ओर वह जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रमों और योजनाओं की रूपरेखा सामने रखने की कोशिश करती दिखी। कांग्रेस संवैधानिक अधिकारों के मुद्दे पर मोदी सरकार में लगातार हमले होने का आरोप लगाती रही है।

### संविधान के अनुच्छेद 15-16 में करेगी विस्तार

दरअसल, कांग्रेस का दावा रहा है कि आजादी के बाद उसके राज में संवैधानिक मूल्यों और ढांचे का यथावत रखने की कोशिश होती रही है, लेकिन इस दौर में अब उन पर खतरा मंडरा रहा है। मसलन समानता के अधिकार को लेकर वह किसी भी तरह के भेदभाव को रोकने के लिए संविधान की अनुच्छेद 15-16 में विस्तार करेगी। वह संघवाद के जरिए संविधान में दिए राज्यों के अधिकारों के पक्ष में भी दिखी। दरअसल, पार्टी एनडीए सरकार पर सुव्यवस्थित तरीके से संघवाद के ताने-बाने को नष्ट करने का आरोप लगाती रही है। इसे दुरुस्त करने के लिए वह संविधान की 7वीं अनुसूची में विधायी क्षेत्रों के वितरण की समीक्षा की बात करती है। इसी तरह से कांग्रेस देश में हमारी संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता पर जोर देती दिखी।



### जन कल्याणकारी राज पर जोर

वहीं, कांग्रेस एक बार फिर जन कल्याणकारी राज पर जोर देती दिखी। कांग्रेस ने जिस तरह से आरटीआई, मनेरगा, फूड सिक्योरिटी और शिक्षा के अधिकार जैसे कार्यक्रमों और योजनाओं के जरिए यूपीए सरकार चलाई थी, अपने न्यायपत्र में कांग्रेस उसी दिशा में आगे बढ़ती दिखी। जहां वह महिला, युवा, किसान, श्रमिक, भागीदारी न्याय के जरिए समाज के हर वर्ग के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ न कुछ रोडमैप सामने रखने की कोशिश करती दिखी। रोजगार को लेकर मोदी सरकार की कड़ी आलोचक कांग्रेस ने बेरोजगारी दूर करने और रोजगार मुहैया कराने को लेकर एक विस्तृत खाका रखा। वहीं, कांग्रेस ने सामाजिक न्याय के साथ आर्थिक न्याय की बात भी कही। कांग्रेस ने मोदी सरकार की विदेश और रक्षा नीति को लेकर आड़े हाथों लिया और जिन मुद्दों पर वह सरकार की आलोचना करती रही है, उस मुद्दे वह आलोचना के साथ एक विकल्प के साथ सामने आई। फिर चाहे अग्निवीर योजना हो या फिर किसानों की एमएसपी और कर्जमाफी को लेकर की जा रही मांगें- पार्टी के दस्तावेज में इन सभी पर एक विकल्प देने की कोशिश नजर आई। दरअसल, कांग्रेस इस न्यायपत्र के जरिए समाज के अलग-अलग वर्गों तक पहुंचने की कोशिश में है।

### विवादित मुद्दों से बचने की कोशिश?

कांग्रेस ने इस बार अपने मेनिफेस्टो में ऐसे कुछ मुद्दों पर बचने की कोशिश की, जिसपर किसी तरह का कोई विवाद हो। 2019 में उसने असफ्फा हटाने की बात कही थी, जिसे लेकर सत्तारूढ़ बीजेपी ने उसपर जमकर हमला बोला था। इस बार पार्टी इस मुद्दे पर खामोश दिखी। इसी तरह से कई राज्यों के चुनाव में ओपीएस को मुद्दा बनाने वाली कांग्रेस ने अपने चुनावों घोषणा पत्र में इस पर चुप्पी बनाए रखी। दरअसल, इसे लेकर पार्टी के भीतर ही दोराय बन रही थी। ईवीएम को लेकर सवाल उठाने वाली कांग्रेस ने इसे हटाने की बात करने की बजाय इसे 100 फीसदी वीवीपैट से मिलान की बात कही। वहीं, मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप झेलती रही कांग्रेस ने इस बार अपने मेनिफेस्टों में अल्पसंख्यकों की बात तो की, लेकिन ऐसा कोई भी संकेत देती नजर नहीं आई, जिससे उसपर तुष्टिकरण का आरोप लगे।

### LGBTQIA+ समुदाय पर रखी बात

कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में स्त्रक्ष्ञत्त्छ्र+ को लेकर भी नागरिक भागीदारी की बात कही है। यह पहला मौका होगा कि जब किसी राजनैतिक दल ने समाज के एक बंद दरवाजे पर अपने मेनिफेस्टो के जरिए दस्तक देने का जोखिम उठाया हो। दरअसल, यह समुदाय संविधान के अनुच्छेद 15 और 16 के तहत सिविल यूनियन के जरिए देश की सुप्रीम कोर्ट से अपने अधिकारों की मांग कर रहा था और उसे अब तक वहां से कोई राहत नहीं मिली थी, लेकिन कांग्रेस के मेनिफेस्टो से उसे कहीं न कहीं एक उम्मीद की किरण दिखेगी। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि वह विकलांगता, क्षति या यौन रुझान के आधार पर भेदभाव को प्रतिबंधित करने के लिए अनुच्छेद 15 और 16 का विस्तार करेगी। वहीं उसका कहना था कि कांग्रेस विस्तृत परामर्श के बाद ऐसा कानून लाएगी, जो इस समुदाय की नागरिक भागीदारी को सामाजिक मान्यता देगा।

### 'पीएम ने पॉलिटिकल फाइनैंस का एकाधिकार बना लिया'

कांग्रेस का न्यायपत्र जारी होने के दौरान कांग्रेस ने मोदी सरकार पर हमला बोला। उनका कहना था कि हमें समझना होगा कि आज हिंदुस्तान के राजनीतिक ढांचे में क्या हो रहा है। आरएसएस, बीजेपी और खासकर पीएम मोदी क्या बुनियाद बना रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जैसे विभिन्न कारोबारी क्षेत्रों में अडानी का एकाधिकार है, उसी तरह पीएम मोदी ने 'पॉलिटिकल फाइनैंस' का एकाधिकार बना लिया है। उनका कहना था कि पीएम ने यह एकाधिकार ईडी, इनकम टैक्स और सीबीआई जैसी संस्थाओं के जरिए बनाया है।

### 'पीएम ने चुनावी बॉण्ड के जरिए विपक्ष को चार्जशीट पकड़ा दी'

चुनावी बॉण्ड के जरिए राहुल ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी ने चुनावी बॉण्ड के जरिए पूरे विपक्ष को एक 'चार्जशीट' पकड़ा दी है, इसलिए उन्हें थोड़ा डर लग रहा है। राहुल ने तंज कसते हुए कहा कि वह 400 पार की बात कर रहे हैं, लेकिन ये सब सामने आने के बाद उन्हें लग रहा है कि यह नंबर कहीं 180 या 160 हुआ तो नैया डूब जाएगी। वहीं, राहुल ने कहा कि यह चुनावी लड़ाई संविधान और लोकतंत्र पर हमला करने और संस्थाओं पर कब्जा करने वालों और लोकतंत्र व संविधान की रक्षा करने, उसे बचाने वालों के बीच है।

### कांग्रेस के न्यायपत्र में खास क्या?

- अग्निपथ योजना को खत्म करने और सेना, नौसेना और वायु सेना द्वारा अपनाई जाने वाली सामान्य भर्ती प्रक्रियाओं पर लौटने का वादा।
- जम्मू-कश्मीर को तुरंत पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा, लद्दाख के जनजातीय क्षेत्रों को शामिल करने के लिए संविधान की छठी अनुसूची में संशोधन।
- केंद्र सरकार में कई लेवल पर मंजूर लगभग 30 लाख रिक्त पदों को भरा जाएगा।
- स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के मुताबिक न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी दी जाएगी।
- 21 वर्ष से कम उम्र के उभरते खिलाड़ियों को हर महीने 10,000 रुपये की खेल स्कॉलरशिप दी जाएगी।

27 बार चुनाव लड़ा, राष्ट्रपति पद के लिए भी दिया आवेदन, आनंद कुशवाहा

# ग्वालियर का 'चायवाला' प्रत्याशी



**चुनाव लड़ने का सपना तो हर कोई देखता है लेकिन ग्वालियर के एक चाय वाले का जुनून चुनाव लड़ने को लेकर ऐसा है कि वह अब तक 27 बार चुनाव लड़ चुका है। हालांकि अब तक उन्हें किसी भी चुनाव में सफलता नहीं मिली है। लेकिन वह अब तक पार्षद से लेकर राष्ट्रपति तक का चुनाव लड़ चुके हैं। इतना ही नहीं जब भी कभी किसी पद के लिए महिला सीट होती है तो वह इसमें अपनी पत्नी को भी भागीदार बनाते हैं। जानिए आखिर ग्वालियर के आनंद कुशवाहा ऐसा क्यों करते है। दरअसल, प्रदेश में लोकसभा चुनाव होना है। इसके लिए दिग्गज पार्टियों के साथ निर्दलीय प्रत्याशी भी नामांकन भर रहे हैं। इसी कड़ी में ग्वालियर में चाय की दुकान चलाने वाले आम आदमी आनंद कुशवाह ने भी नामांकन भरा है।**



(संजय चतुर्वेदी)

लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। प्रदेश में 109 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा है। इसी में एक चाय वाले ने भी नामांकन दाखिल किया है। जानिए कौन हैं चाय वाले आनंद कुशवाह जो अब तक 27 बार चुनाव लड़ चुके हैं और राष्ट्रपति पद के लिए भी आवेदन दे चुके हैं।

चुनाव लड़ने का सपना तो हर कोई देखता है लेकिन ग्वालियर के एक चाय वाले का जुनून चुनाव लड़ने को लेकर ऐसा है कि वह अब तक 27 बार चुनाव लड़ चुका है। हालांकि अब तक उन्हें किसी भी चुनाव में सफलता नहीं मिली है। लेकिन वह अब तक पार्षद से लेकर राष्ट्रपति तक का चुनाव लड़ चुके हैं। इतना ही नहीं जब भी कभी किसी पद के लिए महिला सीट होती है तो वह इसमें अपनी पत्नी को भी भागीदार बनाते हैं। जानिए आखिर ग्वालियर के आनंद कुशवाहा ऐसा क्यों करते है।

दरअसल, प्रदेश में लोकसभा चुनाव होना है। इसके लिए दिग्गज पार्टियों के साथ निर्दलीय प्रत्याशी भी नामांकन भर रहे हैं। इसी कड़ी में ग्वालियर में चाय की दुकान चलाने वाले आम आदमी आनंद कुशवाह ने भी नामांकन भरा है।

### आठवीं पास आनंद लड़ते हैं हर चुनाव

ग्वालियर के आनंद कुशवाह आठवीं पास है। उनका चुनाव लड़ने का जुनून ऐसा है कि हार जीत से भी कोई फर्क नहीं पड़ता है। बस दिलों दिमाग में एक ही बात रहती है कि उन्हें चुनाव लड़ना है। समाधिया कॉलोनी में रहने वाले आनंद कुशवाह चाय की दुकान चलाते हैं और जब भी चुनाव आता है तो वह अपना प्रचार शुरू कर देते हैं।

**हारे या जीते चुनाव जरूर लड़ेंगे-** इस लोकसभा चुनाव को लेकर भी उनका कहना है कि मैं हारू या जीतू चुनाव जरूर लड़ूंगा। साइकिल से अपने प्रचार पर निकलने वाले आनंद कुशवाह जब भी चुनाव लड़ने के लिए नामांकन भरने जाते हैं तो उनका अंदाज देखकर शायद ही कोई हो जो प्रभावित न हो।

**अलग अंदाज में जाकर भरते है नामांकन-** हर बार अलग-अलग स्वरूप में भी चुनाव लड़ने का नामांकन भरने के लिए पहुंचते हैं। चुनाव प्रचार के लिए अपनी साइकिल का प्रयोग करते हैं। इसके अलावा चाय की दुकान पर आने वाले ग्राहकों से भी चाय के साथ हाथ जोड़कर विनती करते हैं कि वोट उन्हें ही मिले। लेकिन सफलता अब तक उनके हाथ नहीं आई है।

**समाज के ही एक नेता ने कहा दी थी बड़ी बात-** अरविंद कुशवाह का कहना है कि उन्हीं के समाज के किसी नेता ने उन्हें राजनीति को लेकर कुछ कह दिया था। तभी से उन्होंने ठान लिया कि मुझे चुनाव लड़ना है। उनका कहना है कि एक चुनाव में भले ही मेरी जीत नहीं हुई लेकिन वह नेता उतने ही वोटो के अंतर से हारे जितने वोट उन्हें मिले थे। वे मानते हैं कि मैं उन्हें हरा दिया। हालांकि चुनाव लड़ने के इस जुनून को लेकर कई बार उन्हें लोगों के हंसी का पात्र भी बनना पड़ता है लेकिन उन्हें इन सब से कोई फर्क नहीं पड़ता।

**पत्नी का भी भरवाते है नामांकन-** आनंद चुनाव लड़ने के इतने जुनूनी है कि अपनी पत्नी का भी नामांकन भरवाते है। जब भी कभी किसी पद पर चुनाव के लिए महिला सीट होती है तो वह अपनी पत्नी को भी उसे चुनाव का भागीदार बनाते हैं।

### भगवान के भजन का है शौक

आनंद कुशवाहा अपने नाम के आगे रामायणी शब्द भी लगाते हैं। उनका कहना है कि वह भगवान श्री राम के दूत हनुमान के भक्त हैं और उन्हें से उन्हें प्रेरणा मिलती है। इसके अलावा वे रामायण का पाठ करके लोगों के बीच जाते रहते हैं। उसे पाठ के माध्यम से जो भी इनकम होती है उसे वह अपने घर के पीछे ही बने एक मंदिर में अर्पित कर देते हैं ताकि भगवान का आशीर्वाद उन पर सदैव बना रहे।



# कोलेस्ट्रॉल को अंदर ही गला देंगे पान के पत्ते

**खून की नसों में चिपका यह गंदा पदार्थ हार्ट अटैक की वजह बन सकता है इसलिए इसे खत्म करना जरूरी है, पान के पत्ते कोलेस्ट्रॉल कम करने के सरल उपाय हैं, बस आपको इन्हें खाने का सही तरीका पता होना चाहिए।**

कोलेस्ट्रॉल बढ़ना एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। रक्त वाहिकाओं में जमने वाला यह गंदा पदार्थ दिल के रोगों का सबसे बड़ा कारण है। ध्यान रहे कि दिल के रोगों की वजह से पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा मौत होती हैं। इसका मतलब यह है कि इस गंदे जहरीले पदार्थ से छुटकारा पाकर आप दिल के रोगों, हार्ट अटैक, स्ट्रोक और खून की नसों से जुड़े रोगों का जोखिम कम कर सकते हैं।

### कोलेस्ट्रॉल क्या है और इसके क्या लक्षण हैं?

यह मोम की तरह चिपचिपा पदार्थ होता है, जो आपके द्वारा खाए जाने वाले फैट से भरपूर खाद्य पदार्थों से निकलता है। बेशक आपका लिवर भी इसे बनाता है लेकिन इसकी अधिक मात्रा सेहत के लिए घातक है। यह दो तरह का होता है गुड कोलेस्ट्रॉल और बैड कोलेस्ट्रॉल। शरीर के लिए जो घातक है, वो बैड कोलेस्ट्रॉल है। समस्या यह है कि कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के शुरूआती कोई संकेत नहीं होते हैं, जब तक पता चलता है कि तब नसें ब्लॉक हो चुकी होती हैं।

### कोलेस्ट्रॉल कम करने के उपाय क्या है?

इस गंदे पदार्थो को जमने या खत्म करने का आसान तरीका नियमित रूप से एक्सरसाइज करना और फैट से भरपूर चीजों से तौबा करना है। कोलेस्ट्रॉल के मरीजों को इसे कंट्रोल में रखने के लिए ताउम्र दवाएं भी खानी पड़ती हैं। अगर आप दवाओं से बचना चाहते हैं, तो आपको कोलेस्ट्रॉल कम करने के घरेलू उपाय के रूप में पाने के पत्ते का इस्तेमाल कर सकते हैं क्योंकि इससे बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिलती है.

### कोलेस्ट्रॉल का दुश्मन हैं पान के पत्ते

कोलेस्ट्रॉल कम करने के सबसे बेस्ट तरीका वैसे तो एक्सरसाइज करना और हेल्दी डाइट लेना है लेकिन आप इसके लिए कुछ घरेलू उपाय भी आजमा सकते हैं। बैड कोलेस्ट्रॉल कम करने का एक सबसे सरल और सस्ता उपाय पान के पत्ते हैं। एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने माना है कि इन हरे पत्तों में बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने की क्षमता होती है। वैज्ञानिकों ने पाया है कि पाने के पत्तों में विषाक्त पदार्थों को कम करने की क्षमता होती है। पाने के पत्ते एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट के रूप में काम कर कर सकते हैं। अपने अध्ययन में उन्होंने पान के पत्तों की एंटी-ऑक्सीडेंट एक्टिविटी का मूल्याकंन किया। उन्होंने यह पता लगाने की कोशिश की क्या यह गंदे कोलेस्ट्रॉल को कम कर सकता है या नहीं।

### पान के पत्ते कम कर सकते हैं गंदा कोलेस्ट्रॉल

अपने अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि पान के पत्ते इन विट्रो में स्थ्ररुकोलेस्ट्रॉल के ऑक्सीकरण को रोकने में सक्षम थे और मैक्रोफेज में लिपिड संचय को कम करने में सक्षम थे।

### पान के पत्ते कैसे कम करते हैं कोलेस्ट्रॉल

पान के पत्तों में यूजेनॉल पाया जाता है जोकि एक नैचुरल एंटीऑक्सिडेंट है, जो फ्री रेडिकल्स को बेअसर करता है। यूजेनॉल लिवर में कोलेस्ट्रॉल को बनने से रोकता है और आंत में लिपिड अवशोषण को कम करता है।

### कैसे करें पान के पत्तों का सेवन


अधिकतर लोग पान खाने को एक गलत आदत मानते हैं। इसे स्वास्थ्य के लिए खराब माना जाता है। वास्तव में इसे खाने का तरीका गलत है, जो सेहत के लिए खतरनाक है क्योंकि अधिकतर लोग पान में तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थ डालकर खाते हैं। दरअसल पान के हरे पत्ते सेहत के लिए ठीक हैं। इन हरे पत्तों में विभिन्न तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके सेवन का सबसे बेहतर तरीका सिर्फ हरे पत्तों का चबाना या इनका रस पीना है, जैसे कि शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में इस्तेमाल किया।

### पान के पत्ते के पोषक तत्व या गुण

पान के पत्तों में सिर्फ एंटीऑक्सिडेंट गुण नहीं पाए जाते बल्कि यह शरीर के लिए जरूरी कई जरूरी पोषक तत्वों का भी खजाना है। यह आयोडीन, पोटैशियम, विटामिन ए, विटामिन बी-1, निकोटिनिक एसिड, विटामिन सी, कैल्शियम, फाइबर और मिनरल्स आदि का बढ़िया स्रोत है।

### पान के पत्तों के अन्य स्वास्थ्य लाभ

कोलेस्ट्रॉल कम करने के अलावा पान के पत्तों में ब्लड शुगर कम करने, कैंसर का जोखिम कम करने, घाव को जल्दी ठीक करने, तनाव दूर करने, अस्थमा का इलाज करने, ओरल हेल्थ को बढ़ावा देने, पाचन समस्याओं को खत्म करने की भी क्षमता होती है।



# आंखों की समस्याओं को गंभीरता से लें

**इस खूबसूरत दुनिया को देखने के लिए हमारा साथ देती हैं आंखें। हालांकि अक्सर लोग अपनी आंखों के प्रति काफी ज्यादा हल्के में लेते हैं। आंखों का लाल होना, आंखों से पानी आना, धुंधला दिखना और ड्राई आंखों जैसे लक्षणों को अक्सर मामूली समस्याओं के रूप में नजरअंदाज कर दिया जाता है, कई लोग इन बीमारियों के लिए घरेलू इलाज कर लेते हैं तो कुछ मेडिकल शॉप से दवाई ले आते हैं। ऐसे में इन परेशानियों को गंभीरता से नहीं लिया जाता है। हालांकि इनमें से अधिकांश लक्षण अपने आप ठीक हो जाते हैं, लेकिन कई मामलों में अगर यूहीं छोड़ दिया जाए तो वे अंधेपन से लेकर मृत्यु तक की गंभीर परेशानियां पैदा कर सकते हैं।**

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक रिपोर्ट की मानें तो अधिकांश ओकुलर संक्रमण मामूली होते हैं, वहीं दूसरे काफी जटिल होते हैं। अधिकांश मरीज या तो ओकुलर डिस्चार्ज, विजुअल लक्षण, लाल या दर्दनाक आंख के साथ होते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ रोग और संक्रमण पहले आंख के लक्षण के रूप में हो सकते हैं क्योंकि आंखें शरीर का एकमात्र अंग है जहां न्यूरॉन्स और रक्त वाहिकाओं को सीधे देखा जा सकता है और इसलिए किसी भी बीमारी का पहला लक्षण आंखों में नजर आता है।

### राइनो ऑर्बिटल सेरेब्रल म्यूकोर्मिकोसिस

आम भाषा में इसे ब्लैक फंगस के रूप में जाना जाता है, यह म्यूकोरेल्स के कारण होने वाला एक असामान्य संक्रमण है और इसकी हाई मोर्बिडिटी और मोरटेलिटी रेट। यह मुख्य रूप से डायबिटीज, कैंसर, पोस्ट ऑर्गन ट्रांस्प्लांट के बाद क्रोनिक स्टेरॉयड थेरेपी वाले रोगियों में होता है और हाल ही में इसे गंभीर कोविड संक्रमण वाले पेशेंट में भी देखा गया था। फंगस नाक के जरिए से एंटर करने वाली ब्लड वेसेल्स पर आक्रमण करता है और साइनस और नेसल कैविटी में फैल जाता है। अगर समय पर ध्यान न दिया जाए तो ये दिमाग तक पहुंच जाता है, जो दिमाग के लिए घातक हो सकता है।

### एस्परगिलोसिस

म्यूकोर्मिकोसिस के समान, ऑर्बिटल एस्परगिलोसिस इम्युनोकॉम्प्रोमाइज्ड रोगियों में होता है और नाक के बाद में दिमाग तक पहुंचता है।

### कंजंक्टिवाइटिस (गुलाबी आंख)

कंजक्टिवा टिश्यू की एक पतली परत होती है जो आंखों के सफेद हिस्से और पलकों के अंदरूनी हिस्से को ढकती है। कंजक्टिवाइटिस को कंजंक्टिवा के संक्रमण या सूजन के रूप में वर्णित किया जा सकता है। इसके लक्षण खुजली और पानी बहना है।

### ब्लेफेराइटिस


यह पलकों की सूजन है, और बैक्टीरिया के संक्रमण, एलर्जी, पलकों में तेल ग्रंथियों के बंद होने और स्किन की कुछ स्थितियों के कारण देखा जाता है। किसी को लाल और पलकों की सूजन, जलन और पानी बहता है। आंखों के चारों ओर परतदार स्किन जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। ब्लेफेराइटिस से अंधापन नहीं होगा, लेकिन यह कई अन्य परेशानियों को पैदा कर सकता है जैसे कि पलकें गिर सकती हैं।

### यूवाइटिस

यह यूविया आईरिस युक्त नेत्रगोलक की मध्य परत की सूजन है। यह सोरायसिस, दाद संक्रमण, या रुमेटीइड गठिया जैसी स्थितियों से जुड़ा है। किसी को धुंधली दिखने, आंखों की लाली और फ्लोटर्स जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं।

### केराटाइटिस

इसे कॉर्निया की सूजन या संक्रमण के रूप में जाना जाता है। लेंस का दुरुपयोग संक्रमण का कारण हो सकता है। लंबे समय तक लेंस पहनने, उनकी सफाई न करने से कॉर्निया में कीटाणुओं के आने का खतरा बढ़ सकता है। इसका तुरंत इलाज न करने से कॉर्निया पर निशान पड़ सकते हैं और नजरें खराब हो सकती हैं।





# दूध में तुलसी की पत्तियां डालकर पिएं

**दूध पोषण के लिहाज से अमृत के समान है और तुलसी को औषधि के रूप में प्रयोग किया जाता है जो आपकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर कई रोगों से आपकी रक्षा करती है। इन दोनों का मिश्रण कर लिया जाएं, तो पोषण के साथ-साथ सेहत और उससे जुड़े कई फायदे पाए जा सकते हैं। अब जब भी आप दूध पिएं, उसमें तुलसी की पत्तियां डालें और पाएं यह फायदे -**

- दमा के मरीजों के लिए यह उपाय फायदेमंद है। खास तौर से मौसम में बदलाव होने पर होने वाली सांस संबंधी समस्याओं से बचने के लिए दूध और तुलसी का यह मिश्रण बेहद लाभकारी होता है।
- सिर में दर्द या माइग्रेन की समस्या होने पर यह उपाय आपको रोहत देगा। जब भी माइग्रेन का दर्द हो आप इसे पी सकते हैं, रोजाना इसका सेवन करने से आपकी समस्या भी खत्म हो सकती है।
- तनाव अगर आपके जीवन का भी अभिन्न अंग बन गया है, तो दूध में तुलसी के पत्तों को उबालकर पिएं, आपका तनाव दूर होगा और धीरे-धीरे तनाव की समस्या ही समाप्त हो जाएगी।
- हृदय की समस्याओं में भी यह लाभदायक है। सुबह खाली पेट इस दूध को पीने से हृदय संबंधी रोगों में लाभ पाया जा सकता है। इसके अलावा यह किडनी में होने वाली पथरी के लिए भी अच्छा उपचार है।
- तुलसी में कैंसर कोशिकाओं से लड़ने का गुण होता है, अतः इसका सेवन आपको कैंसर से बचा सकता है। इसके अलावा सर्दी के कारण होने वाली सेहत समस्याओं में भी यह कारगर उपाय साबित होगा।



# मेटाबॉलिक सिंड्रोम बढ़ा सकता है ब्लड प्रेशर और मोटापे का खतरा

पतियों का शौक पत्नियों को बीमार कर रहा है। मेडिकल कॉलेज की एक स्टडी के मुताबिक सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्स्ट्रेक्टिव पल्मोनरी डिसीज) ग्रस्त महिलाओं में से 55 प्रतिशत को यह बीमारी उनके चेन स्मोकर पतियों की वजह से हुई। लगातार धुएं से वह पैसिव स्मोकर बन गईं और खतरनाक सीओपीडी ने उन्हें चपेट में ले लिया। इनमें से ज्यादातर में मेटाबॉलिक सिंड्रोम भी पाया गया है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के चेस्ट विभाग की टीम ने यह स्टडी की, जिसमें सीओपीडी के 170 मरीजों को शामिल किया गया। दो साल तक लगातार इन मरीजों पर स्टडी हुई। परिणाम ने यह भ्रम तोड़ दिया है कि धूम्रपान न करने वाले सीओपीडी से बच सकते हैं। स्टडी में 46 फीसदी मरीज नॉन स्मोकर मिले। इनकी उम्र 35 से 87 साल के बीच थी। स्टडी में शामिल नॉन स्मोकर महिलाओं में 55 फीसदी के पति या घर का कोई पुरुष सदस्य चेन स्मोकर निकला। बाकी महिलाएं लंबे समय से बायोमास फ्यूल का इस्तेमाल कर रही थीं।

### सिगरेट छोड़ने के बरसों बाद बीमारी

स्टडी में यह भी सामने आया कि सीओपीडी के शिकार 463 फीसदी पुरुष पहले सिगरेट पीते थे लेकिन जब उन्हें बीमारी हुई, तब उन्हें सिगरेट छोड़े कई साल बीत चुके थे। स्टडी में सिर्फ 134 फीसदी स्मोकर्स में सीओपीडी मिली।

### हर मरीज में मिला मेटाबॉलिक सिंड्रोम

स्टडी में सीओपीडी के हर मरीज में मेटाबॉलिक सिंड्रोम मिला। स्टेज वन में कम तो स्टेज टू और थ्री में ज्यादा मरीज मिले। मेटाबॉलिक सिंड्रोम की स्टेज फोर में सबसे कम मरीज थे।

**स्टडी में यह भी सामने आया कि सीओपीडी के शिकार 463 फीसदी पुरुष पहले सिगरेट पीते थे लेकिन जब उन्हें बीमारी हुई, तब उन्हें सिगरेट छोड़े कई साल बीत चुके थे। स्टडी में सिर्फ 134 फीसदी स्मोकर्स में सीओपीडी मिली।**

मेटाबॉलिक सिंड्रोम कोई बीमारी नहीं बल्कि स्थिति है। इसमें शरीर में रोग के कारक बढ़ जाते हैं। हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, मोटापा और अनियंत्रित कोलेस्ट्रॉल इन चारों के संयुक्त रूप को मेटाबॉलिक सिंड्रोम कहते हैं। मेटाबॉलिक सिंड्रोम की कंडीशन होने पर हाई बीपी की समस्या, हाई शुगर, और कमर पर एक्स्ट्रा फैट जम जाता है। इसके साथ ही मेटाबॉलिक सिंड्रोम होने पर कोलेस्ट्रॉल लेवल असामान्य तरीके से बढ़ जाता है। सिंड्रोम के कारण हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। जरूरी दवाओं के साथ लाइफस्टाइल में बदलाव करने से आप इस समस्या से बाहर निकल सकते हैं।

स्टडी के चीफ गाइड प्रो. सुधीर चौधरी के मुताबिक बीपी, शुगर, मोटापा और कोलेस्ट्रॉल का असंतुलित होना सिंड्रोम है, जो कई बड़े रोगों की वजह बनता है। हार्ट, किडनी और ब्रेन की बीमारियां हो सकती हैं। किसी भी संक्रमण के लिए ऐसा शरीर आसान शिकार बनता है। मानक से असंतुलन होने पर मरीज को इस सिंड्रोम से ग्रस्त माना जाता है।

स्टडी ने यह साबित किया है कि सीओपीडी नॉन स्मोकर्स को भी हो सकती है। सिगरेट और उसके प्रदूषण के साथ बायोमास फ्यूल एक्सपोजर से सीओपीडी बीमारी मरीजों में मिली। घरेलू महिलाओं ने कभी धूम्रपान नहीं किया, फिर भी उन्हें यह बीमारी मिली ।





# डिप्रेशन से छुटकारा पाने में आपकी मदद करेंगी ये चीजें

**डिप्रेशन से छुटकारा पाने में आपकी मदद करेंगी ये चीजेंडिप्रेशन या अवसाद एक मानसिक बीमारी है जिसे ज्यादातर लोग ठीक तरह से समझ नहीं पाते हैं। यदि कोई व्यक्ति अवसाद से ग्रस्त है तो उसे क्या खाना चाहिए और क्या नहीं ? इस बात का ध्यान रखा जाना बेहद जरूर है। अवसाद के कारण और लक्षणों को ध्यान में रखते हुए आप अपने आहार में कुछ ऐसी चीजों को शामिल कर सकते हैं जो इससे बाहर निकलने में आपकी मदद करें।**

### कैमोमाइल

कई लोग कैमोमाइल चाय का सेवन करते हैं, क्योंकि इसमें सूजन-रोधी, बैक्टीरिया-रोधी, एंटीऑक्सीडेंट और आराम देने वाले गुण होते हैं। ऐसा माना जाता है कि कैमोमाइल में मौजूद फ्लेवोनॉयड्स की वजह से ही इसमें अवसाद को कम करने की शक्ति होती है। कैमोमाइल चिंता के लक्षणों को कम कर सकता है।

### दही

दही में लैक्टोबेसिलस और बिफिडोबैक्टीरिया नामक स्वस्थ बैक्टीरिया होते हैं। कई अध्ययनों में सामने आया है कि ये दोनों बैक्टीरिया मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। रोजाना दही का सेवन कर चिंता, अवसाद और स्ट्रेस को कम किया जा सकता है।

### ग्रीन टी

ग्रीन टी में थायमिन नामक अमीनो एसिड होता है जो कि मूड से जुड़े विकारों को ठीक करने की शक्ति रखता है। थायमिन में अवसाद-रोधी और दिमाग को आराम देने वाले गुण होते हैं एवं यह सेरोटोनिन और डोपामाइन के उत्पादन में भी वृद्धि करता है। अवसाद से निपटने के लिए आप बड़ी आसानी से अपनी जीवनशैली में ग्रीन टी को शामिल कर सकते हैं।

### एवोकैडो

मूड को बेहतर करने वाले सेरोटोनिन को एवोकैडो से भी बढ़ाया जा सकता है। इसमें विटामिन-बी के अलावा थायमिन, राइबोफ्लेविन और नियासिन होता है जो कि तंत्रिका तंत्र पर सकारात्मक असर डालता है। इन विटामिनों की कमी की वजह से कुछ लोगों में चिंता यानी एंग्जयाटी के मामले सामने आए हैं।

### कद्दू के बीज

कद्दू के बीज पोटाशियम का उत्तम स्रोत होते हैं जो कि शरीर में इलेक्ट्रोलाइट को संतुलित रखने और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद करता है। कद्दू के बीज स्ट्रेस और चिंता के लक्षणों को कम करने की शक्ति रखते हैं। ड्रिपेशन के कारण और लक्षणों की पहचान करने के आप अपने आहार में कद्दू के बीज जरूर शामिल करें। इनमें मिनरल जिंक भी होता है जो कि मूड को अच्छा रखता है। स्वस्थ व्यक्ति भी कद्दू के बीजों का सेवन कर सकते हैं।

### सूखे मेवे

काजू, ब्राजील नट और हेजल नट में भी ओमेगा-3 फैटी एसिड भरपूर मात्रा में होता है। इसमें अखरोट का नाम सबसे ऊपर आता है। अखरोट मस्तिष्क को स्वस्थ रखने का काम करता है, क्योंकि इसमें प्रचुरता से पौधों से प्राप्त ओमेगा-3 होता है। ये प्रोटीन का भी बेहतरीन स्रोत है जिससे ब्लड शुगर के लेवल को संतुलित रखने में मदद मिलती है।

### अंडे

अंडे की जर्दी विटामिन-डी का बेहतरीन स्रोत होती है। इसमें प्रोटीन भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है जिससे शरीर को सभी प्रकार के जरूरी अमीनो एसिड मिलते हैं। ये शरीर के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। अंडे में ट्रिप्टोफेन नामक अमीनो एसिड होता है जो कि सेरोटोनिन बनाने में मदद करता है। सेरोटोनिन एक केमिकल न्यूरोट्रांस्मीटर है जो कि मूड, नींद, याद्दाशत और व्यवहार को नियंत्रित करने में सहायक होता है। ऐसा माना जाता है कि सेरोटोनिन मस्तिष्क के कार्य में सुधार लाने और चिंता से राहत दिलाने का भी काम करता है।

### हल्दी

हल्दी में करक्यूमिन नामक तत्व होता है जो कि सूजन और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस (शरीर में फ्री रेडिकल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स के बीच असंतुलन) को कम कर चिंता में कमी लाता है। मूड से जुड़े विकारों जैसे कि चिंता और डिप्रेशन में इन दोनों में अक्सर इजाफा आ जाता है।

# 22 करोड़ की कंपनी ने पहले साल कर दी 400 करोड़ की बिक्री



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड ने पहले ही साल कमाल कर दिया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की इस फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स कंपनी ने अपने परिचालन के पहले पूर्ण वर्ष में ही 3,000 करोड़ रुपये की सेल हासिल कर ली। फाइनेंशियल ईयर 2024 में कंपनी की कुल बिक्री में बेवरेज ब्रांड कैंपा कोला की सेल 400 करोड़ रुपये रही। इमामी को 3,400 करोड़ रुपये की बिक्री तक पहुंचने में पांच दशक लगे। कंपनी ने पिछले फाइनेंशियल ईयर में यह मुकाम हासिल किया। इसी तरह टूथपेस्ट सेक्टर की दिग्गज कंपनी कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) ने फाइनेंशियल ईयर 2024 में 5,226 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल किया। यह कंपनी आठ दशक से कारोबार कर रही है। इससे पता चलता है कि आरसीपीएल ने कितनी जल्दी अपना बिजनस फैलाया है।

लिस्टेड एफएमसीजी कंपनियों को अभी भी फाइनेंशियल ईयर 2024 के वित्तीय परिणाम घोषित करने हैं। आरसीपीएल ने औपचारिक रूप से 30 नवंबर, 2022 को ऑपरेशन शुरू किया था। कैंपा कोला और इंडिपेंडेंस जैसे ब्रांड्स को ऑपरेट करने वाली यह कंपनी स्टेपल और बेवरेजेज के दम पर सेल्स में ग्रोथ को आगे बढ़ाना चाहती है। सप्लाई की समस्याओं के बीच कंपनी अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए कैंपा कोला के लिए एक बॉटलिंग प्लांट लगाना चाहती है। इसके लिए वह अपनी पेरेंट कंपनी से इस वित्त वर्ष में 500-700 करोड़ भी जुटा सकती है। आरसीपीएल की पेरेंट कंपनी रिलायंस रिटेल वेंचर्स है। यह रिलायंस ग्रुप के खुदरा कारोबार की होल्डिंग कंपनी भी है। एक सूत्र ने बताया कि आरसीपीएल नए बॉटलिंग प्लांट को ऐसी जगह स्थापित करना चाहती है जिससे पूरे देश की दुकानों को आसानी से सप्लाई की जा सके।

### हर सेक्टर में उतरने की तैयारी

उन्होंने कहा कि रिलायंस कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स के फाइनेंशियल ईयर 2024 के रेवेन्यू में 200,000 से अधिक किराना स्टोर से अर्जित 1,000 करोड़ शामिल हैं। कंपनी इन दुकानों को अपने प्रॉडक्ट्स बेचती है। कंपनी ने फाइनेंशियल ईयर 2025 में 5,000 करोड़ रेवेन्यू का लक्ष्य रखा है। इस साल पेरेंट कंपनी आरसीपीएल में बड़ी पूंजी डालेगी। हालांकि यह रकम अभी तय नहीं की गई है, लेकिन यह 500-700 करोड़ रुपये के बीच रह सकती है। कंपनी खुद अपना बॉटलिंग प्लांट लगाना चाहती है। इसकी वजह यह है कि अन्य बॉटलरों के साथ साझेदारी करने की उसकी पिछली रणनीति कारगर नहीं रही है। रिलायंस ने 2022 में उस समय बंद हो चुके कैंपा ब्रांड को करीब 22 करोड़ में खरीदा था। कैंपा कोला अभी देश के सबसे बड़े कोला बाजार आंध्र प्रदेश में उपलब्ध है लेकिन आपूर्ति की समस्याओं के कारण पूरे देश में इसकी रेगुलर सप्लाई नहीं हो पा रही है। सूत्र ने कहा कि स्टेपल के अलावा बेवरेजेज आरसीपीएल का सबसे बड़ा बिजनस होगा। बॉटलिंग प्लांट के लिए मशीनरी मंगवाने में समय लगता है और इसलिए आरसीपीएल को जल्द ही पूंजी मिल जाएगी। इस बारे में रिलायंस कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स ने ईटी के सवालों का जवाब नहीं दिया। आरसीपीएल कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैकचरर्स के जरिए कैंपा कोला की बॉटलिंग करती है। साथ ही गुजरात में स्थ्ह्य4श् कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक बनाने वाले एक प्लांट में भी यह काम होता है। इसमें रिलायंस की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में कॉन्ट्रैक्ट बॉटलर्स के साथ काम करती है। फरवरी और मार्च 2023 में, रिलायंस रिटेल वेंचर्स ने आरसीपीएल में 277 करोड़ का निवेश किया था।

## संक्षिप्त समाचार

# गूगल ने फिर चलाई छंटनी की तलवार

## कॉस्ट कटिंग के बीच कुछ कर्मचारी भारत समेत इन देशों में भेजे जाएंगे

**कैलिफोर्निया एजेंसी।** बड़ी-बड़ी आईटी कंपनियां इन दिनों संभावित मंदी से जूझ रही हैं। लागत में कमी करने के लिए ये कंपनियां कर्मचारियों पर छंटनी की तलवार चला रही हैं। इस बीच गूगल से भी ऐसी ही खबर सामने आई है। एक बार फिर अल्फाबेट के स्वामित्व वाली गूगल अपने कर्मचारियों को कंपनी से बाहर का रास्ता दिखा रही है। गूगल ने बड़े स्तर पर कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है।

### इसलिए हो रही छंटनी

कंपनी के एक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि कॉस्ट कटिंग यानी लागत में कमी लाने के लिए कर्मचारियों की संख्या में कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि छंटनी पूरी कंपनी में नहीं की जा रही है। इसलिए इससे प्रभावित कर्मचारी अन्य किसी भूमिका के लिए आवेदन कर सकेंगे। हालांकि, प्रवक्ता ने छंटनी से प्रभावित होने वाले कर्मचारियों की संख्या और इसमें शामिल टीमों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।



### इन देशों में भेजे जाएंगे कर्मचारी

छंटनी से प्रभावित कुछ लोगों को कंपनी भारत, शिकागो, अटलांटा और डबलिन समेत उन जगहों पर भेजेगी, जहां वह निवेश कर रही है। गौरतलब है, इस साल टेक और मीडिया जगत में कई नौकरियों में कटौती के बाद गूगल में भी यह छंटनी हो रही है, जिससे यह आशंका बढ़ गई है कि छंटनी जारी रह सकती है। साफ है कि कंपनियां आर्थिक अनिश्चितता से जूझ रही हैं।

### इन विभागों के कर्मचारियों पर चली तलवार

एक रिपोर्ट के अनुसार गूगल के रियल एस्टेट और वित्त विभागों की कई टीमों के कर्मचारी इस छंटनी से प्रभावित हुए हैं। प्रभावित वित्त टीमों में गूगल ट्रेजरी, बिजनेस सर्विसेज और रेवेन्यू कैश ऑपरेशन्स शामिल हैं। इतना ही नहीं, गूगल के वित्त प्रमुख रूथ पोराट ने अपने कर्मचारियों को एक ईमेल भेजा है। इसमें कहा गया है कि पुनर्गठन में बंगलूरू, मैक्सिको सिटी और डबलिन में विकास का विस्तार शामिल है।

### पहले ही किया था आगाह

ऐसा नहीं है कि यह पहली बार है जब कंपनी ने कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया है। इससे पहले गूगल ने जनवरी में भी अपनी इंजीनियरिंग, हार्डवेयर और सहायक टीमों समेत कई टीमों के सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था, क्योंकि कंपनी ने निवेश बढ़ाते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पेशकश की थी। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कथित तौर पर इस साल की शुरुआत में कर्मचारियों से नौकरियों में कटौती किए जाने को लेकर पहले ही आगाह कर दिया था।

# गजब का म्यूचुल फंड: 10,000 के एसआईपी को बना दिया 78.32 लाख, निवेशक गदगद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार हो या म्यूचुअल फंड में निवेश लंबी अवधि में हमेशा मुनाफा देता है। ज्यादातर समय देखा गया है कि म्यूचुअल फंड में लंबी अवधि के लिए निवेश फायदेमंद रहा है। आज हम आपको एक ऐसे ही फंड के बारे में बता रहे हैं जिसने अपने निवेशकों को मोटा रिटर्न दिया है। यह आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फंड है।

### निवेशकों को तगड़ा रिटर्न

बता दें कि अगर किसी निवेशक ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल के ब्लू चिप फंड में इसके शुरुआत यानी मई 2008 में एक लाख रुपये का निवेश किया होता तो मार्च 2024 तक यह बढ़कर 9.6 लाख रुपये हो गया होता। इस हिसाब से उसने निवेशकों को 9 गुना से अधिक का रिटर्न दिया है। इस फंड ने 2009 से अब तक सालाना 15.33 प्रतिशत चक्रवृद्धि दर से रिटर्न दिया है। बता दें कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फंड का एसआईपी रिटर्न भी शानदार रहा है। अगर किसी निवेशक ने इस फंड में 16 साल में 10,000 रुपये मंथली का एसआईपी किया होता। यानी करीबन 19 लाख रुपये का एसआईपी निवेश आज की तारीख में 78.32 लाख रुपये हो गया होता। इस दौरान इसका 16.15 प्रतिशत का रिटर्न रहा है। वहीं, बेंचमार्क में इसी निवेश पर केवल 14.30 प्रतिशत का रिटर्न मिला है। बता दें कि सालभर में इस फंड ने 42.23 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं, बेंचमार्क ने इस दौरान केवल 34.97 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। आपको बता दें कि इस फंड की टॉप होल्डिंग्स में फाइनेंस सर्विस (22 प्रतिशत), तेल, गैस और ईंधन (12.92 प्रतिशत), ऑटोमोबाइल व ऑटो कंपोनेंट्स (10.23 प्रतिशत) और आईटी (8.99 प्रतिशत) सेक्टर हैं।



# गरीब और विकासशील देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेच रही नेस्ले

### रिपोर्ट में सामने आया यह सच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नेस्ले गरीब देशों में बेचे जाने वाले शिशु दूध में चीनी की अधिक मात्रा मिलाता है, लेकिन यूरोप या ब्रिटेन के अपने मुख्य बाजारों में नहीं। नेस्ले के दो सबसे ज्यादा बिकने वाले बेबी फूड ब्रांड्स में चीन की अधिक मात्रा पाई गई है। जबकि यही उत्पाद ब्रिटेन, जर्मनी, स्विट्जरलैंड और अन्य विकसित देशों में बगैर चीनी के बेचे जा रहे हैं। पब्लिक आई की एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है।




दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता उत्पाद कंपनी नेस्ले के बारे में रिपोर्ट में कहा गया है कि वह दूध और बच्चों से जुड़े उत्पादों में मोटापे और गंभीर बीमारियों को रोकने के लिए जारी दिशानिर्देशों के विपरीत चीनी और शहद जैसी चीजें मिला रही है। नेस्ले की ओर से किया गया उल्लंघन कंपनी के एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिकी देशों के उत्पादों में देखा गया है।

### भारत में बिकने वाले नेस्ले के बेबी फुड प्रोडक्ट्स में चीनी की मात्रा कितनी

रिपोर्ट के अनुसार भारत में बिकने वाले नेस्ले के बच्चों से जुड़े उत्पादों की हर सर्विंग में करीब 3 ग्राम चीनी पाई गई। चीनी की इस मात्रा के बारे में पैकेट पर कंपनी की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है। नेस्ले की ओर से गरीब और विकासशील देशों में बेचे जा रहे उत्पादों में चीनी मिलाने का खुलासा तब हुआ जब स्विस जांच संगठन पब्लिक आई और आईबीएफएएन (इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क) ने एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में बेचे जाने वाले कंपनी के बेबी फूड उत्पादों के नमूने बेल्जियम की प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेजे। पब्लिक आई की जांच रिपोर्ट से बुधवार को सार्वजनिक किया गया में कहा गया है कि जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन में नेस्ले द्वारा बेचे गए छह महीने के बच्चों के लिए सेरेलैक गेहूं आधारित अनाज में कोई अतिरिक्त चीनी नहीं मिली, जबकि उसी उत्पाद में इथियोपिया में प्रति सर्विंग 5 ग्राम और थाईलैंड में 6 ग्राम से अधिक चीनी मिली। जांच में सामने आए निष्कर्षों के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैज्ञानिक निगेल रोलिंस ने पब्लिक आई और आईबीएफएएन को बताया, यह नेस्ले की ओर से अपनाया गया एक दोहरा मानक है जिसे उचित नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि तथ्य बताते हैं कि नेस्ले स्विट्जरलैंड में इन उत्पादों में चीनी नहीं मिलाता है, लेकिन कम संसाधन वाले देशों में वह ऐसा करके खुश है।

### बच्चों के लिए क्यों नुकसानदेह है चीनी

रिपोर्ट के अनुसार डब्ल्यूएचओ ने चेतावनी दी है कि बच्चों के शुरुआती दिनों में चीनी के संपर्क में आने से उनमें शर्करा आधारित उत्पादों के लिए जीवन भर आकर्षित रहते हैं जिससे मोटापे और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। 2022 में, ड्ड।ह्व ने शिशुओं के लिए खाद्य उत्पादों में चीनी मिलाने पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया था और उद्योगों से अपने उत्पादों में सुधार करने को कहा था।

### नेस्ले इंडिया ने रिपोर्ट पर क्या प्रतिक्रिया दी

रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए नेस्ले इंडिया के प्रवक्ता ने मीडिया से कहा है कि पिछले 5 वर्षों में, नेस्ले इंडिया ने शिशु अनाज पोर्टफोलियो में अतिरिक्त चीनी की मात्रा को 30 प्रतिशत तक कम किया है ... । प्रवक्ता ने कहा, हम नियमित रूप से अपने पोर्टफोलियो की समीक्षा करते हैं और गुणवत्ता, सुरक्षा और स्वाद से समझौता किए बिना अतिरिक्त चीनी के स्तर को कम करने के लिए अपने उत्पादों में सुधार करना जारी रखते हैं।

# अनिल अंबानी के इस शेयर में तूफानी तेजी

### 2400 प्रतिशत से ज्यादा उछला शेयर का भाव



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के शेयरों में तूफानी तेजी लौटी है। रिलायंस पावर के शेयर गुरुवार को 5 पर्सेंट की तेजी के साथ 28.71 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयर लगातार दूसरे दिन अपर सर्किट पर हैं। रिलायंस पावर के शेयरों में पिछले 4 साल में जबरदस्त उछाल आया है। कंपनी के शेयर इस अवधि में 1 रुपये से बढ़कर 28 रुपये के पार पहुंच गए हैं। रिलायंस पावर के शेयर पिछले 4 साल में 2400 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं।

### 1 रुपये से 28 रुपये के पार पहुंचे रिलायंस पावर के शेयर

रिलायंस पावर के शेयर 27 मार्च 2020 को 1.13 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 18 अप्रैल 2024 को 28.71 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 4 साल में रिलायंस पावर के शेयरों में 2441 पर्सेंट का जबरदस्त उछाल आया है। अगर किसी व्यक्ति ने 27 मार्च 2020 को रिलायंस पावर के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में इन शेयरों की वैल्यू 25.40 लाख रुपये होती।

### 1 साल में शेयरों में 132 प्रतिशत का तगड़ा उछाल

रिलायंस पावर के शेयरों में पिछले एक साल में 132 पर्सेंट का जबरदस्त उछाल आया है। कंपनी के शेयर 18 अप्रैल 2023 को 12.38 रुपये पर थे। रिलायंस पावर के शेयर 18 अप्रैल 2024 को 28.71 रुपये पर पहुंच गए हैं। वहीं, पिछले 6 महीने में रिलायंस पावर के शेयरों में 58 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर इस अवधि में 18.19 रुपये से बढ़कर 28 रुपये के पार पहुंच गए हैं। रिलायंस पावर के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 34.35 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 11.06 रुपये है। रिलायंस पावर के शेयरों में पिछले 3 साल में 513 पर्सेंट की तेजी आई है। कंपनी के शेयर 16 अप्रैल 2021 को 4.68 रुपये पर थे, जो कि अब 28.71 रुपये पर जा पहुंचे हैं।

# अबुजा सीमेंट में अदाणी परिवार का निवेश बढ़कर 20 हजार करोड़ हुआ

### हिस्सेदारी 70.3 प्रतिशत पर पहुंची



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अदाणी समूह की सीमेंट बनाने वाली कंपनी अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड ने अपने भविष्य से संबंधित बड़ा एलान किया है। कंपनी ने बताया है कि अदाणी परिवार ने कंपनी में अतिरिक्त 8,339 करोड़ रुपये के निवेश के साथ वारंट प्रोग्राम को पूरी तरह सब्सक्राइब कर लिया है। इससे कंपनी में अदाणी परिवार का कुल निवेश बढ़ककर 20,000 करोड़ हो गया है।

ताजा निवेश से अदाणी परिवार की अंबूजा सीमेंट्स में हिस्सेदारी बढ़कर 70.3 प्रतिशत हो गई। इससे पहले अदाणी परिवार ने शेयरों की हिस्सेदारी के बदले अंबुजा सीमेंट्स में 18 अक्तूबर 2022 को 5,000 करोड़ रुपये और 28 मार्च 2024 को 6,661 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

कंपनी ने बताया है कि अंबूजा सीमेंट्स में अदाणी परिवार की ओर से किया गया यह हालिया निवेश 2028 तक कंपनी की सालाना उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 140 मिलियन डॉलर करने में अहम साबित होगा। अंबुजा सीमेंट्स के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अजय ने कहा कि अदाणी परिवार की ओर से किए गए निवेश पर कहा कि इसकी घोषणा करते हुए हम रोमांचित महसूस कर रहे हैं।

यह पूंजी निवेश कंपनी को तेजी से विकसित होने के लिए पूंजीगत रूप से लचीला बनाएगा। इससे कंपनी के पूंजीगत प्रबंधन से जुड़े पहलों को लागू करने में आसानी होगी साथ ही कंपनी का बैलेंसशीट मजबूत होगा। अदाणी परिवार और अंबुजा सीमेंट्स के बीच इस लेनदेन में बार्केलेज बैंक पीएलसी, एमयूएफजी बैंक, मिजूहो बैंक और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने सलाहकार की भूमिका निभाई।

# फ्लिपकार्ट, बिगबास्केट ने ऐसा क्या कर दिया कि चुनाव आयुक्त के पास पहुंची शिकायत




**नईदिल्ली, एजेंसी।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट और टाटा समूह की इकाई बिगबास्केट के खिलाफ तमिलनाडु राज्य चुनाव आयुक्त बी कोठी निर्मलसामी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई है। इन कंपनियों ने मतदान के दिन यानी 19 अप्रैल को भी राज्य में डिलीवरी करने वाले कर्मचारियों के जरिये सामान की डिलीवरी करने की बात कही है। जबकि उस दिन मतदान होने की वजह से सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।बुधवार को तमिलनाडु राज्य चुनाव आयुक्त बी कोठी निर्मलसामी के समक्ष दायर शिकायत में चेन्नई हाईकोर्ट के वकील के नरसिम्हन ने कहा है कि राज्य सरकार की ओर से चुनाव के दिन 19 अप्रैल को छुट्टी होने की घोषणा के बावजूद फ्लिपकार्ट और बिगबास्केट ऑर्डर की गारंटीकृत डिलीवरी का वादा कर रही हैं। नरसिम्हन ने कहा कि सरकारी आदेश के अनुसार चुनावी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए 19 अप्रैल को 'नेगोशिएबल इंस्ट्रयूमेन्ट एक्ट 1881' की धारा 25 के तहत आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के श्रम कल्याण और कौशल विकास विभाग ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए दुकानों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और आईटी कंपनियों में काम करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए 19 अप्रैल को सवैतनिक अवकाश अनिवार्य कर दिया है।

शिकायत में कहा गया है, 'निर्देश के बावजूद यह हमारे संज्ञान में आया है कि फ्लिपकार्ट और बिग बास्केट जैसे ऑनलाइन डिलीवरी मंच 19 अप्रैल को डिलीवरी सेवाओं की गारंटी दे रही हैं। यह डिलीवरी कर्मियों के अधिकारों के उल्लंघन के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा करता है, खासकर उन लोगों के अधिकारों के उल्लंघन के बारे में जो इन मंचों के परिचालन के अभिन्न अंग हैं।' शिकायतकर्ता ने मतदान के दिन गारंटीकृत डिलीवरी के ई-कॉमर्स के दावों की जांच करने और सभी श्रमिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए उचित कदम उठाने की अपील की है, चाहे उनका मूल राज्य कुछ भी हो।

संपर्क करने पर फ्लिपकार्ट ने कहा कि वह केवल पात्र कर्मचारियों को सवैतनिक छुट्टियां दे रही है। फ्लिपकार्ट के प्रवक्ता ने कहा, 'फ्लिपकार्ट समूह में हम मतदान दिवस के संबंध में अधिकारियों की ओर से दिए गए सभी निर्देशों और दिशानिर्देशों का पालन कर रहे हैं। सभी पात्र कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सवैतनिक अवकाश दे रहे हैं। इसके अलावा हमने जागरूकता बढ़ाने के लिए कदम उठाए हैं और कर्मचारियों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।'

## मैं किसी से नहीं मिला: रोहित शर्मा

### टी-20 वर्ल्ड कप: रोहित शर्मा ने खारिज की टीम चयन को लेकर बैठक की खबरें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में एक रिपोर्ट सामने आई थी कि कुछ दिनों पहले टी20 विश्व कप की टीम के चयन को लेकर भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़, मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा ने एक मीटिंग की थी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ टी20 विश्व कप के रोडमैप को लेकर चल रही खबरों को खारिज कर दिया है। हाल ही में एक रिपोर्ट सामने आई थी कि कुछ दिनों पहले टी20 विश्व कप की टीम के चयन को लेकर भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़, मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा ने एक मीटिंग की थी। टी20 विश्व कप का आयोजन आईपीएल 2024 सीजन के बाद जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होना है।



### दो मुख्य मुद्दों को लेकर हुई थी चर्चा

मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया था कि रोहित, अगरकर और द्रविड़ के बीच बैठक के दौरान दो मुख्य मुद्दों को लेकर चर्चा हुई थी। पहली यह कि हार्दिक पांड्या को टी20 विश्व कप टीम में जगह पुख्ता करने के लिए आईपीएल में अधिक गेंदबाजी करनी होगी। वहीं, विराट कोहली को रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग के तौर पर उतारने को लेकर भी चर्चा की गई थी। इन रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा था कि चयनकर्ता रोहित शर्मा के साथ विराट कोहली को ओपनिंग कराने पर भी विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति कोहली को बतौर ओपनर टीम में शामिल करना चाहती है। इसको लेकर मीटिंग में काफी देर तक चर्चा हुई।

### रोहित ने इन रिपोर्ट्स को बताया फेक न्यूज

रोहित शर्मा ने हालांकि ऐसी किसी भी बैठक से इनकार किया है और उन्होंने इन रिपोर्ट्स को फेक न्यूज करार दिया है। रोहित ने बताया कि उनकी किसी से भी मुलाकात नहीं हुई है। रोहित ने साथ ही फैंस को तब तक ऐसी किसी खबर से बचने के लिए कहा जब तक कि इस बारे में वे उनसे, अगरकर या बीसीसीआई से कोई आधिकारिक बयान ना सुन लें। रोहित ने माइकल वॉन और एडम गिलक्रिस्ट के साथ एक पॉडकास्ट में कहा, मैं किसी से भी नहीं मिला। अजित अगरकर दुबई में कहीं हैं और गोल्फ खेल रहे हैं। द्रविड़ बेंगलुरु में अपने बच्चों को खेलते हुए देख रहे हैं। द्रविड़ मुंबई आए थे, लेकिन वह बस अपने बेटे को सीसीआई में लाल मिट्टी की विकेट पर खिलाने लाए थे।

### कोहली और हार्दिक पर रखी जा रही है निगरानी

आशा की जा रही है कि बीसीसीआई कुछ ही सप्ताह में टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम घोषित करेगा। खिलाड़ियों के लिए इस लिहाज से सभी आईपीएल मुकाबले काफी महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं और इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल होने के कई दावेदार हैं। एक महीने पहले तक कोहली के 15 सदस्यीय टीम में शामिल होने को लेकर भी सवाल उठ रहे थे।

### कोहली को लेकर लंबे समय से चल रहा है संशय

टी20 विश्व कप के लिए टीम में कोहली के स्थान को लेकर पिछले काफी समय से चर्चा हो रही है। आईपीएल शुरू होने से पहले कुछ रिपोर्ट्स में यह बात भी सामने आई थी कि अगरकर उन्हें टीम से बाहर करने पर विचार कर रहे हैं और उन्हें किसी युवा खिलाड़ी के लिए अपना स्थान खाली करने को बोल रहे हैं। हालांकि, अब जब विराट मौजूदा आईपीएल में ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं तो चयनकर्ताओं का मन बदला है और वह विराट को नए रोल में टीम में शामिल करने पर विचार कर रहे हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

## गुजरात के खिलाफ मैच के दौरान कुलदीप ने खोया आपा

### साथी खिलाड़ी पर चिल्लाए

**अहमदाबाद, एजेंसी।** इस मैच में दिल्ली के गेंदबाजों ने घातक प्रदर्शन किया और 89 रन के स्कोर पर गुजरात को ऑलआउट कर दिया। इसके जवाब में दिल्ली ने 67 गेंदों के शेष रहते हुए छह विकेट से लक्ष्य हासिल कर लिया। गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए लो स्कोरिंग मैच में दिल्ली ने जीत दर्ज की। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को छह विकेट से करारी शिकस्त देकर अंक तालिका में छठा स्थान हासिल कर लिया। वहीं, गुजरात की टीम सातवें स्थान पर



पहुंच गई है। मैच के दौरान हालांकि दिल्ली के चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव अपना आपा खो बैठे और साथी खिलाड़ी मुकेश कुमार पर चिल्लाते नजर आए। हालांकि टीम के कप्तान ऋषभ पंत इस दौरान कुलदीप को शांत कराते नजर आए। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**दिल्ली के गेंदबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन-** इस मैच में दिल्ली के गेंदबाजों ने घातक प्रदर्शन किया और 89 रन के स्कोर पर गुजरात को ऑलआउट कर दिया। इसके जवाब में दिल्ली ने 67 गेंदों के शेष रहते हुए छह विकेट से लक्ष्य हासिल कर लिया। गुजरात के बल्लेबाज दिल्ली के खिलाफ संघर्ष करते नजर आए और नंबर आठ पर उतरे राशिद खान के अलावा कोई भी बल्लेबाज 15 रन का आंकड़ा भी नहीं छू पाया। दिल्ली के लिए मुकेश कुमार ने तीन विकेट चटकाए। वहीं, ईशांत शर्मा और ट्रिस्टन स्टब्स ने दो-दो विकेट लिए, जबकि खलील अहमद और अक्षर पटेल को एक-एक विकेट मिला।

**थ्रो फेंकने पर मुकेश से नाराज हुए कुलदीप** मैच के एक दौरान जब कुलदीप गेंदबाजी कर रहे थे तब उनके ओवर में मुकेश ने उनकी तरफ थ्रो फेंका, जिस पर कुलदीप गुस्सा हुए और कहने लगे, पागल वागल है क्या।

## टी20 विश्व कप में ऋषभ पंत को भारत का विकेटकीपर-बल्लेबाज होना चाहिए: ब्रॉड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 2024 टी20 विश्व कप टीम के लिए टीमों का ऐलान होने की आखिरी तारीख से पहले इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के दौरान अच्छा प्रदर्शन कर रहे कई युवा और सीनियर भारतीय खिलाड़ियों के नाम चर्चा का विषय बने हुए हैं. उनमें से एक है विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत हैं. दिसंबर 2022 में एक



घातक कार दुर्घटना के बाद 14 महीने तक क्रिकेट से दूर रहने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ने इस साल आईपीएल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की. पंत ने डीसी के पहले छह मैचों में 157.72 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 194 रन बनाए जिसमें दो अर्धशतक बनाए हैं. पंत के प्रदर्शन को देखते हुए इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि जब टीम जून में टी20 विश्व कप में वापसी करेगी तो पंत को भारत का विकेटकीपर-बल्लेबाज होना चाहिए. ब्रॉड ने कहा कि सीज़न शुरू होने पर उन्हें पंत की फिटनेस पर संदेह था, लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच के दौरान बल्लेबाज के एक स्पेशल शॉट को देखने के बाद ये खत्म हो गया. ब्रॉड ने बताया, भारतीय टीम के चयन को लेकर थोड़ा विवाद है. उस टीम में आपके कुछ खिलाड़ी लंबित हैं. शायद ऋषभ पंत ही वो शख्स हैं जिनके बारे में काफी चर्चा हो रही है.

### चामरी अट्टापट्टू ने बेहतरीन पारी खेल श्रीलंका को दिलाई ऐतिहासिक जीत

## टूटे कई रिकॉर्ड



**पोचेफस्ट्रूम, एजेंसी।** श्रीलंका की महिला टीम की कप्तान चामरी अट्टापट्टू ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए तीसरे वनडे मुकाबले में 195 रनों की रिकॉर्ड पारी खेल टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। चामरी की इस रिकॉर्ड पारी की मदद से श्रीलंका ने महिला वनडे इतिहास का सबसे सफल रन रेज किया। चामरी की पारी के दम पर श्रीलंका ने दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबर की।

**महिला वनडे में 300 से ज्यादा का लक्ष्य चेज करने वाली पहली टीम बनी श्रीलंका-** श्रीलंका की टीम महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास में 300 से अधिक रन का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल करने वाली पहली टीम बन गई है। उसने इस दौरान ऑस्ट्रेलिया का 12 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा जिसने 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 289 रनों का लक्ष्य प्राप्त किया था। इससे पहले महिला वनडे क्रिकेट में सबसे सफल लक्ष्य प्राप्त का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम ही था।

### वोलवार्ट की पारी से दक्षिण अफ्रीका ने दिया था मजबूत लक्ष्य

इससे पहले, श्रीलंका की कप्तान चामरी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया, लेकिन दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोलवार्ट ने 147 गेंदों पर 23 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 184 रनों की पारी खेली। महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में यह किसी खिलाड़ी का पांचवां निजी सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। दक्षिण अफ्रीका ने वोलवार्ट की पारी के दम पर 50 ओवर में पांच विकेट पर 301 रन बनाए। हालांकि, चामरी की पारी वोलवार्ट पर भारी पड़ गई। चामरी ने 139 गेंदों की अपनी पारी में 26 चौके और पांच छक्के जड़े और उनकी कप्तानी पारी के दम पर ही श्रीलंका ने 44.3 ओवर में ही चार विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

### चेज करते हुए दूसरा सर्वश्रेष्ठ निजी स्कोर

श्रीलंका कप्तान चामरी के नाम एक और रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। वह पुरुष और महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में चेज करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2011 में 185* रनों की पारी खेली थी। उनसे आगे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल हैं जिन्होंने पिछले साल वनडे विश्व कप के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ चेज करते हुए नाबाद 201 रन बनाए थे। चामरी महिला क्रिकेट में लक्ष्य का पीछा करते हुए सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं, उन्होंने इस मामले में मेग लैनिंग को पीछा छोड़ा जिन्होंने नाबाद 152 रन बनाए थे।

### पहली बार दोनों कप्तानों के बल्ले से निकले 175+ रन

यह पहला मौका है जब वनडे क्रिकेट में एक ही मैच में दोनों टीमों के कप्तानों के बल्ले से 175 से ज्यादा रन निकले हैं। इस मैच में वोलवार्ट ने नाबाद 184 रन और अट्टापट्टू ने नाबाद 195 रनों की पारी खेली। दोनों खिलाड़ियों ने मिलाकर कुल 379 रन बनाए जो वनडे क्रिकेट में कप्तानों द्वारा सर्वाधिक कुल स्कोर है। इस मामले में चामरी और वोलवार्ट ने विराट कोहली और एंजेलो मैथ्यूज को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2014 में मिलकर 278 रन बनाए थे। उस मैच में विराट कोहली ने नाबाद 139 रन बनाए थे, जबकि मैथ्यूज के बल्ले से भी इतने ही रन निकले थे।

**एक से अधिक बार 175+ रन बनाने वाली खिलाड़ी बनीं-** चामरी ऐसी पहली खिलाड़ी हैं जिन्होंने महिला वनडे क्रिकेट में एक से अधिक बार 175 से ज्यादा स्कोर बनाया है।



## धोनी अगले साल का आईपीएल भी खेल सकते हैं

### कमेंटरी के दौरान एंकर के सवाल पर रैना ने किया दावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुरेश रैना धोनी के साथ टीम इंडिया और आईपीएल में चेन्नई के लिए खेल चुके हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी अगले आईपीएल में भी खेल सकते हैं। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने जियो सिनेमा के एक कार्यक्रम में यह दावा किया है। 14 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ धोनी ने वानखेड़े स्टेडियम तीन छक्के लगाए थे। इस मैच के बाद हुए डिस्कशन प्रोग्राम में एंकर ने धोनी के आगे खेलने पर सवाल किया था। एंकर ने सबसे पहले सवाल कार्यक्रम में मौजूद पूर्व फास्ट बॉलर आरपी सिंह से यह सवाल किया था। इस पर सिंह ने कहा- इसका बेहतर जवाब रैना दे पाएंगे। धोनी और रैना आईपीएल में भी चेन्नई के लिए एक साथ खेल चुके हैं।

**धोनी की रिटायरमेंट को लेकर 2023 से अटकलें-** धोनी 42 साल के हो गए हैं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से साल 2020 में 15 अगस्त को संन्यास ले चुके हैं। उनके रिटायरमेंट की अटकलें 2023 से ही लगाई जा रही है। ऐसा माना जा रहा था कि साल 2023 धोनी का आखिरी साल होगा, पर उन्होंने उन्होंने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान टॉस के बाद कमेंटेटर डैनी मॉरिसन ने धोनी से सवाल किया कि आप अपने आखिरी सीजन का आनंद ले रहे हैं? धोनी ने इसका जवाब देते हुए कहा, कि आपने फैसला किया है कि यह मेरा आखिरी आईपीएल है। इसके बाद धोनी हंसने लगे। मॉरिसन ने कहा कि धोनी अगले साल भी खेलते नजर आएंगे।

### धोनी ने मुंबई के खिलाफ आखिरी चार गेंदों पर बनाए थे 20 रन

वहीं महेंद्र सिंह धोनी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुंबई में खेले गए मैच में आखिरी चार गेंदों पर 20 रन बनाए थे। उन्होंने लगातार तीन गेंदों छक्के जड़े और एक गेंद पर 2 रन लिए। वहीं उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में भी धोनी ने 16 गेंदों में 37 रन बनाए, जिसमें चार चौके और 3 छक्के शामिल हैं। वहीं इस सीजन में चार मैंचों में उन्हें निचले क्रम में बैटिंग का मौका मिला और उन्होंने 59 रन बनाए।

## सिर्फ 53 गेंदों में हार के बाद तिलमिला गए शुभमन गिल, गुजरात टाइटंस के कप्तान ने किसे बताया विलेन



अहमदाबाद, एजेंसी। आईपीएल 2024 के 32वें मैच में ईशांत शर्मा और मुकेश कुमार की कातिलाना गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस को महज 89 रन पर समेटने के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने 8.5 ओवर में चार विकेट पर 92 रन बनाकर जबरदस्त जीत दर्ज की। गुजरात की पारी में विकेट के पीछे दो कैच और दो स्टंपिग करने के अलावा दिल्ली के रन चेज में 16 नाबाद रन बनाने वाले ऋषभ पंत को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। उनके अलावा दिल्ली की ओर से जैक-फ्रेजर मैकगर्क ने 20, शाई होप ने 19 और अभिषेक पोरेल ने 15 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। ओपनर पृथ्वी शॉ सात रन बनाकर जल्दी आउट हो गये। सुमित कुमार (9) ने पंत के साथ पांचवें विकेट के लिए नाबाद 25 रनों की साझेदारी की।

**शर्मनाक हार से गुजरात टाइटंस को नुकसान, दिल्ली की पॉइंट्स टेबल में दहाड़-** इस जीत से साथ ही दिल्ली पॉइंट्स टेबल में गुजरात से ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गई है। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के सबसे कम स्कोर पर अपनी टीम के आउट होने के बाद अपनी निराशा को छिपाने का कोई प्रयास नहीं किया। गुजरात टाइटंस की टीम 17.3 ओवर में 89 रन पर आउट हो गई। यह टूर्नामेंट में गुजरात टाइटंस का सबसे कम स्कोर भी था। उनके जख्मों पर नमक छिड़कते हुए डीसी ने छह विकेट खोकर केवल 8.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

## 16 साल का हुआ आईपीएल... ब्रेंडन मैक्कुलम बने थे शतकवीर



### बेंगलुरु टीम को बनाया फिसड्डी

नईदिल्ली, एजेंसी। क्रिकेट जगत के लिए 18 अप्रैल का दिन बेहद खास है. इसी दिन फैन्स को इंडियन प्रीमियर लीग जैसा एक शानदार टूर्नामेंट मिला. आईपीएल का आगाज 2008 में हुआ था. यह पहला सीजन शेन वॉर्न की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स ने जीता था. (18 अप्रैल) 16 साल का हो गया है. लीग के इतिहास का पहला मैच 2008 में आज ही के दिन बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया था. यह मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच हुआ था.

**कोलकाता ने आरसीबी को 140 रनों से हराया-** उस सीजन में कोलकाता टीम की कप्तानी सौरव गांगुली के हाथों में थी. जबकि आरसीबी की कमान राहुल द्रविड़ संभाल रहे थे. इस पहले ही मुकाबले में आरसीबी टीम फिसड्डी सी नजर आई थी. केकेआर ने इस मैच में 3 विकेट पर 222 रन बनाए थे. जबकि आरसीबी को 15.1 ओवर में 82 रनों पर ही ढेर कर दिया था. इस तरह केकेआर ने यह मैच 140 रनों से जीता था.

पहले ही मैच में केकेआर के ओपनर ब्रेंडन मैक्कुलम ने महज 73 गेंदों में नाबाद 158 रनों की धुआंधार पारी खेली थी.

### पहले सीजन में राजस्थान टीम बनी थी चैम्पियन

आईपीएल का पहला सीजन राजस्थान रॉयल्स ने जीता था. ऑस्ट्रेलिया के दिवंगत स्पिनर शेन वॉर्न ने अपनी कप्तानी में राजस्थान टीम को यह खिताब जिताया था. राजस्थान रॉयल्स ने फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स को 3 विकेट से करारी शिकस्त दी थी. तब भी चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी महेंद्र सिंह धोनी के हाथों में थी. टूर्नामेंट की धमाकेदार शुरुआत ने क्रिकेट फैन्स को इस फॉर्मेट का दीवाना बना दिया.

### शिवम दुबे वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने के हकदार, लेकिन...

## एबी डिविलियर्स ने बताई दिक्कत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स भी शिवम दुबे को टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में मौका देने की वकालत कर रहे हैं. यह युवा बल्लेबाज इस सीजन आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अहम रोल अदा कर रहा है. यह लेफ्टहैंड बल्लेबाज इस टीम के लिए अब तक खेले 6 मैचों में ही कई अहम पारियां खेल चुका है और वह खुलकर अपना खेल खेल रहे हैं. उन्हें इस बार मिडल ऑर्डर पॉजिशन पर बैटिंग का मौका मिल रहा है और वह पारी को संभालने से लेकर मैच फिनिशर तक का रोल निभा रहे हैं.

इस युवा बल्लेबाज ने इस सीजन अब तक 6 मैचों में 242 रन बनाए हैं और वह 163.51 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे हैं. उनके इस खेल की तारीफ साउथ अफ्रीका और ऋष्क के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी की है. उन्होंने कहा कि यह युवा खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप टीम में अपनी जगह बनाने के लिए मजबूती से अपना दावा पेश कर रहा है.



## शादीशुदा हैं सुखविंदर सिंह! बोले-

# बगैर उत्सव के भी विवाह होते हैं

## गायक के बयान से मची हलचल

बॉलीवुड हिट गानों को अपनी आवाज देने वाले अनुभवी गायक और संगीतकार सुखविंदर सिंह आज भी अपनी गायकी से लोगों की खूब तारीफें बटोरते हैं। हालांकि, गायक अब एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं, लेकिन इस बार वजह उनका कोई गाना नहीं बल्कि निजी जिंदगी है। सुखविंदर सिंह ने हाल ही में, खुलासा किया है कि वह अकेले नहीं हैं और उनकी जिंदगी में कोई खास है। हिंदी सिनेमा में अपनी आवाज का जादू बिखेरने वाले सिंगर सुखविंदर सिंह ने हमेशा अपनी निजी जिंदगी को काफी निजी रखा है। फैंस को भी अभी तक यही लगता था कि सुखविंदर सिंह अविवाहित हैं, लेकिन गायक के इस बयान ने प्रशंसकों के बीच भी काफी हलचल मचा दी है। दरअसल, सुखविंदर सिंह ने एक इंटरव्यू में कहा कि उनका मानना है कि लोग बिना बड़े जश्न के भी शादी कर लेते हैं। गायक ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा, जरूरी नहीं है कि जिनके बड़े जश्न नहीं होते हैं, वे शादी नहीं करते! करते हैं ना ऐसे कई सेलिब्रिटीज हैं, जो शादी कर लेते हैं, लेकिन किसी को पता नहीं चलता क्योंकि वे नहीं चाहते कि इसकी खबर बने। कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं जो संवेदनशील होते हैं, ऐसा रिश्ता नहीं है कि आपने गुनाह किया है, जो इसे छुपाकर रखा जाए। गायक ने यह भी खुलासा किया कि वह अपने रिश्ते के बारे में हमेशा चुप क्यों रहते हैं। उन्होंने कहा, गोपनीयता है मेरी बस। छुपाने वाला इसमें कुछ नहीं है। अगर किसी कलाकार को कोई ऐसा व्यक्ति मिल जाए जो उनकी सोच को स्वतंत्र रखता है, तो ऐसा रिश्ता हमेशा के लिए रहता है। कलाकार बहुत अजीब लोग होते हैं। सुखविंदर सिंह ने आगे कहा, मुझे रिश्तों को लाइमलाइट में डालने का शौक नहीं है। अगर कोई चाहता है, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है, यह दोनों स्थितियों में अपराध नहीं है।

## गर्भवती होने के बावजूद सिंघम अगेन की शूटिंग पर पहुँची दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण ने कुछ समय पहले इंस्टाग्राम पर प्रेग्नेंसी को आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक किया था। अब सोशल मीडिया पर 'सिंघम अगेन' के सेट से उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। सेट से सामने आई तस्वीरों में अभिनेत्री पुलिस की वर्दी में दिख रही हैं।



दावा किया जा रहा है कि वह फिल्म में एक्शन सीन करते हुए दिखाई देंगी। सामने आई तस्वीरों में अभिनेत्री पुलिस की वर्दी में हैं। उनके चारों ओर जो कलाकार हैं वो गुंडों की वेशभूषा में है। इससे फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि वो एक एक्शन सीन कर रही हैं। फैंस यह भी दावा कर रहे हैं कि शूट के दौरान उनका बेबी बंप भी दिख रहा है। यह तस्वीरें दीपिका पादुकोण के एक फैन पेज से साझा की गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दीपिका की सुरक्षा के लिए उनकी बॉडी डबल भी वहां मौजूद थी। कहा जा रहा है कि दीपिका के एक्शन सीन उनकी बॉडी डबल ही कर रही हैं, ताकि गर्भवती स्टार को किसी तरह की परेशानी ना हो। 'सिंघम अगेन' में दीपिका पहली बार पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगी। फिल्म में दीपिका लेडी सिंघम पुलिस अधिकारी 'शक्ति शेट्टी' के किरदार में दिखेंगी। फिल्म में अजय देवगन, रणवीर सिंह, करीना कपूर खान, अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे।



## रजनीकांत की वेट्टियान में खलनायक की भूमिका में नजर आएगा भल्लाल देव

दक्षिण भारत के सुपर सितारे रजनीकांत का 72 साल की उम्र में भी जलवा कम नहीं हुआ है। तमिल फिल्मों की दुनिया में आज भी रजनीकांत से बड़ा दूसरा कोई सितारा नहीं हैं। गत वर्ष प्रदर्शित हुई उनकी फिल्म जेलर ने जिस तरह से कामयाबी पायी वह अन्य सितारों को आश्चर्यचकित कर गई। इस फिल्म ने दुनियाभर से 700 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की। जेलर के बाद रजनीकांत इन दिनों अपनी अगली फिल्मों को लेकर खासी चर्चाओं में

बताया जा रहा है कि रजनीकांत इन दिनों दो फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। इनमें से एक फिल्म जय भीम देने वाले निर्देशक टीजे ज्ञानवेल की वेट्टियान है। इस फिल्म को लेकर तमिल सिनेमा में लगातार बज बना हुआ है। जिसमें सुपरस्टार रजनीकांत धमाकेदार अवतार में नजर आएंगे। इस फिल्म को लेकर चर्चा है कि निर्माताओं ने रजनीकांत की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म के लिए खलनायक की खोज पूरी कर ली है। यह विलेन कोई और नहीं बल्किबाहुबली का भल्लालदेव यानी राणा दग्गुबाती है। हालांकि अभी तक निर्माताओं की ओर से आधिकारिक तौर पर ऐलान नहीं किया गया है। मगर तमिल सिनेमा के गलियारों में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि रजनीकांत की इस फिल्म में राणा दग्गुबाती की एंट्री होने वाली है।

फिल्म की कहानी क्रिमिनल एक्टिविटीज की थीम पर बुनी हुई है। जो एजुकेशन सिस्टम को कैसे बर्बाद करता है। इसमें राणा दग्गुबाती का किरदार एक ऐसे विलेन का होगा जो गैजेट्स लवर है और मॉर्डन टेक्नोलॉजी का मिसयूज करता है। फिल्म में रजनीकांत एक बार फिर पुलिस अधिकारी के किरदार में दिखाई देंगे। यह फिल्म इसी साल अक्टूबर 2024 तक सिल्वर स्क्रीन पहुंचने की तैयारी में हैं। इसमें रजनीकांत के साथ अमिताभ बच्चन भी नजर आने वाले हैं। इससे पहले इन दोनों ने अपने समय में आखिरी बार गिरफ्तार में स्क्रीन्स शेयर किया था।

गिरफ्तार में कमल हासन ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी। वो फिल्म में अमिताभ के छोटे भाई बने थे।

अमूमन एक वक्त पर एक ही फिल्म पर काम करने वाले रजनीकांत नेवेट्टियान के साथ ही निर्देशक लोकेश कनगराज की अगली फिल्म को लेकर भी हाथ मिला लिया है। उनकी अगली फिल्म थलाइवा 171 के टाइटल का खुलासा जल्दी ही होने वाला है। इस फिल्म का मेकर्स एक जबरदस्त फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर चुके हैं।



## थलाइवा 171 में नजर आ सकती हैं श्रुति हासन

रजनीकांत के साथ पहली बार काम करेंगे लोकेश कनगराज दो वर्ष पूर्व कमल हासन को लेकर सिने दर्शकों को विक्रम देने वाले निर्देशक लोकेश कनगराज इन दिनों अपनी अगली फिल्म को लेकर खासी चर्चाओं में हैं।

इस फिल्म की चर्चाओं को एक कारण जहाँ स्वयं लोकेश कनगराज हैं वहीं दूसरी ओर इस फिल्म की चर्चाओं का मुख्य कारण इस फिल्म के मुख्य सितारे रजनीकांत हैं, जिनके साथ कनगराज की यह पहली फिल्म है। अभी तक इस फिल्म का कोई शीर्षक तय नहीं किया गया है, फिलहाल इसे थलाइवा 171 के नाम से जाना जा रहा है। बताया जा रहा है कि निर्माताओं द्वारा इस फिल्म का शीर्षक 22 अप्रैल को घोषित किया जाएगा।

तमिल सहित इस फिल्म की चर्चा उत्तर भारत की मीडिया और सोशल मीडिया पर भी जमकर हो रही है। अब थलाइवा 171 को लेकर एक और जानकारी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि लोकेश कनगराज ने अपनी इस फिल्म में श्रुति हासन को मुख्य भूमिका निभाने के लिए साइन कर लिया है। श्रुति हासन ने कुछ वक्त पहले ही निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ एक सुपरहिट म्यूजिक वीडियो लॉन्च किया था। जिसमें लोकेश कनगराज मेन एक्टर बने थे। इस म्यूजिक वीडियो में दोनों की ही जोड़ी दर्शकों को काफी पसंद आई है।

खबर है कि श्रुति हासन से निर्देशक लोकेश कनगराज खासा इंप्रेस हैं। ऐसे में वो उन्हें रजनीकांत स्टारर अपनी अगली फिल्म में लीड एक्ट्रेस के तौर पर साइन कर रहे हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या रजनीकांत अपने दोस्त कमल हासन की बेटी श्रुति हासन के साथ निर्देशक लोकेश कनगराज की इस मूवी में रोमांटिक जोड़ी में नजर आएंगे या फिर दोनों के किरदार एक दूसरे के अपोजिट किसी और अवतार में दिखेंगे।

एक मीडिया रिपोर्ट की मानें तो श्रुति हासन इस मूवी में सुपरस्टार रजनीकांत की बेटी का किरदार निभाने वाली हैं। यही नहीं, चर्चा है कि सुपरस्टार रजनीकांत की अपकमिंग मूवीथलाइवा 171 में तेलुगु एक्टर सत्यराज भी नजर आने वाले हैं। बाहुबली के कट्प्पा को इस फिल्म में एक दिलचस्प किरदार के लिए साइन किया गया है। हालांकि अभी ये रिपोर्ट्स आधिकारिक नहीं हैं। हमें फिल्ममेकर्स की ओर से इन रिपोर्ट्स के आधिकारिक ऐलान का इंतजार है।



## खलनायक 2 की रेस में रणबीर कपूर रणवीर सिंह, यश और अल्लू अर्जुन

सुभाष घई नेखलनायक 2 की स्क्रिप्टिंग पूरी कर ली है। निर्देशक, जिन्होंने तीन दशक पहले संजय दत्त के साथखलनायक बनाई थी, बल्लू बलराम की भूमिका निभाने के लिए कुछ लोकप्रिय युवा अभिनेताओं के साथ भी बातचीत कर रहे हैं। निर्देशक सुभाष घई ने फिल्म की स्क्रिप्टिंग पहले ही पूरी कर ली है। हालांकि इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है कि 1993 की फिल्म के सीक्वल में संजय दत्त को वापस लाया जाएगा या नहीं, घई बल्लू बलराम की भूमिका के लिए एक युवा और गतिशील अभिनेता को लेने की उम्मीद कर रहे हैं। दरअसल, साउथ के पॉपुलर एक्टर भी उनकी लिस्ट में हैं। सुभाष घई बल्लू बलराम के किरदार के लिए रणवीर सिंह और रणबीर कपूर जैसे अभिनेताओं से संपर्क करना चाहते हैं। दरअसल, वह सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं हैं। अल्लू अर्जुन और यश भी उनकी लिस्ट में हैं और वह उनसे भी संपर्क करना चाहते हैं, वह बस कोई ऐसा व्यक्ति चाहते हैं जो बल्लू बलराम की विरासत को आगे ले जा सके। खलनायक में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ और अनुपम खेर थे। पिछले साल फिल्म की 30वीं सालगिरह मनाने के लिए कलाकार एक साथ आए थे। यह फिल्म रिलीज होते ही विवादों से घिर गई थी। फिल्म का गाना,चोली के पीछे क्या है, एक बड़ा हिट था और इसे 2024 की फिल्म,क्रू में दोहराया गया था।

## सिंघम अगेन में डांस नंबर कर सकती है करीना



भारतीय सिनेमा की चर्चित फ्रेंचाइजी सिंघम की अगली फिल्म सिंघम अगेन आने वाली है। इस फिल्म की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। लंबे ब्रेक के बाद रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की इस अगली फिल्म के साथ आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

साथ ही अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी होंगें। इनके अलावा दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। इस फिल्म में एक डांस नंबर भी जोड़ा गया है। फिल्म सिंघम अगेन का डांस नंबर करीना कपूर कर रही हैं। खबर है कि अभिनेत्री ने मुंबई में आज इस हॉट डांस नंबर की शूटिंग की है। इस स्पेशल नंबर में वह टाइगर श्रॉफ और अजय देवगन के साथ नजर आएंगी। करीना कपूर इन दिनों फिल्म क्रू के चलते छाई हुई हैं।

### सलमान संग काम करने पर बोले अरबाज

## हम साथ रहते हैं, लेकिन एक-दूसरे के बारे में सब नहीं जानते हैं




बॉलीवुड के दबंग अभिनेता सलमान खान अक्सर चर्चा में रहते हैं। सलमान खान के व्यक्तिगत रिश्ते चाहे जैसे भी रहे हो पर वह अपने परिवार को लेकर काफी संवेदनशील नजर आते हैं। अरबाज खान ने अपने भाई सलमान खान के साथ काम करने के बारे में बात की और कहा कि भले ही वे साथ रहते हैं, लेकिन एक-दूसरे की सीमाओं का सम्मान करते हैं। एक नए इंटरव्यू में अरबाज ने कहा कि सलमान उनकी जिंदगी के बारे में सब कुछ नहीं जानते और न ही वह सलमान की जिंदगी के हर पहलू पर नजर रखते हैं। अरबाज ने कहा कि लोगों की धारणा है कि खान परिवार में हर कोई अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में कुछ भी करते समय पूरी तरह से जागरूक होते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। उन्होंने आगे साझा किया, मुझे लगता है कि हममें से ज्यादातर लोग बहुत निजी जीवन जीते हैं। हम सब साथ रहते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है कि सलमान मेरे बारे में सब कुछ जानते हैं या मैं सलमान के बारे में सब कुछ जानता हूं और ये जरूरी नहीं कि हम एक दूसरे के बारे में सब कुछ जानते हों क्योंकि जब आपका अपना भाई हो तब भी उसकी निजी जिंदगी निजी होती है।

## आयशा खान को गाने के शूट से एक दिन पहले कर दिया गया था रिप्लेस

'बिग बॉस 17' में बतौर वाइल्ड कार्ड एंट्री लेने वाली अभिनेत्री आयशा खान ने एक चौकाने वाला खुलासा किया है। हाल ही में अभिनेत्री का नया गाना 'खाली बोतल' यूट्यूब पर रिलीज हुआ है। 'बिग बॉस 17' फेम आयशा खान का नया गाना 'खाली बोतल' यूट्यूब पर रिलीज हो चुका है। गाने को यूट्यूब पर अब तक लाखों व्यूज मिल चुके हैं। इस गाने में आयशा के साथ उनके दोस्त अभिषेक भी हैं। हाल ही में गाने के प्रमोशन के लिए दोनों ने एक साक्षात्कार दिया था। इस साक्षात्कार में आयशा ने हैरान करने वाला खुलासा किया। अभिनेत्री ने बताया कि कैसे एक गाना शूट करने के लिए उन्होंने अपनी बोर्ड की परीक्षा छोड़ने का निर्णय ले लिया था, लेकिन इसका अंत काफी दु:खद रहा। आयशा और अभिषेक की ऑफ स्क्रीन केमिस्ट्री काफी अच्छी है। फैंस उनकी दोस्ती को बहुत पसंद करते हैं।



## आमिर के डीपफेक वीडियो के मामले में पुलिस का एक्शन

### अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दर्ज की एफआईआर



आमिर इन दिनों अपने वायरल डीपफेक वीडियो के कारण सुर्खियां बटोर रहे हैं। डीपफेक वीडियो एक राजनीतिक दल का विज्ञापन अभियान था, जिसमें वे राजनीतिक पार्टी का प्रचार करते हुए नजर आ रहे थे। हाल ही में अभिनेता के आधिकारिक प्रवक्ता ने इस वीडियो के खिलाफ बयान जारी किया था और पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। वहीं अब ताजा जानकारी सामने आई है कि मुंबई पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की है। आमिर खान का एक राजनीतिक पार्टी को प्रमोट करने वाला डीपफेक वीडियो वायरल होने के बाद मुंबई पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। खबर है कि अभिनेता के ऑफिस की ओर से खार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया गया है।

- साभार एजेंसी